सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
13.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 181



12 तापसी की फिर आयी हसीन दिलरुबा का पोस्टर रिलीज

## न्यूज डायरी

### रामसेतु पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की मांग वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्र सरकार को फरवरी के पहले सप्ताह तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद डॉ स्वामी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद सरकार को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया।

### जयंती पर सीएम ने विवेकानंद को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महान विचारक और दार्शनिक तथा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। सीएम ने कहा कि उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भी सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दीं।

### देश की रक्षा में हर स्थिति से निपटने को तैयार : सेनाध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** सेना दिवस से पहले सेनाध्यक्ष मनोज पांडे ने साल की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारे जवान देश की सुरक्षा में हर स्थिति से निपटने को तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि पड़ोसी चीन से सटी सीमा पर हालात फिलहाल स्थिर हैं।

### हाईवा ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**कोडरमा।** जिले के नवलसाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर के पास गुरुवार को हाईवा ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान मो. साबिर अंसारी (28) निवासी ग्राम नवलशाही के रूप में हुई है। कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गैस सिलिंडर फटने से छह परिजनों की मौत

**पानीपत।** हरियाणा में पानीपत के बिचपड़ी चौक इलाके में गुरुवार सुबह खाना बनाते समय रसोई में गैस सिलिंडर फटने से लगी आग की चपेट में आकर पति-पत्नी और उनके चार बच्चों की जिंदा जलने से मौत हो गयी। सिलिंडर में लीकेज के चलते आग लग गयी और ये हादसा हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बचने का कोई मौका नहीं मिल सका।

### पत्थर से कूचकर पहाड़िया महिला की हत्या

**दुमका।** नक्सल प्रभावित रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेडबोडाचापड़ गांव के बहियार में एक महिला का शव मिलने से गुरूवार को सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप छानबनी में जुट गई है। मृतक महिला की शिनाख्त 40 वर्षीय पहाड़ियां महिला बसंती गृही के रूप में हुई। मृतक महिला का ससुराल गोड्डा जिला है। वह अपने पति से की वर्षो से अलग अपने मायके रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेडबोडाचापड गांव में अपने माता पिता के साथ रह रहती थी।

### गुमला में सेना के जवान की हत्या

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा जामटोली में बुधवार की देर रात चार-पांच अज्ञात अपराधियों ने आर्मी जवान परना उरांव पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में आर्मी जवान की ही मौत हो गयी। वह छुट्टी में घर आये थे। वहीं पत्नी बुद्धेश्वरी देवी गंभीर रूप से घायल हैं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# हिंदुओं को भी मिले अल्पसंख्यक का दर्जा

## केंद्र को 24 राज्यों ने भेजे सुझाव, दी अपनी-अपनी राय

### झारखंड समेत छह राज्यों के सुझाव का इंतजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हिंदुओं को राज्यों में उनकी अल्प आबादी के हिसाब से अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग पर राज्य सरकारों की राय एक-दूसरे से अलग हैं। केंद्र सरकार को 24 राज्यों सरकारों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने सुझाव सौंप दिये हैं। इन सुझावों के साथ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। साथ ही सूचित किया है कि 6 राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों को सुझाव भेजने के लिए पिछले 21 दिसंबर को रिमाइंडर भेजा गया।

**किस राज्य के क्या हैं सुझाव** :अधिकतर राज्यों ने अल्पसंख्यक का दर्जा देने का अधिकार राज्यों को दिये जाने की वकालत की है, जबकि कुछ ने इस पर निर्णय लेने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर छोड़ दी है। बाकियों की राय है कि मौजूदा स्थिति को बरकरार रखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि आंध्रप्रदेश, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, ओड़िशा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, गोवा, बंगाल त्रिपुरा, तमिलनाडु समेत 6 केंद्र शासित प्रदेशों के सुझाव मिले हैं। जबकि अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर और लक्ष्यद्वीप के सुझाव का इंतजार है। केंद्र को भेजे गये सुझावों में ओड़िशा, मध्य प्रदेश, केरल, बिहार और कर्नाटक ने कोई बदलाव नहीं किये जाने का सुझाव दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

## चाईबासा में दूसरे दिन भी धमाका, घायल तीन जवान रांची एयरलिफ्ट

# लुकैया जंगल में मुठभेड़ टीपीसी के तीन जख्मी

### दर्जनों गोलियां, रायफल और अन्य हथियार बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** राजधानी के बुढ़मू-ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के लुकैया जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी और रांची पुलिस के बीच गुरुवार को मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के घायल होने की खबर है। पुलिस की गोली से घायल नक्सलियों की खोज की जा रही है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से पुलिस ने दर्जनों गोलियां और दो रायफल समेत कई हथियार बरामद किये हैं। वही चाईबासा में लगातार दूसरे दिन आइइडी धमाके में तीन जवान घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। घायल जवानों में से एक की स्थिति गंभीर है। दोनों इलाकों में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है। बुधवार को भी इसी इलाके में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद आइइडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें कोबरा बटालियन के छह जवान घायल हो गये थे। नये साल की शुरुआत सीआरपीएफ जवानों के लिए अच्छी नहीं रही। दो दिनों में चाईबासा में लगातार आईईडी ब्लास्ट में अब तक 9 जवान घायल हो गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### चाईबासा के टोंट में लगातार दूसरे दिन भी धमाका

चाईबासा के टोंटो में लगातार दूसरे दिन नक्सलियो ने आईईडी ब्लास्ट किय। इसमें कोबरा बटालियन के तीन जवान घायल हो गये। घायल तीनों जवानों को आनन-फानन में एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। इनमें एक की स्थिति गंभीर है। बुधवार को भी इसी इलाके में नक्सलियों के साथ हुए एनकाउंटर के बाद आईडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें कोबरा बटालियन के छह जवान घायल हो गये थे। गुरुवार को धमाके में जवानों के घायल होने के बाद भी इलाके में ऑपरेशन जारी है। एक जवान के शरीर में को स्पलिंट लगे हैं जिसकी वजह से उसे ज्यादा चोट आयी है।

### लातेहार में जेजेएमपी के कई धराये

वहीं लातेहार पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सात सदस्यों को धर दबोचा। एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी लोग छिपादोहर थाना में किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। पकड़े गये नक्सलियों में जेजेएमपी के जोनल कमांडर विकास कुमार उर्फ मिथुन लोहरा, प्रकाश महतो, संजीत महतो समेत अन्य हैं।

### लातू जंगल से 7 आइइडी बरामद

वहीं लातेहार अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में लातू के टोंगारी जंगल से सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों द्वारा लगाये गये 7 बारूदी सुरंग बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। जिला पुलिस और सीआरपीएफ 112 बटालियन के द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में यह सफलता मिली।

## उद्योग सचिव ने औद्योगिक विकास पर चैंबर भवन में की बैठक, कहा

# नये को बढावा, पुराने निवेशकों की समस्याएं दूर करेगी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड बनने के बाद पहली बार उद्योग विभाग के उच्चाधिकारियों एवं चैंबर के साथ ऐतिहासिक बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में उद्योग सचिव, उद्योग निदेशक के अलावा जियाडा के सभी रिजनल डायरेक्टर की उपस्थिति में स्टेकहोल्डर्स के साथ सीधा संवाद किया गया। बैठक में उद्योग सचिव वंदना डाडेल के कहा कि राज्य में नये निवेश को बढावा देने के साथ वैसे निवेशक जो पहले से झारखंड में निवेश किये हुए हैं, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि आप सुझाव दें, आइडिया शेयर करें। कहीं भी कोई समस्या हो, दिक्कत आये तो बात करें, सरकार आपके साथ खडी है। झारखंड में निवेशकों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से राज्य में नयी औद्योगिक एवं प्रोत्साहन नीति बनायी गयी है। सरकार की कोशिश है कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी निवेशकों के आवेदन को ससमय निष्पादित किया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिए लंबित आवेदनों को खत्म करना विभाग और सरकार की प्राथमिकता है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है कि उद्योग विभाग और स्टेकहोल्डर्स का सीधा संवाद की इस कड़ी को जारी रखा जाये।

(शेष पेज 11 पर)

# युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत

## राष्ट्रीय युवा उत्सव में बोले मोदी- युवाओं की प्रतिभा से दुनिया चकित

### युवाओं की उड़ान का रनवे तैयार

एजेंसी

**हुबली(कर्नाटक)।** पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हमारे युवाओं की प्रतिभा से पूरी दुनिया चकित है। उन्होंने कहा, अमृत काल में हमें अपने कर्तव्यों पर बल देते हुए और समझते हुए देश को आगे बढ़ाना है। इसके लिए युवाओं में स्वामी विवेकानंद से बड़ी प्रेरणा है। पीएम मोदी गुरुवार को कर्नाटक के हुबली में राष्ट्रीय युवा उत्सव के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'उठो, जागो और लक्ष्य से पहले मत रुको'- विवेकानंद जी का यह उदघोष भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है। पीएम ने कहा कि युवा शक्ति भारत की प्रेरक शक्ति है।

(शेष पेज 11 पर)

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक



इससे पहले उन्होंने हुबली में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के दौरान पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना भी देखने में आयी। रोड शो के दौरान एक शख्स अचानक उनके वाहन के नजदीक पहुंच गया और उन्हें माला पहनाने की कोशिश की। हालांकि सतर्कता बरतते हुए पीएम की सुरक्षा में तैनात जवान उसे किनारे खींच ले गये। हुबली-धारवाड़ पुलिस आयुक्त ने हालांकि कहा कि यह सुरक्षा उल्लंघन नहीं था। इसके उलट कुछ सूत्रों ने कहा कि विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) इसकी जांच करेगी। सड़क के दोनों ओर कतारों में खड़े लोगों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी लोगों के अभिवादन को हाथ हिलाकर स्वीकार किया। इस दौरान कई लोगों ने मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

# सरायकेला में सड़क हादसा, 4 की मौत

## 30 जख्मी, कई की हालत गंभीर, सीएम ने जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरायकेला।** राजनगर थाना क्षेत्र के लेकड़ा कोचा स्थित चाईबासा-राजनगर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक पिकअप वैन के पलट जाने से चार मजदूरों की मौके पर मौत हो गयी। हादसे में 23 से अधिक घायल हैं। करीब 9 की हालत गंभीर थी जिन्हें एमजीएम रेफर कर दिया गया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया।



वैन में सवार 40 से अधिक लोग घायल थे। मृतकों की पहचान पश्चिम सिंहभूम मुसाफिर थाना क्षेत्र के गगरी गांव निवासी महेश बानरा, महिला जुंबी बानरा, भोले बानरा और सुनीता बानरा के रूप में की गयी है। सीएम हेमंत सोरेन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए आश्रितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में पूरी मदद करें। जानकारी के अनुसार चाईबासा से हाता की ओर जा रही पिकअप वैन (जेएच02 वीएफ 9183) मजदूरों को ले जा रही थी।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत ने कोलकाता वनडे भी जीता, सीरीज में अजेय बढ़त



**कोलकाता।** भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज का दूसरा मैच भारत ने 4 विकेट से जीत लिया है। सीरीज में ली 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मैच के हीरो रहे केएल राहुल, जिन्होंने श्रीलंका की मुंह से जीत को छीन ली। राहुल ने 103 गेंद पर 64 रन की नाबाद पारी खेली और टीम इंडिया को जीत दिला दी। भारत के सामने जीत के लिए 216 रन का लक्ष्य था, लेकिन टॉप ऑर्डर की नाकामी ने इस लक्ष्य को पहाड़ सा बना दिया था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच रविवार को तिरुववंतपुरम में खेला जायेगा। श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 39.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाये थे।

# स्वास्थ्य मद में झारखंड को केंद्र से मिले 213 करोड़

## जिलों में ही लोगों को मिलेगा बेहतर इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोरोना के आने के बाद से केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग हेल्थ सिस्टम को पटरी पर लाने में जुटा है। राज्य में अलग-अलग योजनाओं को रफ्तार दी जा रही है, ताकि लोगों को अपने जिलों में ही बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। इसी के तहत केंद्र ने अपने 60 परसेंट अंशदान के तहत झारखंड को 2 अरब 13 करोड़ 30 लाख रुपए आवंटित कर दिए है। इसका इस्तेमाल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का विलय फ्लेक्सिबल पूल फॉर आरसीएच एंड हेल्थ सिस्टम स्ट्रेथनिंग, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम एंड नेशनल अरबन हेल्थ मिशन में किया गया है।

**तीन कैटेगरी में थी मांग :** राज्य से अलग-अलग योजनाओं के तहत बजट की मांग की गयी थी। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत 1,31,63,00,000, अनुसूचित जातियों के लिए 25,77,00,000 और जनजातीय क्षेत्र के लिए 55,90,00,000 रुपए आवंटित किये गये है। अब राशि का उपयोग बेहतर इलाज के साथ क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए किया जायेगा।

# अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगी वोकेशनल शिक्षा

### प्रस्ताव तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के बच्चों को हर क्षेत्र में कुशल बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कड़ी दर कड़ी जोड़ रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा भी भी दी जायेगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। मार्च से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा लैब का शुभारंभ किया जायेगा।

**11 ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा :** स्कूली बच्चों को सरकार कुल 11 ट्रेड में व्यवसायिक प्रशिक्षण करायेगी। बच्चों को एग्रीकल्चर, आइटी, आइटीइएस, अपारेल एंड मेडअप एंड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, मल्टीस्किलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, रिटेल और हेल्थकेयर में प्रशिक्षण दिया जायेगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट के माध्यम से ऑन जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके।

**प्रशिक्षित हेडमास्टर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन :** 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

(शेष पेज 11 पर)



अच्छी पहल

### स्कूलों में तीन साल के एमडीएम का ऑडिट होगा

राज्य के सरकारी स्कूलों में तीन साल के मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का अंकेक्षण होगा। झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमार पासी ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना का वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक वैधानिक अंकेक्षण कराये जाने का दिशानिर्देश निर्गत किया गया है। चयनित अंकेक्षकों के साथ 6 जनवरी, 2023 को हुई बैठक और वार्ता के क्रम में उक्त अंकेक्षण कार्य का समय सीमा में पूरा करने के लिए अंकेक्षण से पूर्व कार्य योजना का निर्माण करना आवश्यक है।

## जोशीमठ पर हाइलेवल बैठक में बोले शाह

# राहत और बचाव कार्य में कोई कोताही नहीं होगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को उत्तराखंड के जोशीमठ की मौजूदा स्थिति को लेकर हुए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, आरके सिंह, भूपेंद्र यादव और गजेंद्र सिंह शेखावत, गृह सचिव अजय भल्ला समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्री शाह ने कहा कि राहत और उपाय कार्य में किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं होगी।

केंद्र सरकार हर संभव मदद को तैयार है। बैठक में जोशीमठ में भूधंसाव के मद्देनजर सड़कों, बिजली आपूर्ति, पानी की कमी और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। गृह मंत्री के आवास पर करीब 40 मिनट तक बैठक चली।

**बैठक में विशेषज्ञ भी थे शामिल :** मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा वाली बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

(शेष पेज 11 पर)

## डाटा प्रबंधन पर भाजपा की कार्यशाला

रांची। मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने सोशल मीडिया और डाटा मैनेजमेंट पर ध्यान केंद्रित किया है। इसी के तहत गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डाटा प्रबंधन कार्यालय का शुभारंभ हुआ। साथ ही डाटा प्रबंधन एवं उपयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, कार्यक्रम की राष्ट्रीय सह संयोजिका प्रीति गांधी और शिप्रा रजनी समेत कई नेता और पार्टी के आईटी सेल के सदस्य मौजूद थे। नेताओं ने कार्यशाला में आईटी सेल के सदस्यों को यह बताया कि कैसे डेटा मैनेजमेंट करना है। केंद्र सरकार और पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की किन-किन योजनाओं से आम जनता को लाभ मिला है।

# भारतीय दर्शन एवं योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि विश्वपटल पर देश को गरिमामय स्थान दिलाने में स्वामी विवेकानंद का नाम सदैव आदर व सम्मान से लिया जाता रहेगा। स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से एक हैं जो अपने दर्शन व विचारों एवं कर्मों से भारत माता को गौरवान्वित करते रहें। उनका व्यक्तित्व व उनके आदर्श देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। राज्यपाल आज विकास भारती द्वारा आयोजित 'शिल्पी मेला -सह-प्रदशनी' का समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि सामाजिक संस्था विकास भारती द्वारा आयोजित 'शिल्पी मेला -सह-प्रदशनी' का समापन स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर हो रहा है और खुशी है कि इस प्रसिद्ध सामाजिक संस्था के स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि विवेकानंद जैसे महापुरुष मृत्यु के बाद भी जीवित रहते हैं और सदियों तक अपने विचारों और सोच से लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो स्वामी विवेकानन्द को पढ़िये।



शिल्पी मेला-सह-प्रदशनी के समापन समारोह पर बोलते राज्यपाल।

राज्यपाल ने कहा कि खुशी की बात है कि विकास भारती गुमला जिला के बिशुनपुर को केन्द्र मानकर झारखंड के समस्त जनजातीय क्षेत्रों में विविध आयामों के साथ लगातार कार्य करते आ रही है।

राज्यपाल ने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिये विकास भारती ने एक मॉडल विकसित किया है जिसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, आय-सृजन, वन एवं जल संसाधन का संरक्षण, ग्रामीण तकनीक एवं सामाजिक विवेक को समाहित किया गया है। आज हमारे राष्ट्र के पास एक विशाल मानव सम्पदा है, जिसमें अधिक संख्या युवाओं की है। इस युवा आबादी में निहित प्रतिभा को विकसित कर एवं उनके कौशल विकास पर ध्यान देकर आर्थिक व सामाजिक विकास किया जा सकता है।

इस अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ओंकार नाथ सिंह, साईंनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति एसपी अग्रवाल, भूतपूर्व कुलपति रांची विवि डॉ केके नाग, डॉ रमेश पांडेय, विकास भारती के उपाध्यक्ष विकास सिंह, रांची विवि के वीसी डॉ अजित सिन्हा, डॉ अंजनी श्रीवास्तव, डॉ रंजना श्रीवास्तव, सिद्धिनाथ सिंह, गंगा टाना भगत, पूर्व विधायक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(सड़क सुरक्षा)

**आवश्यक सूचना**

Ministry of Road Transport & Highway] Govt- of India के पत्रांक F-No-RT–25029/72/2021&RS Pt-I(204104) दिनांक 05.01.2023 के आलोक मे जिला अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु एवं आम लोगो के यातायात नियमो के प्रति जागरूकता हेतु दिनांक 11.01.2023 से दिनांक 17.01.2023 तक जिला अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया जा रहा हैद्य वाहन चलाने के क्रम मे स्पष्ट दृष्टि का होना अतिआवश्यक हैए इस कारणवश जनहित मे जिला के सदर अस्तपताल (MCH) तथा तोरपा रेफरल अस्तपताल मे दिनांक 13.01.2023 से दिनांक 15.01.2023 तक सड़क सुरक्षा अंतर्गत "समान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है|

अतः एतद द्वारा सभी वाहन चालक एवं आम नागरिकों से अनुरोध है कि जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित "समान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर" मे भाग ले कर स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच कराना सुनिश्चित करें|

जिला परिवहन पदाधिकारी
–सह सदस्य–जिला सड़क सुरक्षा समिति
खूँटी

PR 287446 Transport(22-23)D

## झारखण्ड सरकार
## जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग
(e-mail id- dmo-hazaribagh@jharkhandmail.gov.in)

**सूचना**

झारखण्ड गौण खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 46 के प्रावधानों के अन्तर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित क्षेत्र जो पूर्व धारित था, जो वर्तमान में अवधि रिक्त है। उल्लेखनीय है कि उक्त खनन पट्टा की पुनः बन्दोवस्ती हेतु झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित नियमो के तहत कार्रवाई की जायेगी।

| क्र0 | पूर्व पट्टेधारी का नाम एवं पता | क्षेत्र का विवरण | जमीन का किस्म | पाक्षिक / असाधारण अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामेश्वर पंडित एवं अन्य, पिता स्व0 चमन पंडित, ग्राम– करमा, पो0–रामपुर, थाना–चौपारण, हजारीबाग। | थाना – चौपारण, मौजा – करमा, थाना संख्या – 289, खाता संख्या 28, प्लॉट संख्या 769 (अंष), रकवा 1.585 एकड़ चौहदी<br>उत्तर – प्लॉट संख्या 752<br>दक्षिण – प्लॉट संख्या 772 & 769 (P)<br>पूरब – प्लॉट संख्या 773<br>पष्चिम – प्लॉट संख्या 770 & 769 | रैयती | साधारण अंक 69, दिनांक 28.12.22 |

विशेष जानकारी के लिए कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला खनन पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR.NO.287439 Mines and Geology(22-23):D

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 46 / 2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 20.01.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.01.23 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.01.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | के0 बी0 महिला महाविद्यालय परिसर में अवस्थित अनु0 जाति बालिका छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 3430300.00 | 5000.00 | 69000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 287396 District (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग।
### अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्यरूमेंट सूचना

**निविदा संदर्भ संख्या –DWSD/HZB/MECH/SUPPLY-3/2022-23 (2nd Call)**

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | Supplying, Installation and Commissioning of pump set and its allied works at Government building clear water pumping plant (Reformatory) under D.W& S. Mechanical Division, Hazaribag . | 1639434.00 | 32800.00 | 5000.00 | 90 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | दिनांक :– 16.01.2023 को 4:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– | दिनांक :– 24.01.2023 को 5:00 बजे तक। |
| 4 | अग्रधन की राशि / परिणाम विपत्र की राशि (हार्ड प्रति में) प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक :– 24.01.2023 को 4:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि :– | दिनांक :– 25.01.2023 को 2:00 बजे तक। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। (झील रोड, सी० आर० पी० एफ० कैम्प के समीप हजारीबाग ) |
| 7 | ई–प्रोक्यरूमेन्ट कार्यालय का ई–मेल एवं फोन संख्या :– | (E-mail ID- dwsdhazmech2010@gmail.com) Contact No :- 06546-265920 |

नियम एवं शर्त्ते आदि विस्तृत जानकारी हेतु http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एव स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 287422 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

## Office of Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e- Procurement Notice (2nd Call)**

Tender reference:- HZB/DMFT/DT/12/2022-23 (2nd Call) Date :- 10.01.2023
P.R. No.-283877 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark-II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in differet places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/DMFT/DT-01 | 41 Nos | 34,10,071/- | 70,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | | HZB/DMFT/DT-02 | 40 Nos | 33,26,899/- | 68,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 12.01.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 19.01.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 20.01.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 21.01.2023 at 11.00 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

PR287496 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22 / 2022–23 विज्ञापन संख्या PR-287046 Lohardaga (22-23) _Dमें निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि
 : दिनांक 24.01.2023 को 01.00 बजे अपराह्नतक
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय
 : दिनांक 25.01.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय
 : दिनांक 25.01.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 287485 Lohardaga(22-23)#D

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

**शुद्धि पत्र**

नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा संख्या NIT/ RGH/NP/07/2022-23 (Urgent Re-tender) Date 29.12.2022 जिसका PR No. 286345 District(22-23) D Ramgarh का ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की तिथि का अवधि विस्तार किया जाता है जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Extended date of last Bid online | 21.01.2023 till 03:00 PM |
| 2 | Date of Receiving Hard copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee | 25.01.2023 till 03:00 PM |
| 3 | Date of Tender Opening | 30.01.2023 |

नोट :– पूर्व में निकाले गए निविदा के नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी।

ह०/–
अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़

PR.NO.287482 District(22-23):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

पत्रांकः– 27 हजारीबाग / दिनांकः– 12 / 01 / 2023

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 1342 दिनांक 20.12.2022 द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या WRD/MID/ HAZARIBAG/ F2-23/2022-23 जिसका प्रकाशन PR No. 285541 (Minor Irrigation) 22-23*D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 287383 Minor Irrigation(22-23).D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपर्युक्त लोअर बाजार थाना काण्ड संख्या–03 / 2017, दिनांक–04.11.17, धारा–420 / 468 / 471 / 406 / 409 / 120बी0 / 34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त मृत्युंजय कुमार पे0–कृष्णा यादव, सा0–गाड़ी गांव होटवार थाना–सदर, जिला–राँची (झारखण्ड), का द0प्र0स0 की धारा–82 अंतर्गत माननीय न्यायालय द्वारा ईस्तेहार निर्गत किया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त मृत्युजंय कुमार कहीं मिलते /दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 287450 (Police) 22-23 (D)

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा।

**आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तिलैया थाना कांड सं0–280 / 22, तथा तिलैया थाना कांड सं0–281 / 22, दिनांक–26.11.22, धारा–420 / 144 भा0द0वि0 तथा 03 बंगाल जुआ अधि0 के फिरार अभियुक्त राहुल रंजन सिंह, उम्र–40 वर्ष, पिता–स्व0 सुरेश सिंह, सा0–सी0डी0 कॉलोनी, थाना–तिलैया, जिला–कोडरमा, यदि किसी को उक्त अभियुक्त के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

**पुलिस अधीक्षक, कोडरमाः– 9431706350, 06534–252868,**
**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमाः– 9431706351,**
**थाना प्रभारी तिलैयाः– 9431706355**

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा।

PR 287418 (Police) 22-23 (D)


# झारखंड हाइकोर्ट में राहुल गांधी की याचिका को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज की थी। दरअसल, राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था, जिसे राहुल गांधी ने निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# पूर्व महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता सहित सात अधिवक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी

## कार्य बहिष्कार के दौरान न्यायिक कार्य में शामिल होने का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर 6 जनवरी से राज्य के अधिवक्ताओं की चली आ रही कार्य बहिष्कार के दौरान न्यायिक कार्य में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी हो रही है। इसी की कड़ी में स्टेट बार काउंसिल ने सचिव, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट से 7 अधिवक्ताओं के कोर्ट में उपस्थिति के संबंध में जानकारी मांगी है। काउंसिल ने एसोसिएशन से कहा है कि और भी जो लोग कार्य बहिष्कार के दौरान कोर्ट की कार्रवाई में हिस्सा ले रहे हैं उनके बारे में जानकारी दी जाए। काउंसिल ने अनुशासनात्मक प्रोसिडिंग चलाने के लिए 7 अधिवक्ताओं के बारे में एसोसिएशन से जानकारी मांगी है। जिनके बारे में जानकारी मांगी गई है उनमें पूर्व महाधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य निलेश कुमार, अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद, अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा, एनके गंझू, जितेंद्र कुमार पांडे, शैलेंद्र कुमार तिवारी शामिल है। बता दें कि कोर्ट फी संशोधन विधेयक की वापसी, अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बजट में राशि निर्धारित, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने आदि की मांग को लेकर राज्य के अधिवक्ता 6 जनवरी से न्यायिक कार्य से दूर है।

## वकीलों को मिले नोटिस पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक



**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के द्वारा अदालती कार्यवाही में शामिल होने वाले वकीलों के संबंध में जारी किए गए नोटिस पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। झारखंड हाईकोर्ट में वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा की अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रजिस्टार जनरल को केस रजिस्टर करने के साथ एक्टिंग चीफ जस्टिस की अदालत में इस मामले को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। स्टेट बार काउंसिल के द्वारा हड़ताल का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं को किए गए नोटिस पर फिलहाल रोक लग गई है।

## माह के 5 तारीख तक लाभुकों को जरूर हो जाये पेंशन भुगतान : छवि रंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सामाजिक सुरक्षा निदेशक छवि रंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पेंशन योजनाओं के तहत प्रत्येक माह का पेंशन उसी माह की 5 तारीख तक भेजना सुनिश्चित करें। अगर भुगतान के क्रम में जिन लाभुकों का भुगतान असफल हो जाता है, उसका विस्तृत विवरणी प्रखंड, अंचल एवं बैंक को भेजते हुए उसी माह निराकरण कराना सुनिश्चित करें। इसके निराकरण में बीडीओ, सीओ के साथ लगातार समन्वय बनाते हुए निष्पादन करें। यह निर्देश उन्होंने पेंशन योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी सहायक निदेशकों को दी। उन्होंने कहा कि सभी पेंशनधारियों का शत-प्रतिशत सफल भुगतान विभाग की प्राथमिकता है।

**लाभुक सीडिंग पर नाराजगी जतायी**

छवि रंजन ने लाभुकों के आधार सीडिंग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर 20,9320 लाभुकों का आधार एनएसएपीपीएस पोर्टल पर दर्ज नहीं है। इस पर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों से आधार संग्रह करते हुए पोर्टल पर इंट्री करने का निर्देश दिया। साथ ही जिनका आधार नहीं बना है, उन लाभुकों को चिन्हित करते हुए प्रखंड स्तर पर उपलब्ध सुविधा का लाभ उठाते हुए आधार पंजीयन का निदेश दिया गया। हजारीबाग, दुमका, पलामू, गिरिडीह, धनबाद, गढ़वा, रोधी एवं गोड्डा जहां अगर गैप 10,000 से ज्यादा है उसे विशेष ध्यान देना की आवश्यकता है। उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार इस कार्यक्रम में प्राप्त पेंशन संबंधी आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की। एक सप्ताह में सम्पूर्ण निष्पादन का निदेश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जितने आवेदन इस कार्यक्रम में निष्पादित हुए है। उतना आवेदन पेंशन पोर्टल पर प्रविष्टि होना चाहिए। इस पर सभी सहायक निदेशक विशेष सर्तकता बरती जाये।

# 18 जनवरी से शुरू होगी सरकारी स्कूलों में पहली से 7वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा

## जेइपीसी ने दूसरी बार बढ़ायी अर्धवार्षिक परीक्षा की तिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 16 जनवरी से होने वाली थी। झारखंड में मनाये जाने वाले टुसू पर्व को देखते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना ने परीक्षा तिथि में परिवर्तन करते हुए 18 जनवरी से अर्धवार्षिक परीक्षा लेने का फैसला किया है। परीक्षा 18, 19 और 20 जनवरी को ली जाएगी। बताते चलें कि इसे लेकर झामुमो के ही एक विधायक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री जगरनाथ महतो को पत्र लिखा था और तिथि में बदलाव की मांग की थी।

**16 जनवरी से राज्यभर में टुसू पर्व मनाया जाएगा**

बताते चलें कि कक्षा 1 से 7 तक अर्धवार्षिक परीक्षा आगामी 16 से 18 जनवरी तक विद्यालय स्तर पर आयोजित होनी थी। 16 जनवरी से राज्यभर में टुसू पर्व मनाया जाएगा। इसे देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को बीते दिन एक पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने टुसू पर्व का हवाला देते हुए परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की थी।

**16 जनवरी को आईखान यात्रा कहा जाता**

झामुमो विधायक ने लिखा था कि कहने को तो मकर पर्व 14 या 15 जनवरी को है, परंतु यह पर्व सप्ताह भर मनाया जाता है। 16 जनवरी को आईखान यात्रा कहा जाता है, जो इस पर्व का एक महत्त्वपूर्ण दिन है। ग्रामीण क्षेत्रों में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उक्त दिन को अवकाश घोषणा करने के स्थान पर परीक्षा की तिथि तय कर देना झारखंडी संस्कृति को ठेस पहुंचाना है।

स्पीड न्यूज

### गुरुद्वारा के उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी के उपाध्यक्ष एवं गुरुद्वारा दुख भंजन साहिब 10 नंबर बस्ती के सेवादार सरदार सविंदर सिंह पर मनदीप सिंह नामक युवक ने जानलेवा हमला किया। जानकारी के अनुसार मनदीप सिंह बारीडीह गुरुद्वारा पर वजीर ग्रंथी बाबा निरंजन सिंह को रंगरेटा बिरादरी के आधार पर सेवा मुक्त कराने के लिए कमेटी पर दबाव बनाता था और गुरुद्वारा में सरदाई प्रसाद के लिए भी दबाव देता रहता था।

### स्वामीजी के उपदेश से देश बनेगा विश्वगुरु

**जमशेदपुर।** को आपरेटिव कालेज में एनएसएस एव कला व सांस्कृति विभाग के द्वारा विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डा अमर सिंह उपस्थित थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर बच्चों ने कई कविता एवं गीत के साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने कहा कि युवा तो वही है जिसमें आत्मसयम एवं धर्य हो। हमे स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलकर भारत को एक दफे पुनः विश्व गुरू के रूप में स्थापित करना होगा। उनके द्वारा कहा गया कि स्वामी विवेकानंद ने कहा कि था कि भारत विश्वगुरू है उसमें सभी धर्मों को समाहित करने की क्षमता है।

### करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया युवा दिवस

**जमशेदपुर।** स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग – झारखंड एवं जिला प्रशासन, एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर जमशेदपुर के करीम सिटी कॉलेज परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। यह कार्यक्रम दो चरणों में पूरे किये गये। कार्यक्रम के पहले चरण में प्रातः काल महाविद्यालय के छात्र छात्राओं, एनएसएस के स्वयंसेवकों और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों के द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर से जमशेदपुर के साक्षी क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई जिसका समापन पुनः महाविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद रेहान ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

### सरायकेला प्रशासन का जागरूकता अभियान

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को आदित्यपुर स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों और शिक्षकों को यातायात नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन सत्यप्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे, केके शुक्ला और रामानंद यादव शामिल हुए। स्कूल परिसर से जिला प्रशासन ने जागरूकता रथ रवाना किया। सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे ने कहा कि एनएच 33, ब्रांच रोड, टाटा कांड्रा मेन रोड पर आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। प्रशासन को ब्लैक स्पॉट से लेकर जेब्रा क्रॉसिंग और यातायात नियमों को लेकर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि लोगों को नियमों का पालन करने में किसी भी तरह की झिझक न हो।

### सिलवा फाउंडेशन ने बांटा 250 कंबल

**जादूगोड़ा।** जमशेदपुर की सामाजिक सस्था सिलवा फाउंडेशन की ओर से नारदा पंचायत अंतर्गत आधा दर्जन गांव में आदिवासियों की विलुप्त होती सबर जनजाति सबर व गरीब आदिवासी परिवारों की ठंड में सुध ली सुध व करीबन 250 ग्रामीणों के बीच आज कंबल का वितरण किया इधर कंबल पाकर सबर परिवारों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम झारखंड पान (तांती) बुनकर समिति पोटका प्रखंड ने कार्यक्रम किया था। समारोह में संस्था के संस्थापक कुंज बिहारी दास ने गरीब बच्चो के अभिभावकों को शिक्षा के. महत्व से अवगत कराया व जिसके जरिए गरीबी जैसे अभिशाप से मुक्ति की राह बताई।

# टाटा में लगी ध्यान में मंद-मंद मुस्कराते स्वामी विवेकानंद की विशाल प्रतिमा

- सरयू राय ने अपना वादा निभाया, भुवनेश्वरी मंदिर की तलहटी में लगवायी प्रतिमा
- भुवनेश्वर मंदिर से सटे वन क्षेत्र को अध्यात्मिक हेरिटेज के रुप में विकसित करेंगे
- रांची के युवा मूर्तिकार दीपांकर कर्मकार की बनायी प्रतिमा की खूब हुई प्रशंसा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गुरुवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती सह युवा दिवस के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने टेल्को कोलोनी स्थित भुवनेश्वरी मंदिर की तलहटी पर पुज्य स्वामी विवेकानंद जी मंद-मंद मुस्कराते ध्यान मुद्रा में विराजमान आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। भुवनेश्वरी मंदिर एवं श्री श्री कृष्ण मंदिर से दिव्य दीपक प्रज्वलित कर पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरे विधि-विधान से प्रतिमा का अनावरण किया। विधायक सहित मौजूद सभी अतिथियों ने नव-स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। गणेश वंदना की स्तुति के साथ स्वागत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में आए हुए गणमान्य अतिथि एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, भुवनेश्वरी मंदिर के मठाधीश आर गोविंद राजन, श्री श्री कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष सुकुमारन, मैनेजमेंट गुरू चंद्रेश्वर खां, वरिष्ठ साहित्यकार अरविन्द विद्रोही, टाटा मोटर्स वर्कर्स युनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते , महामंत्री आरके सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे। प्रतिमा के शिल्पकार दीपांकर कर्मकार सहित अन्य शिल्पकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



अनावरण और माल्यार्पण के बाद स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात विधायक सरयू राय ने कहा कि एक वर्ष पूर्व प्रतिमा स्थापन के लिए शिलान्यास किया गया था. ठीक एक साल बाद अनावरण हुआ है। प्रतिमा स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर विधायक फंड से राशि विमुक्त करने के लिए कहा, किंतु व्यवधान हुआ। विधायक फंड की स्वीकृति प्रशासन से नहीं मिली। 20 दिन पहले लगा कि यहाँ की दैवी शक्ति नहीं चाहती की इस प्रतिमा अधिष्ठापन के पुनीत कार्य प्रशासन का कोई पैसा लगे, अत्यंत कम समय में स्वामी जी की प्रतिमा तैयार हो गई और प्रशासन का पैसा बिना लगे आपसी सहयोग से प्रतिमा स्थापन कार्य संभव हुआ।

श्री राय ने कहा कि स्वामी जी आध्यात्मिक शक्ति, युवाओं के मार्गदर्शक, कर्म के प्रतिक हैं। उनकी प्रतिमा के आगे जो शिला के प्राकृतिक स्वरूप, जो प्रस्तर खंड है उसे वैसे ही रखकर प्रतिमा का अधिष्ठापन किया गया। स्वामी जी के नाम पर विवेकानंद कन्याकुमारी रोक मेमोरियल है। स्वामी जी सन 1892 में कन्याकुमारी पहुंचे।

### मूर्तिकार दीपांकर कर्मकार ने मात्र 20 दिनों में तैयार कर दी प्रतिमा



रांची के युवा मूर्तिकार और बहुत कम समय में देश में पहचान बना चुके दीपांकर कर्मकार का कहना है कि विधायक सरयू राय के आग्रह पर उन्होंने 20 दिन दिन-रात एक कर यह प्रतिमा बनायी है। छह फीट छह इंच उँची यह प्रतिमा बनाने के लिए मिट्टी की मॉडलिंग और उसके बाद प्लास्टर ऑफ पेरिस से मॉडलिंग की। इसके साथ रेजिंग मेड केमिकल, अंदर में स्टील और मेट ग्लास का उपयोग किया है। उन्होंने भुनेश्वरी मंदिर के तलहटी में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा को काफी ध्यान पूर्वक बनाया है। स्वामी जी का जीवन और व्यक्तित्व भारतीय युवाओं को प्रेरित करता है, यह ध्यान में रखते हुए उनकी ध्यान मुद्रा वाली प्रतिमा को बनाते समय मैंने उनके होठों पर मंद-मंद मुस्कान को उकेरा है। मंद मुस्कान किसी भी इंसान को अवसाद से दूर ले जाती है और अपने लक्ष्य के प्रति प्रोत्साहित करती है। स्वामी जी का मानना था मजबूती ही जिंदगी है और कमजोरी ही मृत्यु है। इस मूर्ति के जरिए युवाओं को एक सांकेतिक संदेश दिया जा रहा है कि आप अपने संकल्प पर अटल रहे और कठोर परिश्रम करें और मुस्कुराते हुए जिंदगी की चुनौतियों का सामना करें। मूर्तिकार दीपांकर कर्मकार ने प्रतिमा स्थल की प्राकृतिक छटा की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थल पर आकर पर्यटक यहां शांति और सुकुन महसूस करेंगे।

## सांसद विद्युतवरण ने किया दोमुहानी घाट का दौरा, बोले

# मकर-टुसू के पहले चांडिल डैम से छोड़ा जायेगा पानी

➲ अधिकारियों को दिये घाट सफाई के निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने गुरुवार को टुसू पर्व और मकर सक्रांति को मद्देनजर सोनारी स्थित दोमुहानी घाट नदी का दौरा किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने घाट का दौरा के क्रम में यह पाया कि कई स्थानों पर काफी गंदगी है। उन्होंने इस मौके पर वहां पर उपस्थित (जेएनएससी) के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि आने वाले टूसू एवं मकर पर्व को ध्यान में रखकर घाटों की समुचित सफाई अत्यंत आवश्यक है। सांसद ने जेएनएससी के पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि 15 तारीख के पूर्व इन स्थानों के अलावे अन्य सभी घाटों की साफ-सफाई करें, जिससे श्रद्धालु टुसू पर्व के दिन श्रद्धा और भक्ति भाव से स्नान- ध्यान कर सकें और सूर्य भगवान की पूजा कर सकें।



दोमुहानी घाट का निरीक्षण करने पहुंचे जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो व पार्टी के कार्यकर्ता।

इसके लिए उन्होंने उपायुक्त को एक पत्र भी लिखा था एवं जिला प्रशासन से आग्रह किया है। इस प्रकार के सभी स्थान जहां पर श्रद्धालु पूजा आदि करते हैं वहां की समुचित साफ सफाई जरूरी है। सांसद ने कहा लोक आस्था से जुड़ा हुआ झारखंड का यह महान पर्व है। इसके अलावा पूरे देश के लोग भी इस दिन श्रद्धा और निष्ठा से नदियों स्नान करते हैं। इसके पश्चात सूर्य की पूजा करने के बाद ही लोग पीठा - मूड़ी, दही-चूड़ा तिल आदि ग्रहण करते हैं । नदियों की साफ सफाई इस अवसर पर अत्यंत आवश्यक है जेएनएसी के उपस्थित पदाधिकारियों में सीटी मैनेजर मेडम ने सांसद को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नदी के घाट और जलाशयों की समुचित सफाई की जाएगी। इसके अलावा सांसद श्री महतो ने स्वर्णरेखा परियोजना के खरकई नहर प्रमंडल के अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार एवं बांध प्रमंडल चांडिल के मुख्य अभियंता गोपाल जी एवं गालूडीह बराज के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सिंह को भी क्रमशः खरकई, स्वर्णरेखा और गालुडीह नदी में 15 जनवरी के पूर्व संध्या तक समुचित जल छोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# अपहृत आजसू नेता दिलीप महतो हुए सकुशल बरामद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने हाईवे सेफ्टी के अध्यक्ष सह आजसू नेता दिलीप महतो को 58 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। दिलीप महतो मंगलवार से लापता थे। दिलीप महतो के परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई थी।



आजसू नेता दिलीप महतो।

बताया जाता है कि दिलीप महतो को धालभूमग ढ़ क्षेत्र से पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया है। पुलिस ने दिलीप महतो की सकुशल बरामदगी की पुष्टि की है,और इसकी विस्तृत जानकारी एसडीपीओ शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में देंगे।

अपहरण के विरोध में आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण ने एनएच 33 पर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया था। दिलीप महतो को एनएच 33 बिरिगोड़ा के पास से मंगलवार की दोपहर को अपहरण कर लिया गया था। उसकी बरामदगी को लेकर पुलिस पर काफी दबाव थी। अपहरण के बाद परिजन काफी परेशान थे। उनके रहस्यमई गायब होने पर चौक चौराहों पर दिलीप महतो के अपहरण के बात की चर्चा हो रही थी। दिलीप महतो की बरामदगी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी ओर टेक्निकल सेल्स की मदद ले रही थी। पुलिस की मेहनत रंग लाई ओर 58 घंटे बाद पूर्वी सिंहभूम के सीमावर्ती धालभूमगढ़ से पुलिस ने दिलीप महतो को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस पूरे मामले की आज खुलासा करेगी।

## एक नजर में

### बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर के विज्ञान एवं साहित्य क्लब और उन्नत भारत अभियान ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय सामान्य जागरूकता और ग्राम परिदर्शन के कार्यक्रम किया। इस क्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक गण ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कोरिया, बुढी बाजार और प्राथमिक विद्यालय बानामगूट्टू का परिदर्शन किया और विद्यार्थियों के बीच चॉकलेट, पेंसिल, स्केल, कटर और रबड़ बांटे। इसे सफल बनाने में डॉ सुदर्शना बनर्जी, कौशिक पाण्डेय, रतन शर्मा, वी के राय का सहयोग रहा।

### सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले विद्यार्थी सम्मानित



**जमशेदपुर।** गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने युवा दिवस पर सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 6 छात्रों को सम्मानित किया। साकची ठाकुर बाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर प्रांगण के कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष अमित अग्रवाल थे। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अमीषा भालोतिया, मुस्कान अग्रवाल, श्रेया कुमारी मुनका, नीलेश छापोलिया, संभव अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल को दुपट्टा एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उषा चैधरी ने कहा कि युवा वह होता है जो बिना अतीत की चिंता किए अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है स्वामी विवेकानंद के इन स्वर्णिम शब्दों को इन बच्चों ने सार्थक किया हैं।

### ब्रह्मकुमारी सेंटर में याद किये गये स्वामी विवेकानंद



**जमशेदपुर।** गुरुवार को मानगो ब्रह्म कुमारीज सेन्टर ने यूथ दिवस मनाया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सुभाष दास एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय शर्मा एवं सुस्मिता सरकार उपस्थित थे। श्री दास ने नेताजी सुभाश चन्द्र बोस के जीवन वृतान्त सुनाया एवं युवा को देश का भविश्य बताया। संजय शर्मा ने युवाओं को साकरात्म सोच एवं रास्ता चुनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का वृहत आयोजन नजदीक के फुटबॉल मैदान में किया गया जहां श्री दास ने लोगों को अपने जीवन के मूल्यों एवं स्वयं को भगवान बनने का सुत्र बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानगो ब्रह्मकुमारीज सेन्टर की संचालिका रूबी बहन सहित डॉ॰ पीयुष, गौतम भाई, शंभु भाई, किशोर भाई, मदन मोहन भाई, कमलेश भाई, पदमा बहन, बबीता बहन, अंजना बहन, संजय कुमार अग्रवाल, अमित, सुप्रिया बहन सहित अनेक भाई बहनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नारायण आइटीआइ में मनी स्वामी विवेकानंद जयंती



**जमशेदपुर।** लुपुंगडीह, नीमडीह स्थित नारायण आईटीआई संस्थान में स्वामी विवेकानंद जी का जयंती मनायी गयी। संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में कोलकाता में हुआ। वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुंचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें 2 मिनट का समय दिया गया था किंतु उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण का आरम्भ मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों के साथ करने के लिये जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। इस अवसर पर कॉलेज संस्थान के सदस्य एडवोकेट निखिल कुमार, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शांति राम महतो, जयंत बनर्जी, श्री पवन कुमार महतो, श्री अजय मंडल, गौरव कुमार, महावीर कुमार, निमाई मंडल, शिशुमणि दास के साथ साथ सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल ने निकाली रैली



**जमशेदपुर।** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुरूप कई कार्यक्रम किये गये और साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु शपथ एवं रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानगो नगर निगम के सिटी मैनेजर निशांत कुमार उपस्थित थे। मानगो म्युनिसिपल कारपोरेशन के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, इंजिनीयर फिरोज असलम, स्वच्छता निरीक्षक अंशुमान कुमार, मो कासिम, राजेश कुमार एवं ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सैयद आसिफ अख्तर साहब मौजूद थे। मुख्तार आलम खान, निशांत कुमार एवं डॉ निधि श्रीवास्तव ने झंडा दिखा रैली रवाना किया।

### स्वर्वेद प्रचार महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**जमशेदपुर।** विहंगम योग आश्रम, 8 जुबली रोड, बिस्टुपुर में गुरुवार प्रातः 12 बजे झारखण्ड प्रदेश के प्रमुख परामर्शक नगीना सिंह जी द्वारा, सद्गुरु देव प्रभु के श्रीचरणों में दीप प्रज्जवलित कर स्वर्वेद प्रचार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर वरिष्ठ प्रचारक गणेश उपाध्याय, कार्यालय प्रमुख कुबेर शर्मा, कोल्हान युवा संत समाज प्रमुख नीरज मिश्रा, उमेश यादव, रामबहादुर सिंह, महावीर विद्यार्थी, मुकेश सिंह मौजूद थे। नगीना सिंह जी द्वारा महेश कुमार सिंह जी को स्वर्वेद प्रदान करते हुए बताया गया कि स्वर्वेद सभी आध्यात्मिक ज्ञान की कुंजी है, सभी वेदों का सार है, सभी का सिद्धांत सभी का मूल स्वर्वेद में है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर भाजयुमो ने किया यंग इंडिया रन कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर यंग इंडिया रन मैराथन दौड़ का आयोजन कदमा सोनारी लिंक रोड पर किया गया। यंग इंडिया रन मैराथन दौड़ का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृतिक और आध्यात्मिक भारत के मर्गदर्शक स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनमोल वचन उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रूको मत को युवा मोर्चा आत्मसात कर रहा है।

# श्रीनाथ विवि में रंगारंग मकर संक्रांति समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। मकर संक्रांति तथा टुसू पर्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक श्रीमती संगीता महतो ने कहा कि झारखंड की पहचान खनिज के साथ कृषि को लेकर भी है। टुसू मां को हम अपनी बेटी की तरह मानते हैं और उन्हें हम अगहन संक्रांति के दिन घर लाते हैं मकर संक्रांति के दिन विसर्जन करते है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

और इस अवसर को हम एक उत्सव की तरह मनाते हैं। डी.एल.एड. की छात्रा सुश्री कविता महतो ने टुसू पर्व के अवसर पर गाए जाने वाली संगीत की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने देशभर में मकर संक्रांति को अलग-अलग हिस्से में जिन परिधानों के साथ मनाया जाता है उन परिधानों में जोड़े में आकर रैंप वॉक किया।

छात्र मोहित सिंह ने पावर पॉइंट के द्वारा देशभर में मनाए जाने वाले पर्व मकर संक्रांति को अलग-अलग तरीके से मनाने की प्रथा को प्रस्तुत किया।

# श्रीलेदर्स ने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए दिये 500 टी-शर्ट और 7000 कैप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

➲ जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम दादा से उपहार पाकर हुई प्रफुल्लित

**जमशेदपुर।** 12 जनवरी जहां पूरा विश्व युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयंती मना रहा है एवं पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव में रंगा हुआ है, वहीं जमशेदपुर के जाने-माने व्यवसाई सह समाजसेवी एवं बिस्टुपुर श्रीलेदर्स के निर्देशक, स्वतंत्रता सेनानी पुत्र शेखर डे जी ने इस दिन को यादगार बनाते हुए, मानव प्रेम के तहत मानवता का परिचय देकर, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के पहल पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर को रक्तदान जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु, नियमित एसडीपी रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धाओं के लिए 500 टी-शर्ट एवं सुदूरवर्ती गांव में रक्तदान करने वाले रक्तवीर योद्धाओं के उत्साहवर्धन हेतु 7000 कैप आज जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सचिव नलिनी राममूर्ति, सह सचिव



शेखर डे ब्लड बैंक की अध्यक्ष श्रीमती नलिनी राममूर्ति एंड टीम को रक्तदाताओं के लिए उपहार सौंपते हुए।

रविंद्र दुग्गल, महाप्रबंधक संजय चौधरी, वरीय एवं अनुभवी चिकित्सक डॉक्टर लव बहादुर सिंह, साथ ही साथ कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सौंपा।

# पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में युवा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/पटमदा।** पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जी की 161 वीं जयंती को युवा दिवस के रूम में मनाया गया। यहां 12 से 23 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक सह कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्वलित व स्वामीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि आज पूरे देश में स्वामी विवेकानंद की



जयंती धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। स्वामीजी का जन्म 1863 में कोलकाता में हुआ था। उनके पिता एक अधिवक्ता थे और अच्छे परिवार में जन्म लेने के कारण वे कम उम्र से ही समाजसेवा में लग गए थे।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श : संतोष महाराज

➲ नमन ने दी स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि

- स्वामी जी ने युवाओं को राष्ट्रवाद, कर्तव्यपरायणता व अध्यात्म के लिए प्रेरित किया : सरदार इंद्रजीत सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नमन के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में साकची मेन गोलचक्कर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर सरदार इंद्रजीत सिंह ने कहा राष्ट्रनिर्माण के लिए स्वामी जी ने अपने विचारों से युवाओं को राष्ट्रवाद, अध्यात्म व कर्तव्य परायणता के लिए प्रेरित किया।

रामकृष्ण मिशन के श्री श्री 108 संतोष महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति व भारतीय अध्यात्म परंपरा को वैश्विक क्षितिज पर पुनर्स्थापित करने वाले महान संन्यासी स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है।

श्री कृष्ण सिन्हा संस्थान से आर सी वल्लभ ने कहा कि आज इस मौके पर सभी युवा अपनी ऊर्जा का सकरात्मक उपयोग कर राष्ट्र



निर्माण में अपना रचनात्मक योगदान देने का संकल्प लें।

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अभय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद यदि अपने जीवन में कुछ अनुकरणीय करने का मन है तो विवेकानंद जी के सिद्धांत और विचारों का चिंतन करना चाहिये।

काले ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ज्ञान और संकल्प की प्रतिमूर्ति थे जिन्होंने भारतवर्ष की संस्कृति और ज्ञान का डंका पूरे विश्व में बजाया आज उन्हीं महापुरुष की जयंती है। उठो, जागो और बढ़ो उनके ये वाक्य पर आज की युवा पीढ़ी को ना केवल स्वयं में समाहित करना है बल्कि इसी विचारधारा पर केंद्रित होते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाहन करना होगा संघर्ष के पथ में बिना रुके अपने हौसलों को पंख देते हुए बाधित शक्तियों का दृढ़ता से सामना कर अपने सपनों को सकरात्मक परिवर्तन के लिए समर्पित करना ही उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## स्पीड न्यूज

### सतबरवा : भाजपा महामंत्री ने बांटा कंबल



**सतबरवा।** भाजपा महामंत्री राहुल दीवाना एवं सतबरवा पंचायत के उपमुखिया अर्चना कुमारी के प्रतिनिधि रौशन कुमार उर्फ बिट्टू ने सतबरवा के टेपी कुंअर, भोला प्रसाद, सविना खातुन, गीता कुंअर और मंटू कुमार के बीच ठंड को देखते हुए कंबल दिया। राहुल ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब असहायों के बीच कंबल बांटना पुण्य का काम है। वहीं रोशन ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया निःशुल्क कंबल सभी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, रामनाथ पाठक, गणेश प्रसाद, विजय प्रसाद आदि थे।

### मुखिया-पंसस ने किया कंबल वितरण



**नावा बाजार, पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कंडा के बनौधा में कंडा मुखिया सह नावा बाजार मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह और कंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील मेहता ने गरीब, असहाय, जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। नरेंद्र ने कहा कि कुछ ऐसे लोग है जिनका कोई सहारा नहीं है, या आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठंड में रात गुजारने में कष्ट हो रहा है। उन्हें कंबल दिया गया है। मौके पर प्रवेश सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, गणेश गुप्ता, अमरेश सिंह, के साथ कई लोग मौजूद थे।

### सर्वोदय +2 उवि में मनी विवेकानंद जयंती



**सतबरवा।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद का जन्म दिन सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को मनाया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राएं तथा सामजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 18 63 ईस्वी को कोलकाता में हुआ था। वह रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे। वह शुरू से ही मेधावी थे और सन्यासी का वेश में रहते थे। शिकागो सम्मेलन में उनको 10 मिनट का समय दिया गया था जहां पर देश-विदेश के सारे विद्वान मौजूद थे। वह हमेशा अपने साथ भागवत गीता रखते थे। मौके पर प्रभारी प्राचार्य रामरक्षा प्रसाद, मुकेश कुमार, प्रफुल्लित लकड़ा, प्रकाश शर्मा, अजय उरांव, ज्योति सिंह उर्फ पप्पू थे।

### बिजली चोरी : 15 लोगों पर मामला दर्ज

**हुसैनाबाद, पलामू।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें 15 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी 15 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पकड़े गए लोगों पर 6 लाख 75 हजार रुपये का बकाया और जुर्माना भी लगा है। इसकी जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। अभियान में मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, मो उबैद, कमलेश सिंह शामिल थे।

### कुरहत में मनी स्वामी विवेकानंद जयंती



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत के कुरहत गांव में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्लू कुमार सिंह ने किया। जयंती समारोह में आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पूर्व विधायक ललन भुईयां, भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, राजद नेता कमलेश यादव शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की विचारधारा आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्वामी जी के दर्शन का मुख्य आधार करूणाभाव है। स्वामी विवेकानंद का आदर्श आज भी प्रासंगिक है। मौके पर समिति के सचिव नवीन सिंह, कोषाध्यक्ष अजय सिंह, संजय सिंह, राकेश पासवान, डा नरेंद्र प्रियदर्शी, डॉ राजनारायण सिंह, शंकर सिंह, अखिलेश प्रसाद, ओमप्रकाश चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पांडू : जाम से निजात पाने की बनी रणनीति



**पांडू, पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पांडू जिप सदस्य मीना देवी की पहल पर पांडू मुख्य बाजार में आम दिनों जाम से निजात पाने को लेकर एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिप सदस्य मीना देवी व संचालन प्रद्युम्न सिंह ने किया। इस बैठक में पांडू प्रखंड के मुखिया, पंसस पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवम प्रखंड विकास सह अंचल पदाधिकारी एवम सभी दल के कार्यकर्ता तथा आम नागरिकों के साथ बैठक की। सभी के विचार लिये गये। तत्काल निर्णय लिया गया कि अभी पुराने सब्जी मार्केट में किया जाय और एक सप्ताह में एक कमेटी बनाकर निर्णय के अनुसार जगह तलाश कर सब्जी बाजार शिफ्ट किया जाय और बाइक स्टैंड भी कहीं किया जाये, जिससे जाम से बच सकेंगे। मौके पर बीडीओ सह सीओ राहुल उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, संसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, डाला कला मुखिया रामबाबू यादव, पूनम देवी, शशिभूषण पाल, विनोद पासवान आदि थे।

### डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती



**तरहसी।** सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज में एक कार्यक्रम कर स्वामी विवेकानंद के 160वीं जयंती एवं युवा दिवस मना। मुख्य अतिथि समाजसेवी मुमताज खान, झारखंड होम्योपैथिक मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर विनोद कुमार, सोसायटी ऑफ ग्रासीय डेवलपमेंट बरवाडी के डॉ परमदेव एवं कॉलेज के व्याख्याता डॉ अरुण तिवारी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि स्वामी महान दार्शनिक, संत, विचारक स्वामी जी के कारण ही विश्व में भारत का नाम रौशन हुआ। अमेरिका के शिकागो महासभा को भुलाया नहीं जा सकता। युवाओं के प्रेरणा स्रोत उनके बताए मार्ग पर चलने से कठिन से कठिन कार्य को सहज तरीके से किया जा सकता है। कॉलेज में औषधीय व गुणकारी पौधा रोपण किया गया, औषधीय पौधा के गुणों के विषय में प्रमदेव ने बताया।

# पलामू के मुख्य मार्ग पर चलेगी महिला पिंक सिटी बस : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को महापौर अरुणा शंकर ने स्थायी समिति के सदस्यों एवं सहायक आयुक्त परितोष जी के साथ बैठक कर महिला सिटी बस संचालन का रूट तय करते हुए कहा कि पहली बार में सिटी बस निगम के सभी मुख्य मार्ग पर चलेगा। कुछ दिन देखने के बाद जहां-जहां बस सुलभ तरीके से चलेंगी वहां भी चलेगा। महापौर ने कहा कि मेरा प्रयास माताएं, बहनें, 6 साल तक के बच्चे और कॉलेज आने-जाने वाली लड़कियों को कम खर्च में सेफ्टी के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचाना है।



**कार्यक्रम की खास बातें :** महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि दो बसें आ चुकी हैं और दो आने वाली हैं जिसके परमिट लेने की दिशा में कार्य चल रहा है। जैसे ही परमिट मिल जायेगा, एक सप्ताह में महिला पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू कर दिया जायेगा। महापौर ने यह बताया कि जो बसे चलेंगे उसमें सीसीटीवी, कैमरा, मोबाइल चार्जर, जीपीएस तथा महिला कंडक्टर एवं महिला सहयोगी युक्त होगा। बस का टिकट इलेक्ट्रॉनिक बिल द्वारा बस में चल रही महिला कंडक्टर द्वारा दिया जाएगा और यह बस सुबह 7 से शाम 7 तक चलेगा। महापौर ने कहा निगम की इस बस सेवा से प्रतिदिन आने-जाने वाली महिलाओं का महीने में अगर मैं 5 से 700 तक बचा सकी तो मैं अपने आप को सफल मानूंगी क्योंकि एक कामकाजी महिला के लिए ₹500 का बचत मायने रखता है। बैठक में स्थाई समिति सदस्य प्रमिला देवी, मधु ओझा, गोल्डी शुक्ला, अनूप सिंह सुमित तिवारी तथा महापौर कार्यालय प्रधान श्री अशोक सिंह उपस्थित थे।

# चिड़ी खुर्द में शीघ्र विद्युतीकरण कराये बिजली विभाग : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मेदिनीनगर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता को पत्र लिख पांकी



विस क्षेत्र में बिजली समस्याएं गिनायी। कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मनातू प्रखंड के डुमरी पंचायत के चिड़ी खुर्द (जोलपुर) में जानकारी मिली कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी वहां बिजली नहीं पहुंची है। वह अत्यंग दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। वहां बिजली नहीं पहुंचने से ग्रामीणों का जीवन स्तर आज भी अत्यंत पिछड़ा है। उक्त ग्राम के निकट से डुमरी-कसमार हाइटेंशन लाइन गुजरी है। विधायक ने वहां विद्युतीकरण के लिए जरूरी उपस्कर उपलब्ध कराने व पूरे गांव में विद्युतापूर्ति करने को कहा है। ताकि ग्रामीण बिजली का लाभ उठा सकें।

### कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के करमा में बुधवार की देर शाम पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास को लेकर आगे बढ़ रही है। पार्टी किसी से कोई भेदभाव नहीं करती। पांकी विस क्षेत्र को विकास के मामले में सर्वोच्च शिखर पर ले जाने का प्रयास जारी है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश का कल्याण कर सकती है। पीएम नरेंद्र मोदी भारत को विश्व के सबसे ऊंचे शिखर पर ले गये हैं। आज उन्हीं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हम काम करने में विश्वास रखते हैं। जो कहते हैं उसे कर दिखाते हैं। इसके बाद उन्होंने अपने कार्यकर्ता धावाडीह निवासी महेश यादव के घर जाकर उनका हालचाल लिया। मालूम हो कि महेश यादव बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। वहीं डॉ मेहता ने सतबरवा थाना पहुंच थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी से मिलकर क्षेत्र में अमन-चैन और शांति को लेकर बातचीत की। शिलान्यास में जिप सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता आशीष सिन्हा, सेठा यादव आदि उपस्थित थे।

# पीसीआर वैन के धक्के से एक की घटनास्थल पर ही हुई मौत

- घटना शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज गेट के आसपास की है
- गुरुवार अहले सुबह मृतक के परिजन व अन्य लोगों ने रेडमा चौक को जाम कर दिया
- सूचना पाते ही जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंचे आश्वासन देकर जाम हटाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज गेट के समीप कचरा डैम जाने वाले रास्ते के पास बीती रात तीन नंबर पीसीआर वैन ने एक स्कूटी सवार को धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी और पीसीआर सवार पुलिस भाग गये।





**खास बातें :** घटना के दूसरे दिन गुरुवार को मृतक के परिजनों, मोहल्ले वासियों व अन्य लोगों ने पुलिस के बर्बर रवैये के खिलाफ रेडमा चौक जाम कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। जाम की सूचना पाते ही सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, सदर सीओ जेके मिश्रा दल-बल के साथ जाम स्थल पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किये। लेकिन लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे। आंदोलनकारी मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, उसकी चार बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा और 20 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे थे, जो जिला प्रशासन के लिए असंभव था। घटना सुन लोग पुलिस प्रशासन के रवैये पर इतने आक्रोशित थे कि पुलिस को धत्ता बताते हुए शव को मेडिकल कॉलेज से जबरन रेडमा चौक ले आये और पुलिस तमाशाबीन बन देखती रह गयी। इधर, सदर एसडीओ ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को आश्वासन दिया कि सामाजिक सुरक्षा के तहत तत्क्षण 20 हजार रुपये और एक लाख रुपये अविलंब दिया जायेगा। इसके अलावा मृतक के दो बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना के तहत लाभ देने और मृतक की पत्नी को सहायता देने का भरोसा दिया। इसके बाद जाम हटाया गया और शव का अंत्य परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतक संजय प्रजापति (35) पिता स्व कन्हाई प्रजापति जो रेडमा चौक पर इलेक्ट्रिक दुकान चलाता था। दुकान बंद करके बुधवार की रात्रि में घर जा रहा था। इसी बीच पीसीआर की वाहन एक जानवर लोड वाहन का पीछा करते जा रहा था। जिस कारण संजय प्रजापति को धक्का लगा और मौत हो गई। मृतक की चार नाबालिग बची, पत्नी, विधवा मां का भरण पोषण संजय अकेला ही करता था। घटनास्थल पर उप मेयर मंगल सिंह, मनोज सिंह, अविनाश देव, धनंजय त्रिपाठी, राकेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# खान सुरक्षा के नियमों का पालन करें सभी खान संचालक : आफताब अहमद

- जिला माइंस क्रशर एसोसिएशन ने 33वें खान सुरक्षा सप्ताह के तहत किया सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला माइंस क्रेशर एसोसिएशन द्वारा पंडित दीनदयाल स्मृति भवन टाउन हॉल में 33 वा खान सुरक्षा सप्ताह के तहत सम्मान समारोह किया। उद्घाटन निदेशक आफताब अहमद, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक ने कहा कि माइंस संचालक खान सुरक्षा के नियमों का पालन करें, नहीं तो उनपर कार्रवाई होगी। भारत सरकार चार लेबर कोड पारित की है जिसके तहत सभी को आकर नियमों का पालन करना है। उन्होंने चारों कोड विस्तारपूर्वक बताया।




**खास बातें :** उन्होंने कहा कि सरकारी बदलाव से अपने आपको आप बचा नहीं सकते हैं। छोटे या बड़े माइंस संचालके को पूरी जानकारी रखना है। सरकार ने एकल पंजीयन के माध्यम से आपकी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकती है।उन्होंने कहा कि माइंस में काम करने वाले लोगों को वर्ष में एक बार स्वास्थ जांच कराना अनिवार्य है। इस में काम करने वाले लोगों को यदि वह व्यक्ति दूसरे जिला या राज्य का रहने वाला है तो उसको वर्ष में एक बार आने एवं जाने का पूरा खर्च संचालक को वाहन करना है। बिना पंजीकरण का कोई भी माइंस संचालित नहीं कर सकता है।उन्होंने कहा कि जो लोग विस्फोट करते हैं उन्हें विस्फोट का पूरा नियम पालन करना है। यदि उस क्षेत्र के आसपास में घनी आबादी रहता हो तो उसके अनुरूप ही आपको काम करना है। बारूद का उपयोग संवैधानिक तरीके से करना है। उन्होंने संचालकों को कहा कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर ही काम करें।और उनके लिए सीएसआर फंड के तहत गांव में समय-समय पर विशेष काम करें ताकि उस फंड से ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि माइंस या क्रशर में काम करने वाले परिवार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि का 50 बेड का अस्पताल पलामू जिला में बनने वाला है। इसमें माइंस में काम करने वाले लोग अपने परिवार के साथ निशुल्क जांच करा सकते हैं। इसके अलावा उनके बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।साथ ही साथ बच्चों को छात्रवृत्ति देने की योजना है।उन्होंने कहा कि छतरपुर प्रखंड में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। वेलफेयर विभाग के द्वारा काम करने वाले लोगों को आवास लोन भी दिया जाता है।

### प्रीतम एक्का ने लिया अंचल प्रधान सहायक का पदभार



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय अंचल कार्यालय में गुरुवार को प्रीतम प्रफुल्ल एक्का ने प्रधान सहायक पद पर योगदान दिया। उन्होंने स्थानांतरित प्रधान सहायक अनिल सिंह से पदभार लिया। कहा कि कार्यालय में जनता के उचित कार्यों का त्वरित निष्पादन कराना उनकी प्राथमिकता होगी। इससे पहले वे उटारी रोड प्रखंड में प्रखंड सहायक के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, छोटू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आश्रित को सरकारी लाभ दे प्रशासन : विधायक



**मेदिनीनगर।** कचरवा टोला के संजय प्रजापति की मौत पर गहरा शोक जताते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सरकारी प्रधान के तहत जो भी मुआवजा है मृतक के आश्रित को अविलंब मुहैया कराया जाए। लापरवाह चालक पर प्रशासनिक कार्रवाई करें। जब रक्षक ही लोगों की जान लेंगे तब क्या होगा? उन्होंने उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर मृतक के आश्रित को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने एवं लाभ दिलाने की मांग की है।

### पूर्व थाना प्रभारी लालजी यादव की पुण्यतिथि मनी



**नावा बाजार, पलामू।** प्रखंड के इटको के बिश्रामपुर मोड़ के पास नावा बाजार थाने के पूर्व थाना प्रभारी लालजी यादव की पुण्यतिथि मनायी गयी। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्पाजंलि अर्पित कर याद किया गया। बबलू यादव ने कहा कि लालजी के समय नावा बाजार क्षेत्र के लोग किसी भी समय आसानी से उनसे मिल सकते थे। खास कर विद्यार्थियों पर उनका बहुत ध्यान था। मौके पर विनोद यादव, ओमप्रकाश यादव, पप्पू यादव, वीरेंद्र पाल, कृष्णा यादव, विनोद यादव, ओमप्रकाश मेहता, छोटू गुप्ता, रणधीर यादव, अवधेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, मनीष विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा शामिल थे।

### जनसंघ के नेता रामजीलाल सिंघानिया का निधन



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी लाल सिंघानिया का निधन पटना बोरिंग रोड आवास पर हो गया। वे छोटे पुत्र नीरज सिंघानिया के साथ पटना में रह रहे थे, जो लंबे समय से बीमार थे। मृदुभाषी व जुझारू रामजीलाल ने 1988 में पलामू जिलाध्यक्ष रहते हुए कई दायित्वों का निर्वाह किया। वे पत्नी, दो पुत्र, तीन पुत्री समेत नाती-पोता से भरा परिवार छोड़ गये। शोक जतानेवालों में पलामू के भीष्म पितामह श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, अमलेश दुबे, मनोज सिंह, विजय आनंद पाठक, विधायक आलोक चौरसिया, सांसद बीडी राम, अरविंद गुप्ता, नरेंद्र पांडे, मंगल सिंह, अरुणा शंकर, आनंद शंकर, दीपू सिंघानिया, सरवन गुप्ता, नीलू मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

# महावीर मंदिर परिसर से निकली दीप ज्योति यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर, पलामू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर परिसर में श्री मारुति महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से की गई। यज्ञ की भूमिका में मंदिर परिसर से दीप ज्योति यात्रा निकाली गई। जहां बड़ी संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के साथ श्रद्धालु यात्रा में भाग लिए थे। इस दौरान जय श्री राम के जमकर नारे लगाए गए। श्री राम के नारा से प्रखंड मुख्यालय गुंज उठा। दीप ज्योति यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर कोट खास, पुराना बाजार, दुर्गा मंडप, पथराही, गोपालगंज, नया बाजार, ढेला, कठौंधा, कुराईन पतरा, जगतपुरवा, बाबूदूम्बी, होते वापस महावीर मंदिर लौटी। इस दौरान रास्ते में सभी मंदिरों में आचार्य के द्वारा पूजा अर्चना कराकर दीप जलाया गया।

# राज्य के गरीब बच्चे भी अब बन सकेंगे डॉक्टर : रामचंद्र चंद्रवंशी

›› एलसीएम कॉलेज में एमबीबीएस के नये सत्र का हुआ शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर।** नगर परिषद के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नये शैक्षणिक सत्र 2022-27 का गुरुवार से औपचारिक शुरुआत हो गयी। नये सत्र के विद्यार्थियों को मंगल टीका लगाकर क्लास रूम में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नये सत्र के बच्चों को महर्षि चरक शपथ भी दिलायी गयी। इससे पहले पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं। गरीबों का दर्द भी खूब समझता हूं। झारखंड के गरीब मेधावी बच्चे आर्थिक तंगी के कारण डॉक्टरी की पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। हमने संकल्प लिया कि राज्य के गरीब बच्चे को भी डॉक्टर बनाऊंगा। सब के सहयोग और मां के आशीर्वाद से मेरा संकल्प भी पूरा हो गया। इसी के साथ गरीब बच्चों के डॉक्टर बनाने का मेरा सपना भी पूरा हो गया।

# मजदूरी करने गये युवक की मुंबई में मौत, घर में मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के बिशुनपुर निवासी गणेश सिंह (45) की मुंबई के कोपरखैरने में मौत हो गई। वह कोपरखैरने स्थित एक कंपनी में मजदूरी करता था। मौत की सूचना मिलते ही वृद्ध माता-पिता के साथ मृतक की पत्नी सरीता देवी, नाबालिग पुत्र प्रिंस व प्रभात का रो रो कर बुरा हाल है। वह अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। परिजनों के अनुसार कंपनी में कार्य करने के दौरान अचानक उसके पेट में दर्द उत्पन्न हुआ। जिसके बाद काम कर रहे सहयोगियों ने उसे नजदीक के म्यूनिसिपैलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्रों ने उक्त कंपनी से अपने पिता के शव को घर भेजने तथा मुआवजा की मांग की है। उधर गणेश सिंह के असामयिक मौत की सूचना पर पूरे गांव में मातम छाया है।

### छह लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

**हरिहरगंज पलामू।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज शहर में अलग-अलग स्थानों पर बुधवार को छापामारी की गई। इसमें अवैध बिजली चोरी करते पकड़े गए 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए हरिहरगंज थाना में आवेदन दिया गया है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय अभियंता कुलदीप यादव द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के नामजद अभियुक्तों द्वारा नजदीकी एलटी लाइन से टोका लगाने, अवैध रूप से घर में लगे हुए मीटर को बाईपास कर बिजली चोरी का आरोप है।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। साथ ही सभी सहायक प्रोफेसर ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि दी और प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने उनके शिक्षा दर्शन पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वामी जी के अनुसार शिक्षा का प्रथम उद्देश्य अंतर्निहित पूर्णता को प्राप्त करना है। उनके अनुसार लौकिक तथा आध्यात्मिक सभी ज्ञान मनुष्य के मन में पहले से ही विद्यमान होता है। विवेकानंद जी के अनुसार शिक्षा का दूसरा उद्देश्य बालक का शारीरिक एवं मानसिक विकास करना है।

# देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे स्वामी विवेकानंद: कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** गुरुवार को हुसैनाबाद में भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह संरक्षक किसान ब्रिगेड कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह के आवास पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

कर्नल संजय सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उपस्थित सभी लोगों ने विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते कर्नल संजय व उपस्थित लोग।

कर्नल संजय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को एक महान विचारक और धार्मिक नेता के रूप में जाना जाता है। स्वामी के विचार आज भी पूरे विश्व के युवाओं के बीच प्रेरणा और ऊर्जा भरने का कार्य करते हैं। वे कहा करते थे कि उठो! जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उनके कई ऐसे विचार युवाओं को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हैं। आज युवाओं के सामने विभिन्न प्रकार के समस्याएं हैं। आज के युवा मोबाइल पर अपना बहुमूल्य समय समय व्यर्थ कर रहे हैं। युवाओं को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा। हुसैनाबाद को युवा शक्ति की जरूरत है यहां जो भी समस्या है उसका हल निकाला जा सकता है यदि युवा अपने अंदर की शक्तियों को पहचान ले। हुसैनाबाद विस के युवाओं का साथ रहा तो भविष्य में यहां शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, सड़क की समस्याओं से निजात दिलाने का प्रयास करूंगा।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर बनियाडीह पंसस राजाराम पासवान, कोल्हुआ सोनबरसा मुखिया पति प्रशांत सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, डबल सिंह, पूर्व जिप सदस्य धीरेंद्र कुमार बैठा, अजय गुप्ता, अमित सिंह, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, अजय सिंह, पंकज यादव, धर्मेंद्र राम, प्रमोद चौधरी, महेश पासवान के अलावा सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

# स्कूली पोशाक से बच्चों में आती है समानता की भावना : सीना देवी

➲ बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त करने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के रंगिया पंचायत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसूरिया में गुरूवार को 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव ने स्कूली बच्चों को पोशाक वितरण किया। मौके पर सीना यादव ने कहा कि स्कूल ड्रेस से बच्चों समानता की भावना आती है। कहा कि झारखंड सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर संभव मदद कर रही है। बच्चों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर फायदा उठाएं और बेहतर से बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। समिति सदस्य सुषमा देवी ने बेहतर शिक्षा देने का भी निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक सह सचिव चित्र लेखन यादव ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए योजना का लाभ बच्चों को तत्काल दिया जाता है। कहा कि स्कूली बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा मिले इसके लिए प्रयासरत्त हैं। मौके पर सहयोगी शिक्षक कृष्ण यादव, लालदेव यादव, उपेन्द्र यादव, ब्रह्मदेव यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।



स्कूली बच्चों को पोशाक देतीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष व अन्य।

# जुबिली कॉलेज में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

## निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
## छात्रों ने नागपुरी लोकगीत किया प्रस्तुत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनएसएस इकाई एक व दो संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. आरके दास व अन्य शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन व उनके विचारो पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कर्म ज्ञान एवं भक्ति के अद्भुत मिश्रण थें। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपमें असीम ऊर्जा व शक्ति है जो अपने चरित्रबल से हर असंभव को संभव बना सकती है। उन्होंने कहा कि आज के युवा अगर ठान लें तो आत्मरक्षा निर्भर भारत को विश्व गुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता।


दीप प्रज्वलित करते प्राचार्य व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर भाषण, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण में ईशा हुसैन, कुमकुम कुमारी, मौली सोनी, निबंधन में कुमकुम, मौली सोनी, तारा शंकर, पोस्टर में जागृति, तारा शंकर व योगिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। मौके पर एनएसएस कार्यकताओं ने नागपुरी लोकगीत भी प्रस्तुत किया। मौके पर डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. विभा राय, प्रो. देवप्रकाश प्रसाद, डॉ. पी. पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, सुरेश सिंह, डॉ. महेंद्र पांडेय, डॉ. एकेएस झा, डॉ. अरूण कुमार सिंह, डॉ. एनके तिवारी, प्रो. मनोज कुमार, मनोज प्रसाद सहित दर्जनों एनएसएस कार्यकर्ता मौजूद थें।

## एक नजर में

### आरिफ कुरैशी बने ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश सचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


आरिफ कुरैशी।

**रामगढ़।** भारतीय मूल के पसमांदा मुस्लिम समाज की समाजिक संस्था ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद युनूस,राष्ट्रीय महासचिव अकरम कुरैशी एवं प्रदेश अध्यक्ष झारखंड डॉ कलीम अंसारी की सहमति से रामगढ़ निवासी आरीफ कुरैशी को संगठन का झारखंड प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर आरिफ कुरैशी ने कहा कि वे जिम्मेवारियों पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत बनायेंगे।

## महिला थाना प्रभारी का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ महिला थाना की नव मनोनीत थाना प्रभारी राजे कुजूर का गुरूवार को नागेंद्र मुंडा के नेतृत्व में बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने उनसे मिलने आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे हमेशा लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगी। थाना प्रभारी का स्वागत करनेवालों में दीपक साव, अजय साव, छोटू पटेल, बॉबी वर्मा आदि शामिल थे।


थाना प्रभारी का स्वागत करते लोग।

## पत्रकार को पितृशोक, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आईएजी कोल कंपनी श्रीनगर निवासी सह फोरेस्ट विभाग मांडू से 2009 में सेवानिवृत हुए बैजनाथ ठाकुर 75 वर्ष का गुरूवार को हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वे अपने आवास में बैठे थें। एकाएक उन्हें चक्कर आया और गिर पड़े। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें रामगढ़ होप अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनके बड़े पुत्र अनूप ठाकुर भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष व छोटे पुत्र अनूज ठाकुर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार हैं। उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी तट रिभर साईड घाट में हुआ। उनके निधन पर क्षेत्र के भाजपाईयों पत्रकारों सहित समाजसेवियों ने शोक प्रकट किया है। शोक जताने वालो में सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, जगतार सिंह, सन्नी कुशवाहा, योगेश दांगी, सागर दांगी, लालमुनी ठाकुर, महावीर ठाकुर, सुरेंद्र करमाली, अमरेश सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, अशोक सोनी, मुखिया आनंद दुबे, राजेश गिरी, राकेश गिरी, नितेश ओझा, सत्यनारायण ठाकुर सहित जिले भर के पत्रकार शामिल हैं।


बैजनाथ ठाकुर की फाइल फोटो।

### रामगढ़ महाविद्यालय में एनएसएस ने युवा दिवस पर संगोष्ठी का किया आयोजन


शुभारंभ करते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और इकाई दो द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ दोनो यूनिट की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना रॉय, डॉ अनामिका, राहुल कुमार, जितेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि 1984 में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया गया था। 1985 से हम प्रतिवर्ष 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं।

इकाई एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना रॉय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के संदेशों को जीवन में जरूरत कल भी थी और आज भी बनी हुई है। संगोष्ठी का विषय था- 'स्वामी विवेकानंद का जीवन और चिंतन'। मौके पर नितिश कुमार महतो,गौतम भारती, मनीष कुमार, संजू कुमारी, निमिषा कुमारी आदि कई स्वयंसेवकों ने अपने विचार रखे।

## कई लोग हुए कांग्रेस में शामिल


सदस्या देते

**मांडू।** मांडू प्रखंड मुख्यालय के समीप कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन झारखंड प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे,झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड राज्य ग्रामीण विकास मंत्री एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर मांडू प्रखंड के जेवीएम नेता प्रभात कुमार दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। प्रभात कुमार को झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे द्वारा माला पहना कर पार्टी की सदस्यता दी गई। मौके पर मोहम्मद मिस्टर आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुबीन,वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंदर कुमार, धर्मराज राम, शैलेश गुप्ता, बसंत नारायण महतो, अशोक गंझू, ललित राम ,मोहम्मद इदरीस अंसारी आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों को दिलाता रहूंगा स्वास्थ्य सुविधा : विजय

### बलकुदरा पंचायत भवन में कटे होंठ एवं तालु के लिए लगा निःशुल्क ऑपरेशन परामर्श शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** स्वयंसेवी संस्था अपरेशन स्माइल एवं पतरातू स्कूल अफ इकोनमिक्स के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को बलकुदरा पंचायत भवन में जन्मजात कटे होंठ एवं तालु के शिशु एवं सभी उम्र के लोगों के लिए निःशुल्क अपरेशन परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ-साथ 5 लोगों ने अपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पंचायत के विकास के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाना भी हमसबों का दायित्व है।


शिविर में जानकारी देते चिकित्सक।

उन्होंने कहा कि कटे होंठ एवं तालु का समुचित इलाज हो सकता है। जानकारी के अभाव में कई लोग अपना ईलाज नहीं करा पाते हैं। हमसबों को इसके लिए जागरूकता फैलानी होगी। श्री मुंडा ने स्वयंसेवी संस्था अपरेशन स्माइल एवं पतरातू स्कूल अफ इकोनमिक्स द्वारा लगाए शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

मौके पर स्वयंसेवी संस्था के आकाश सामंतो, स्कूल अफ इकोनमिक्स के अभिषेक हाजरा, अरुण कुमार, नागेंद्र सहित पंसस राजू मुंडा, अजय यादव, रिंकू प्रसाद, सुशील मुंडा, विकास कुमार, पिंकी देवी, संगीता देवी, लक्ष्मण यादव, भोक्ता यादव, राहुल प्रसाद, शहरमति देवी आदि मौजूद थें।

### जदयू जिला कार्यसमिति की बैठक में कई प्रास्ताव हुए पारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** जदयू जिला कार्यसमिति की बैठक गुरूवार को नयामोड़ स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू व संचालन जिला सचिव इम्तियाज अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल व प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने संगठनात्मक मजबूती और सदस्यता अभियान चलाने समेत कई बिंदुओं पर जोर दिया। वहीं, कई प्रास्ताव पारित किये गये। जिसमें एक सप्ताह के अंदर मांडू प्रखंड कमेटी का विस्तार करने, जिला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पंचायत स्तरीय प्रभारी नियुक्त करने, मनोनीत प्रभारियों को पंचायत कमेटी का गठन आगामी 17 जनवरी से प्रारंभ करने, पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान 17 जनवरी से चालू करने सहित आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत बनाने आदि शामिल है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजू महतो, सफीक अंसारी, महेंद्र किशोर महतो, मनोज राय, पवन करमाली, रामाकांत पटेल, अकबर अंसारी, रोहन महतो, फरोज अंसारी, विनोद रजवार, प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, रामचरित्र राम, विनोद कुमार, बालेश्वर तुरी, लखिकांत महतो, प्रदीप महतो, रमेश महतो, कमलेश बेदिया, दिनेश महली, बच्चन महतो, वासुदेव महतो आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेंगेल अभियान के तहत सरना स्थल शिबू टोला में कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** राष्ट्रीय सेंगेल अभियान के तहत सरना स्थल शिबू टोला में गुरूवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उड़ीसा मयूरभंज के पूर्व सांसद सालखन मुर्मू शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने उनका स्वागत फूल माला पहना किया। बाद में उन्होंने सरना स्थल में विधिवत पूजा अर्चना किया। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए


संबोधित करते वक्ता।

कहा कि आज के समय में आदिवासियों को जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने जल, जंगल, जमीन की रक्षा कैसे हो इस पर अपना मार्ग दर्शन दिया। साथ ही सरना कोड को 2023 में लेने, सरना संगठन को मजबूत बनाने पर विचार दिया। मौके पर केंद्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू, चमरू उरांव, चरना उरांव, बैजनाथ उरांव, उलेश्वरी हेम्ब्रोम, विजय टुडू, नीरज मुंडा, रमेश लिंडा, जलेश्वर करमाली, उगुन मुंडा, लखिया उरांव, सुषमा उरांव, रूक्मणि मुंडा, सहोदरी महली, सोमरी मुंडा, मीना उरांव, सुकरा उरांव आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की चुरचू इकाई का गठन

### उषा कुमारी अध्यक्ष, प्रखंड सचिव बने मुकेश कुमार


मौके पर उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता।**

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चुरचू इकाई की बैठक में गुरूवार को नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। डेमोटांड़ स्थित समुदायिक भवन में जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ हुई। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी से प्रधान सचिव कुमार सत्यपाल, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, सुनील सिंह, राजीव झा, ललित नारायण तिवारी, रोहिताश्व नायक, तारकेश्वर सिंह, राजेश्वर राम, अमित कुमार उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से पर्यवेक्षक की सहमति से चुरचू प्रखंड अध्यक्ष उषा कुमारी, प्रखंड सचिव मुकेश कुमार, संयोजक ज्योति कुमार दास, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष प्रेमचंद महतो एवं पारसनाथ महतो, प्रवक्ता कलावती देवी, संगठन सचिव विपिन कुमार राय, संरक्षक मंडल में राजेश्वर राम एवं राजेन्द्र प्रजापति का चयन सहित कार्यकारिणी सदस्य में पुष्पलता कुमारी, जोहरा फातमा, संगीता कुमारी के नाम शामिल है। मौके पर कुमार सत्यपाल ने कहा कि शिक्षक हित में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर त्वरित रूप करने के लिए संगठन का सहयोग सदैव रहेगा। मनोज कुमार ने प्रखंड से लेकर जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन ललित नारायण तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन पुष्पलता ने किया।

## तीन दिवसीय ओशो ध्यान साधना शिविर का हुआ आयोजन

**बेतला।** ओशो ध्यान साधना शिविर का उद्घाटन देर शाम झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के द्वारा विधिवत किया गया। इस दौरान पूरे देश से करीब 150 प्रेमी बेतला में पहुंचे। यह कार्यक्रम तीन आवासीय बेतला में ही आयोजन किया गया है। इसको लेकर बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय समेत कई ओशो प्रेमियों ने इस साधना शिविर में भाग लेंगे।

### इसीआरकेयू ने युवा दिवस के रूप में मनायी स्वामी विवेकानंद की जयंती

## सरकारी तंत्रों को निजी हाथों में सौंप रहा केंद्र : चंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** एआईआरएफ के आह्वान पर गुरुवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा कार्यालय बरवाडीह में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार की अध्यक्षता में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर चंदन कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, समाज सुधारक एवं युगपुरुष थे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप का संघर्ष जितना बड़ा होगा जीत भी उतनी ही बड़ी होगी। इसलिए आज हम सब रेल कर्मचारी भाई मिलकर यह शपथ लें की रेल पर आए संकट को दूर करने के लिए सरकार के खिलाफ एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ लड़ाई करेंगे। वहीं कार्यक्रम में मौजूद युवा अध्यक्ष उपेंद्र पाल, युवा सचिव ऋषि राज, एच कुमार, सरोज सिंह, आसिफ इकबाल, देवनंदन आर्या, बशीर अहमद और अभिमान श्रीवास्तव सहित कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रांटेट पेंशन के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संकेत कुमार, मनीष कुमार, इनायत करीम, सुजीत कुमार, हरेंद्र मेहता, निशांत कुमार, निरंजन कुमार, आरके मेहता, अंशु कुमार, साकेत कुमार, नवनीत कुमार, मुकेश सिंह और आरके सिंह सहित कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।



सरकार की नीतियों का विरोध करते कर्मचारी।

### पुलिस ने अवैध कोयला खनन रोकने के लिए चलायी छापेमारी

**मांडू।** बीते रात्रि मांडू थाना प्रभारी आनंद कुमार सशस्त्र बल के साथ मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत जुड़ा कर्म के आसपस नदी के किनारे अवैध कोयला खनन के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाया । जिसमें पुलिस ने 8 टन कोयला जब्त कर मांडू थाना कांड संख्या 12/23 दिनांक 12,01,23 धारा 414/34 भादवि, 30 ( ।।) कोल माइन्स एक्ट व 33 वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। मांडू थाना प्रभारी आनंद कुमार के कड़े रुख को देखते हुए कई कोयला तस्कर मांडू थाना क्षेत्र छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

## रजरप्पा एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन कीजिए : जीएम

### 15 दिवसीय ग्रामीण खेलकूद शिविर का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत पंद्रह दिवसीय ग्रामीण खेलकूद शिविर, 2023 का औपचारिक उद्घाटन महाप्रबंधक पीएन यादव के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कैम्प में रामगढ़ ज़िले के चितरपुर, गोला, दूलमी, रामगढ़ प्रखंड तथा बोकारो ज़िला के गोमिया प्रखंड के कुल 50 बच्चे कबड्डी तथा एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आज इन सभी प्रतिभागियों के बीच ट्रैक सूट, जर्सी, किट बैग एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा की आप सब खेल की दुनिया में रजरप्पा एवं इस क्षेत्र का नाम रौशन कीजिए। स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) एसके गोस्वामी ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा ने बताया की यह 15-दिवसीय आवासीय शिविर रजरप्पा क्षेत्र द्वारा ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने का अनूठा पहल है जो की पहली बार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन शिविर के कोच सीडी सिंह ने किया। इस मौके पर उप प्रबंधक (का०) आंचल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक (का०) जयश्री चटर्जी, प्रबंधन प्रशिक्षु सिम्मी टोपो के अलावे विकास कच्छप, विकास वर्मा, विकास राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मौजूद अथिति व अन्य।

### युवाओं को ठग रही है राज्य सरकार : विश्वरंजन सिन्हा


पतरातू प्रखंड से संकल्प मार्च के लिए रवाना होते आजसू छात्र संघ के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा दिवस के अवसर पर आजसू छात्र संघ द्वारा रांची में संकल्प मार्च निकाला जा रहा है। जिसमें शामिल होने को ले आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में गुरूवार को पतरातू प्रखंड से भी दर्जनों कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को ठगने व रोजगार के लिए भटकाने को ले संकल्प मार्च की जा रही है। रवानगी से पूर्व विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की राज्य सरकार ने युवाओं को ठगने का कार्य किया है। सरकार में भागीदार सभी राजनीतिक दलों ने आम जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। पतरातू प्रखंड सहित राज्य भर के युवा रोजगार के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम के पास लोक लुभावन वादों का पिटारा के अलावा और कुछ नहीं है। रांची रवाना होने वालो में आजसू छात्र संघ सचिव इमरोज खान, छात्र संघ प्रखंड कोषाध्यक्ष दिलीप महतो, जुबिली कलेज सह प्रभारी विश्वनाथ भुंइया उर्फ अजय, दीपक आनंद मेहता व छोटू यादव, नीतीश मेहता, जेएम महाविद्यालय भुरकुंडा कमेटी के राजन वेंकटेश, सतीश लहरी, सुमन खलको, भानु, राज नायक, पीटीपीएस कलेज कमेटी के दिलनारायण कुमार, त्रिभुवन कुमार, सरोज कुमार, प्रकाश कुमार, राम कुमार महतो, टेकलाल महतो, सुमित कुमार आदि शामिल हैं।

खबर मन्त्र

रांची.शुक्रवार.13 जनवरी 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# हिलता हिमालय

उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भूस्खलन से मकान का एक हिस्सा गिर गया। जमीन धंसने के कारण जोशीमठ की कई सड़कों और घरों में दरारों का दिखना इस क्षेत्र में के लिए कोई नई घटना नहीं है। इस तरह की दरारें शहर में और उसके आसपास कई वर्षों से देखी जा रही हैं। दरारें पहले से अधिक गहरी हैं इसलिए यह चिंताजनक है। देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के निदेशक कलाचंद सेन का कहना है कि, आज की स्थिति अनेक कारणों का परिणाम है। यह प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों है। जोशीमठ की मिट्टी कमजोर है। यहां की मिट्टी में ज्यादातर भूस्खलन द्वारा लाया गया मलबा है। यह क्षेत्र एक अत्यधिक भूकंपीय क्षेत्र भी है। अनप्लांड कंस्ट्रक्शन, जनसंख्या का दबाव, टूरिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा, जल विद्युत परियोजनाएं, विकास गतिविधियां सभी ने वर्तमान स्थिति में योगदान दिया है। सवाल यह है कि अब क्या किया जा सकता है? ये ऐसी प्रक्रियाएं नहीं हैं जिन्हें उलटा किया जा सकता है।

लगभग 50 साल पहले एमसी मिश्रा समिति की रिपोर्ट में जोशीमठ को लेकर चेतावनी जारी की गयी थी। रिपोर्ट में अनियोजित विकास के खतरों को रेखांकित किया था। साथ ही प्राकृतिक कमजोरियों की भी पहचान की गयी थी। उसके बाद कई अध्ययन हुए और सभी ने लगभग समान चिंताएं व्यक्त की। लेकिन तब से शहर कई गुना बढ़ गया है। अब यह कम से कम तीन महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और शंकराचार्य मंदिर की ओर जाने वाले पर्यटकों का केंद्र है। इसके मद्देनजर बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम हुआ। हिमालय एक नया मोड़दार पर्वत है और इसके अस्थिरहोने रहने की चेतावनी के बाद भी अल्पकालिन लाभ का अंजाम आज सामने है।

# ड्रोन से बढ़ता खतरा

हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर और पंजाब की पाक से लगी सीमा पर सुरक्षा बलों ने जहां कई ड्रोनों को खदेड़ा, वहीं बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। समस्या यह है कि ड्रोन को भारतीय सीमा में विषम मौसम और देर रात भेजा जाता है। कोहरे और सर्दियों में इनकी निगरानी करना अपने आप में चुनौती है। फिर इनसे हथियार आदि दुर्गम इलाकों में गिराये जाते हैं जहां आतंकवादियों के स्थानीय मददगार पहुंच रखते हैं। जम्मू-कश्मीर में सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के कारण घुसपैठ संभव नहीं हो पाती, ऐसे में ड्रोन को पाकिस्तान कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। हाल के दिनों में अमृतसर में एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा हुआ जो ड्रोन की आपूर्ति व निर्माण से जुड़ा था, जिसके संपर्क पाकिस्तान तक थे। छापों के बाद कई लोग गिरफ्तार किये गये। इस गिरोह के सदस्य देश की राजधानी में ड्रोन की खरीद-बेच और उसके निर्माण में जुटे थे। निस्संदेह यह देश की सुरक्षा के लिये बड़ी चुनौती है। ड्रोन के जरिये देश के महत्वपूर्ण और संवेदनशील इलाकों को आतंकी वारदात का शिकार बनाया जा सकता है। ड्रोनों के पंजीकरण और उन्हें उड़ाने की वैधता के लिये सरकार की तरफ से पहल तो हुई है, मगर इस संवेदनशील विषय में सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आधुनिक तकनीक से देश के भीतर ड्रोनों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकेगी। निस्संदेह सुरक्षा के मद्देनजर देश में बेहतर ड्रोन नियामक सिस्टम बनाने और आधुनिक तकनीक के जरिये इनके निगरानी कार्यक्रम को जल्दी अंतिम रूप देने की जरूरत है। साथ ही देश की सीमाओं पर उच्च तकनीक वाले संवेदनशील यंत्र लगाने की जरूरत है जो पाक की ओर से आने वाले ड्रोनों की निगरानी कर सकें और उन्हें निष्क्रिय बना सकें। इसके मुकाबले के लिये तैयारी जरूरी है।


# कोविड प्रबंधन का मोदी मॉडल दुनिया में एक मिसाल



**कोविड** ने फिर से दस्तक दे दी है। पिछले तीन हफ्तों में चीन में लगभग 25 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं। लाखों लोगो की मृत्यु के समाचार आ रहे हैं। हर तरफ त्राहि-त्राहि मची है। जापान, कोरिया, फ्रांस, जर्मनी आदि में भी रोज लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि पिछले दो भयावह वर्षों की पुनरावृत्ति होने को है। पूरा विश्व सहमा हुआ है पर भारतवासी लगभग सामान्य जीवन जी रहे हैं। और देशों के आंकड़ों के सामने, हमारे यहां संक्रमितों की संख्या मात्र कुछ सौ और हजार में है। यहां ऐसा लगता है जैसे कि देश में कोविड पूरी तरह से समाप्त हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार 26 दिसंबर को देश में संक्रमित लोगो की संख्या मात्र 3428 थी। इसकी तुलना में विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में 25 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते में ही 35 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए।

यह क्या संयोग मात्र है कि हम आज इतनी बेहतर स्थिति में हैं या यह भारत सरकार का कुशल प्रबंधन है जिसने सदी की सबसे भयावह महामारी से डटकर लोहा लिया और देश को एक बड़े खतरे से बचा लिया? याद कीजिये 2020 के वे शुरूआती दिन जब बीबीसी जैसे विदेशी मीडिया संस्थान यह भविष्यवाणी कर रहे थे की भारत इस विपदा से निपट नहीं पायेगा। लाशों के अंबार लग जाएंगे। शायद उनके जहन में 2014 से पहले का भारत था। पर जिस तरह से भारत ने अपने संसाधनों को विकसित किया, अत्यंत कम समय में अत्यंत प्रभावी वैक्सीन बनाई और न केवल देश में 220 करोड़ डोज सफलता पूर्वक और कुशल प्रबंधन से लगाई बल्कि दुनिया के अनेक देशों में भी वैक्सीन-मैत्री के माध्यम से अनेकों जिंदगियां बचाईं। इसने पूरे विश्व को हतप्रभ कर दिया। देशवासियों को विश्वास हो गया कि ऐसी महामारी में भी हम सुरक्षित हैं और इसी विश्वास ने न केवल देश की सामान्य जिंदगी को बल्कि अर्थ-व्यवस्था को भी तेजी से पटरी पर वापस लौटाने में बड़ी भूमिका निभाई।

आज यही विश्वास है जो हमें सुरक्षित रखे हुए है। और इस विश्वास के पीछे है भारत का असीम अनुभव और कुशल नेतृत्व। अपने पिछले तीन वर्षो के अनुभव और संघर्ष की वजह से हम पहले से कही ज्यादा तैयार हैं। हमारी वैक्सीन दुनिया की सबसे प्रभावी वैक्सीन में से एक है। अमेरिका में व्हाइट हाउस के मुख्य चिकित्सीय सलाहकार डॉ फॉची का तो यह कहना है कि भारत की कोवैक्सीन कोविड के 617 वैरिएंट को निष्क्रिय करने में सक्षम है।



-श्याम जाजू

> हमारी वैक्सीन दुनिया की सबसे प्रभावी वैक्सीन में से एक है। अमेरिका में व्हाइट हाउस के मुख्य चिकित्सीय सलाहकार डॉ फॉची का तो यह कहना है कि भारत की कोवैक्सीन कोविड के 617 वैरिएंट को निष्क्रिय करने में सक्षम है। ज्ञातव्य है कि देश के 90 फीसद लोगों को देश में बनी वैक्सीन की डबल डोज लग चुकी है।

ज्ञातव्य है कि देश के 90 फीसद लोगों को देश में बनी वैक्सीन की डबल डोज लग चुकी है। प्रसिद्ध डॉक्टर देवी शेट्टी के अनुसार देश के 90 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं जिसकी वजह से हममें अच्छी हाइब्रिड इम्यूनिटी विकसित हो गई है, जो कि कोरोना के किसी भी रूप के विरुद्ध हमारा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। पर इसके साथ ही हमारा स्वास्थ्यगत ढांचा भी आज 2020 की तुलना में कही अधिक मजबूत है। अब देश में पहले की तुलना में अधिक हॉस्पिटल बेड, सैकड़ों गुना अधिक ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। महामारी के लिए चिह्नित आइसोलेशन बेड तो पहले के 10,180 की तुलना में अब 18 लाख से ज्यादा हैं। इसी तरह से आईसीयू बेड की संख्या भी सैकड़ों गुना बढ़ गई है। पीपीटी किट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि अब सभी देश में ही तैयार हो रहे हैं और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। टेस्टिंग सेंटर भी अब पहले के 30 हजार प्रतिदिन की जगह 20 लाख टेस्ट प्रतिदिन करने में सक्षम हैं। आज भी जहां देश में लगभग 90 हजार वैक्सीनेशन और 35 हजार टेस्ट प्रतिदिन हो रहे हैं और देश भर का पूरा डेटा संभल कर रखा जा रहा है और अब ऐतिहातन भारत सरकार के निदेर्शानुसार देश के सभी एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थानों पर याद्दच्छिक (रैंडम) टेस्टिंग शुरू हो गई है वहीं प्रधानमंत्री के निदेर्शानुसार संक्रमित व्यक्तियों के सैंपल की जिनोम टेस्टिंग भी कराई जा रही है जिससे नए बीएफ 7 वैरिएंट का पता चल सके।

सरकार की यह सामायिक पहल देशवासियों के लिए भी संकेत है कि जहां हम भले ही शेष दुनिया के तुलना में बहुत बेहतर स्थिति में हों, हमें फिर भी सावधानी रखने की पूरी जरूरत है। भले ही हमारी प्रतिरोधक क्षमता अब बहुत बढ़ गई है और देश में कोरोना लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गया है, फिर भी बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है। देशवासियों को सरकार के निदेर्शों का पालन करना चाहिए, अगर बूस्टर डोज नहीं लगवाई है, तो लगवाना चाहिए। सार्वजानिक स्थानों पर मास्क का उपयोग अनिवार्यतः करना चाहिए।

हमारा तीन सालों का अनुभव, हमारे मेहनती स्वास्थ्यकर्मी, हमारा पहले से कहीं बेहतर स्वास्थ्य तंत्र और सबसे ऊपर हमारे अभिभावक स्वरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व हमें इस बात की गारंटी देता है कि अब पहले जैसे किसी भी दुःस्वप्न की पुनरावृत्ति नहीं होगी। फिर भी हमें एक बार फिर से याद रखना और दोहराना होगा- 'दो गज दूरी, मास्क है जरूरी' । इसके पहले भी कई प्रसंगों में मोदी जी ने मिसाल के रूप में विश्व को बता दिया है। हर संकट या चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित करने का मादा वो रखते हैं। इस संकट से बाहर आकर पूरे विश्व को उन्होंने यही संदेश दिया है-

' नहीं रुकेंगे बढ़े कदम
मंजिल पर ही लेंगे दम'

**(लेखक, भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## खास बात

# ठंड से बचाव

**डॉ नीरज प्रसाद**

**ठंड** के मौसम में हर्ट के मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या पर मेदांता रांची के डॉक्टर नीरज प्रसाद ने दी सलाह, पर्याप्त मात्रा में पिये पानी, ब्लड प्रेशर का रखें ख्याल। ठंड के मौसम में हार्ट के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी है जिन की हालत नाजुक हो जाती है। ऐसे पेशेंट्स मरीजों को इस मौसम में विशेष रूप से अपना ख्याल रखने की जरूरत है।

मेदांता रांची के एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी डॉक्टर नीरज प्रसाद का कहना है कि कड़ाके की ठंड में कुछ सावधानियां जरूर रखनी पड़ेगी ताकि हालात विपरीत न हो।

डॉक्टर नीरज प्रसाद ने बताया कि कुछ ऐसे भी केस होते हैं। जिनको हल करना बहुत मुश्किल होता है। कार्डियोजेनिक शॉक वाले केस काफी चैलेंजिंग होते हैं। इनमें तीन ऐसे लिजन्स होते हैं, जिनके इलाज के दौरान काफी सावधानी रखनी होती है। इनमें एक नस होती है जिसकी शुरूआत मुंह से होती है और उसमें दो-तीन ब्रांच निकलते हैं। मुंह से निकलने वाली नस में जो बीमारी होती है और उसे खोला जाता है तो बीपी क्रैश करने का डर होता है। इस हालत में बहुत सावधानी और तेजी से इलाज करना पड़ता है। इसके अलावा सीटीओ क्रॉनिक टोटल ओकुलजन होता है। यह अगर पूरी तरीके से बंद हो तो भी मैं इसे खोल देता हूं। डॉक्टर नीरज बताते हैं कि हर 3 महीने में कोई न कोई एक चैलेंजिंग केस आता है। कई केस ऐसे भी आए हैं जिन में मरीजों को 10 से ज्यादा ब्लॉकेज देखा गया। अभी तक मैंने 18 ब्लॉकेज को ठीक किया है।

मेदांता रांची के डॉक्टर नीरज प्रसाद बताते हैं कि शीतकालीन मौसम में तीन तरह की दिक्कतें आती है। तापमान कम हो जाता है, तब हमारे शरीर की नसें सिकुड़ जाती है तो रक्त का प्रवाह तेज हो जाता है। जिसके कारण ब्लॉक टूट जाते हैं। इससे हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। ठंड के वक्त 65 साल के ऊपर के लोगों को बहुत दिक्कत होती है। उनको इस मौसम में बचाकर चलना चाहिए। अगर हार्ट की बीमारी से बचना है तो किसी भी प्रकार के वैसे खाद्य पदार्थ का सेवन न करें। जिनमें निकोटिन होता है।

# मारीच की सलाह

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने सोचा कि गुरु जी ने अगस्त्य जी के बारे में बताया अतः उनके द्वारा जो भी बताया जा रहा है वह सही हो रहा है सही रास्ता है। गुरु स्वयं न बोलकर किसी दूसरे को बता देते हैं, मुर्करर कर देते हैं तो उसकी बात भी गुरु की बात मान जी जाती है। क्योंकि उनके द्वारा ही वे बताये हुए हैं। इसलिये अगस्त्य जी ने जो कुछ कहा उसके अनुसार श्रीराम जी ने खर-दूषण का सेना सहित बध किया। यही उनकी भक्ति है।

होइहिं भजनु न तामस देहा। मन क्रम वचन मंत्र दृढ़ एहा।। जौं नररूप भूपसूत कोऊ। हरिहऊं नारि जीति रन दोऊ।। शूर्पनखा की बात सुनकर रावण सोचने लगा कि खर और दूषण अति बलशाली था। अगर खर और दूषण दोनों का वध हुआ है तो अवश्य ही यह कोई अवतारी पुरुष है। वह अवतारी है कि नहीं इस बात का पता कैसे चलेगा? मैं उनकी स्त्री का हरण कर लेता हूं, अगर वे अवतारी होंगे ज्ञान संपन्न होंगे तो उनके अंदर ज्ञान के कारण दुख नहीं होगा और अवतारी के स्थान पर साधारण मनुष्य होंगे प्रकृति के भीतर के होंगे तो मेरे द्वारा मारे जायेंगे। इस तरह का विचार आने के बाद वह अपने मामा मारीच के पास गया। मारीज रूप बदलने में माहिर था। वह पूछा आने का कारण क्या है? जब रावण से सारी बात बतायी मारीच ने कहा जो आपने नाम बोला है क्या वे अयोध्या के हैं? हां राजा दशरथ के बेटा हैं। रावण हमलोगों की भेंट हो चुकी है। मैं और सुबाहु ताड़का के साथ बक्सर में रहते थे। हमलोग यज्ञ विध्वंस करने का काम करते थे। ये दोनों उस समय किशोर अवस्था में थे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**धरती** माता के संरक्षण-संवर्धन के प्रति विमर्श करने हेतु वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (इलव) में आज आयोजित 'सुफलाम् : पृथ्वी तत्व' विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुआ।

**– योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** में पहली बार हुआ अधिवक्ता संवाद। राज्य के मेहनती अधिवक्ताओं के हितों के प्रति कृतसंकल्पित राज्य सरकार।

**–हेमंत सोरेन,सीएम**





**वीर** तुम बढ़े चलो
धीर तुम बढ़े चलो
वॉटर गन की बौछार
हो या गीदड़ भभकी हजार
हो, तुम निडर डरो नहीं
तुम निडर डटो वहीं
वीर तुम बढ़े चलो

**–राहुल गांधी, सांसद**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

# क्या राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुक हैं?

**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, वह लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश में एक संवैधानिक लोकतांत्रिक परंपरा है और इसमें राजनीतिक दलों का अपना एक महत्व है। राजनीतिक दल भी हमारे संविधान की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन संविधान की भावना को चोट तब पहुंचती है, जब राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो देते हैं।' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो दल स्वयं लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हो, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदुस्तान के हर कोने में जाइए...आज भारत एक ऐसे संकट की तरफ बढ़ रहा है जो संविधान के समर्पित लोगों के लिए चिंता का विषय है। लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वालों के लिए चिंता का विषय है और वह है पारिवारिक पार्टियां।' उन्होंने कहा, पार्टी फॉर द फैमिली... पार्टी बाय द फैमिली... अब आगे कहने की जरूरत नहीं लगती है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस ने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के बाद शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं और संविधान की मूल भावना पर आघात कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने यह भी कहा कि यह सरकार प्रजातंत्र और संविधान के जश्न के आयोजन में विपक्ष का सम्मान नहीं करती और संसदीय लोकतंत्र का अपमान करती है, जिस कारण कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम से अलग रहने का फैसला किया। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद संविधान दिवस के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, सरकार कोई अवसर नहीं छोड़ती कि संविधान और संवैधानिक परंपराओं को दबाकर निर्णय लिया जाए।" शर्मा ने दावा किया, देश में कई समस्याएं और विकट परिस्थितियां पैदा हुई हैं। सरकार ने जिस तरह से कानून बनाए, उससे समाज में टकराव और और उत्तेजना पैदा हुई है। तीनों कृषि कानूनों को लेकर यही हुआ। हमने सरकार से कहा था कि विधेयक पारित कराने की एक प्रक्रिया होती है। सरकार ने प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। यही कारण है कि किसानों का एक साल तक आंदोलन चला और अब सरकार कानूनों को वापस ले रही है। अगर विपक्ष की बात सुनते तो इतना बड़ा संकट नहीं आता।' उन्होंने कहा, अभी भी समय है। सरकार अपनी कार्यशैली और अपनी मानसिकता बदले। वह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर सहमति बनाए।" उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह जानते हैं कि आजादी के संग्राम में उनके वैचारिक पूर्वजों का कोई योगदान नहीं था, बल्कि वो लोग अंग्रेजों के साथ मिले हुए थे। ऐसे में वो दूसरे नायक ढूंढ रहे हैं।' शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री दूसरे दलों को नसीहत नहीं, बल्कि हमने जो मुद्दे उठाए हैं, उस पर जवाब दें।'

लेकिन पूरे प्रकरण में यह बात भी सामने आती है कि किन कारणों से मोदी सरकार अधिक से अधिक अध्यादेश का उपयोग कर रही है? निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों का उदेश्य जनता के हित से अधिक चुनाव जीतना होता जा रहा है जिससे देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही है तो यह प्रयास सबसे अधिक सत्तारूढ़ दल को ही करना होगा।

## लेटर टू एडिटर

### सार्थक मुहिम

**पारिवारिक** संबंधों में कड़वाहट-टकराव को दरकिनार कर आपसी संबंधों को सामान्य बनाने को लेकर स्वागतयोग्य लगी। कैथल पुलिस के निर्देश पर बना कम्युनिटी लाइज ग्रुप सचमुच लोकहित कार्य कर रहा है। यह संगठन संबंधित पक्ष को बुलाकर उनमें सुलह समझौता करवा कर उन्हें एकजुट करने का पुण्य कमाता है। अपनो के बीच कोर्ट कचहरी कभी न हो।

**–अनिल, हजारीबाग**

### झांसे में न आएं

**कोरोना** से घबराई चीनी सरकार और जारी जबरदस्त विरोध के मद्देनजर चीन में सरकार ने जारी सभी प्रतिबंध हटा लिए हैं। यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि चीन कोरोना से उबर चुका है, जबकि कोरोना अनियंत्रित है। अच्छा हो कि फिलहाल चीन की यात्राएं स्थगित कर दें या टाल दें, क्योंकि चीन पहले भी इस तरह की हरकतें कर चुका है।

**– बीएल शर्मा, जमशेदपुर**

# नैतिकता की आस और ग्रेड की बात को लेकर फर्जीबाड़ा

**प्रो विवेक सिंह**

## शिक्षा

**शिक्षा** के मंदिर जो नैतिकता के केंद्र होते हैं अगर वही अनैतिक आचरण करने लगे तो लोगों का शिक्षा व्यवस्था से मोह भंग होना स्वाभाविक है। हैदराबाद स्थित मल्ला रेड्डी इंजीनियरिंग कॉलेज ने अपने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) में जिस फर्जी तरीके से नैक की आंख में धूल झोंकने का प्रयास किया वह चिंतनीय है। प्रमाणित करने के लिए कि कॉलेज के विद्यार्थी इंटर्नशिप करने के लिए अनेकों प्रसिद्ध कंपनियों में गए थे। उन कंपनियों की फर्जी लेटर हेड, सील और डिजिटल सिगनेचर का इस्तेमाल किया गया।

नैक ने जांच के बाद फजीर्वाड़े को सही पाया। संस्थान पर 5 साल के एक्रीडिटेशन के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। कहीं ना कहीं ये घटनाएं शिक्षा के गिरते स्तर को प्रदर्शित कर रही हैं। विजयवाड़ा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में भी कुछ ऐसा ही किया था। आंध्र प्रदेश स्टेट स्किल डेवपमेन्ट काउंसिल का वाटर मार्क लोगो गलत तरीके से इस्तेमाल किया था। इस कॉलेज पर भी नैक के द्वारा 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को ऐसा करने की नौबत क्यों आ गई? विगत वर्षों में ऐसा क्या हो गया है कि शैक्षणिक संस्थान अब जालसाजी पर उतर आए हैं? इसका उत्तर सीधा है नैक ग्रेड का दबाव, ग्रेड की चिंता और ग्रेड को बढ़ाने की लालच। यूजीसी की फंडिंग नैक के ग्रेड के आधार पर होती है। इसलिए हर उच्च शिक्षण संस्थान नैक ग्रेड को बढ़ाना चाहता है। कुछ शिक्षण संस्थान जालसाजी पर उतर आते हैं। इस समस्याा के अनेकों कारण हैं।

पहला कारण है उच्च शिक्षण संस्थानों में गठित आइक्यूएसी का ठीक से काम ना करना। आइक्यूएसी उच्च शिक्षण संस्थानों में इसलिए स्थापित किए जाते हैं ताकि शिक्षण गुणवत्ता विभिन्न माध्यमों से बढ़ाई जा सके। लेकिन जब आइक्यूएसी केवल कागज पर हो और धरातल पर कोई काम ना कर रही हो, कोई फैसले ना ले रही हो, फैसले ले भी रही हो तो उसको क्रियान्वित ना कर पा रही हो, समय पर मीटिंग्स ना हो रही हो, मीटिंग में उच्च स्तर का डिस्कशन ना हो रहा हो। इस स्थिति में समस्याएं तो आएंगी, जालसाजी बढ़ेगी।

दूसरी समस्या है नैक की नजरों में सभी उच्च शैक्षणिक संस्थान एक जैसे हैं। शिक्षण संस्थान चाहे गांव में हों या किसी बड़े शहर में स्थित हों। 50 साल पुराना प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हो या 5 साल पहले खुला एक नया शिक्षण संस्थान, नैक की नजर में सब बराबर हैं।

नैक को अपने मूल्यांकन प्रक्रिया में सुधार लाना आवश्यक है। एक 50 साल पुराने शैक्षणिक संस्थान को एक नए 5 साल पहले स्थापित हुए शिक्षण संस्थान से तुलना कैसे किया जा सकता है? एक छोटे से गांव में स्थित महाविद्यालय की तुलना मुंबई जैसे महानगर में स्थित महाविद्यालय से कैसे कर सकते हैं? नैक के पास दोनों तरीके के महाविद्यालयों की मूल्यांकन की कोई ठोस पद्धति या प्रक्रिया नहीं है।

नैक की अपनी भी कुछ कमियां हैं जो समय-समय पर समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। नैक के मूल्यांकन पद्धति पर भी काफी सवाल उठे हैं, हालांकि अभी मूल्यांकन पद्धति में परिवर्तन किया गया है। नैक के ग्रेडिंग के आधार और क्रियाकलापों पर भी गंभीर सवाल उठे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## असहायों के बीच गर्म कपड़े का वितरण

**बरही।** व्यवसायी गुप्ता इम्पोरियम के मालिक कृष्णा गुप्ता ने प्रखण्ड के बाराटांड मुहल्ला में असहायों के बीच गर्म कपड़े का वितरण किया।कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों को प्रमुखता दिया गया।इस अवसर पर कृष्णा गुप्ता ने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। क्योंकि शास्त्रों के अनुसार दरिद्रों में नारायण की सेवा निहित है। मनुष्य को जीवन यापन के लिए व्यवसाय के साथ साथ सामाजिक कार्यों के द्वारा जनहित कार्य करते रहना चाहिए। इससे मन को सन्तुष्टि के अलावे शांति का अनुभव होता है। कहा कि क्षेत्र के निर्धन व असहाय लोगों को कपड़ा उपलब्ध कराना और सामाजिक कार्य करना व्यवसायी भाइयों का कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोपराइटर कृष्णा गुप्ता, पूर्व उपप्रमुख प्रमोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, नेहा गुप्ता के अलावा विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार मौजूद रहे।

## कस्तूरबा स्कूल में काटी बिजली

**चरही।** चरही में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बिजली का बिल बकाया होने के कारण बिजली विभाग द्वारा बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है। बिजली के काट दिए जाने से स्कूल परिसर में रात में घोर अंधेरा छा जाता है। स्कूल समेत छात्रावास में खासकर बालिकाओं और शिक्षिकाओं के बीच काफी समस्या आ गई है। बिजली कटे तीन दिन हो गए हैं। चापनल की स्थिति भी ठीक नहीं होने के कारण पानी का संकट बन पड़ा है। बिजली बिल काटे जाने का कारण बिजली विभाग के जेई से पूछे जाने पर बताया कि अचानक नही काटा गया है। कई बार बिल जमा करने को कहा गया था। जब से बिजली का कनेक्शन दिया गया है, एक बार भी बिल जमा नहीं हो पाया है। बढ़ते –बढ़ते बिल दस लाख से अधिक हो गया है। विभागीय दबाव होने के कारण बिजली काटी गई है।

## गली गलौच और मारपीट के खिलाफ आवेदन

**चरही प्रतिनिधि।** चुरचू प्रखंड के आदर्श पंचायत जरबा के एक महिला गीता देवी पति कृष्ण कुमार प्रजापति ने वर्तमान मुखिया सुनीता देवी के पति जागेश्वर प्रजापति पर गाली गलौज और मारपीट किए जाने की लिखित शिकायत चरही थाना में दी है। शिकायत कर्ता महिला गीता देवी का कहना है बुधवार को अपनी मां के साथ आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु वंशावली में मुखिया से हस्ताक्षर कराने मुखिया आवास गई थी। इसी बीच मुखिया पति जागेश्वर प्रजापति मुझे गाली गलौज करते हुए धक्का –मुक्की करने लगा। इसमें मेरे कपड़े भी फट गए। इस घटना की जानकारी उपस्थित मुखिया से कही कि कार्य को आप खुद देखा करें। इस बात पर वह अपने पति की गलती को नहीं देख,मुझे ही बाहर जाने को कह दिया।

## 30 को कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक का निर्णय

**बड़कागांव।** एनटीपीसी बरवाडीह कोल माइंस के थ्रिवेणी अपैरल टैक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड में कार्य कर रहे वर्करों एवं विधायक अंबा प्रसाद के बीच लंगातू स्थित थ्रिवेणी सैनिक कार्यालय के सामने बैठक की गई। बैठक में वर्करों ने कंपनी द्वारा किए जा रहे अन्याय की पूरी कहानी बताई। तत्पश्चात विधायक अंबा प्रसाद ने कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर इस संबंध में अपना पक्ष रखने को कहा। बैठक में आए कनीय अधिकारियों ने कहा कि वरीय अधिकारी अभी तत्काल नहीं है इसलिए 30 जनवरी को पुनः बैठक करने का समझौता हुआ। त्रिवेणी अपैरल्स टैक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के वर्करों ने कंपनी पर कार्य से निकाल देने एवं अन्य राज्यों में काम पर भेजने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में वर्करों ने हजारीबाग अनुमंडल अधिकारी को एक आवेदन देते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। आवेदन का प्रतिलिपि विधायक अंबा प्रसाद, त्रिवेणी अपैरल्स टैक्सटाइल लिमिटेड, महाप्रबंधक एनटीपीसी, अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़कागांव ,थाना एवं डाडी कला थाना को भी प्रतिलिपि दी गई है।

# चुंगी टैक्स को लेकर आक्रोश, नव झारखंड फाउंडेशन ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता


धरने पर बैठे लोग।

**हजारीबाग।** हजारीबाग में इन दिनों चुंगी टैक्स को लेकर आक्रोश है, जिसे लेकर नव झारखंड फाउंडेशन के जिला सचिव महेन्द्र ठाकुर के अध्यक्षता में एक दिवसिय धरना, धरना स्थल पर किया गया। तथा संचालन वरिष्ट समाजसेवी विपिन कुमार सिन्हा ने किया महेन्द्र ठाकुर ने कहा यह अन्याय हम नही होने देंगे। यह तो हद हो गया, नगर निगम का राजस्व वसूली का यह कैसा नया सोच है, टैक्स वसूली में अंग्रेजों को भी फेल कर देंगे यह लोग। पहले होल्डिंग टैक्स में वृद्धि और अन्य यह चूँगी। हर मोर्चे पर वसूली में हजारीबाग को अव्वल बनाने की ओर, जिसमे अब मालवाहक से चुंगी वसूली शुरू। लाठी - डंडे से शहर के हर नाके पर पन्द्र्ह- बीस युवा वसूली के धंधे में। इसके अनुसार छोटे मालवाहक से 20 रुपया, बड़े से 40, ट्रेक्टर से और ट्रक से 100, छह चक्का के ऊपर के वाहन से 140 रुपया तय किया गया है। प्रविल मेहता ने कहा निगम बिना ट्रांसपोर्ट विभाग से समन्वय स्थापित के इस तरह का कर लगाया है। अगर यह बंद नही हुआ तो हम आंदोलन करने सड़क पर उतरेंगे , न्यायालय जाएँगे , जो भी करना पड़े करेंगे लेकिन अपने हजारीबाग के लोगों को इस तरह परेशान होने नही देंगे। फाउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के आवाहन पर उनके समर्थकों ने धरना दिया। विपिन सिन्हा ने निगम पर तीखा निशाना साधते कहा इस तरह का वसूली हम बर्दाश्त नही करेंगे। सतपाल सिंह ने कहा उपायुक्त महोदया से आग्रह होगा इस चूँगी को रोक के रखे। इस धरने पर सुबाष प्रसाद, रामधनी गोप, समाजसेवी अजित चंद्रवंशी, मो . कादिर, असलम खान, चमरू ठाकुर बालदेव प्रसाद मेहता, पंकज मेहता, लाल जी प्रसाद मेहता, रामचंद्र राम, मोहन दास, शम्भू दास आदि कई लोग उपस्थित थे।

## गुरुजी के संघर्षो के कारण झारखंड अलग राज्य बना : वीरेंद्र


गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते झामुमो नेता वीरेंद्र यादव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सुप्रिमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन के 79वें जन्मदिन पर झामुमो के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र यादव ने अपने आवास कुरसे में दर्जनों गरीबों के बीच कंबल व मिठाई का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत वीरेन्द्र यादव ने केक काटकर किया। इसके बाद सबों के बीच मिठाई व केक का वितरण किया गया। साथ ही बढ़ते ठंड को देखते हुए दर्जनों गरीब-असहाय महिला-पुरूषों के बीच कंबल बांटा गया। मौके पर वीरेन्द्र यादव ने कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन के मार्ग-दर्शन में पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जुल्म व शोषण के खिलाफ शिबु सोरेन ने आजीवन लड़ाई लड़कर गरीब-गुरबों को उनका हक-अधिकार दिलाया।

### दर्जनों गरीबों के बीच बंटे कंबल व मिठाई

उन्हीं के दिशा-निर्देश पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पार्टी को सिंचने का काम बखूबी कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि गुरू जी के संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन्हीं के कारण झारखंड अलग राज्य बना है। उन्होंने शिबु सोरेन के स्वस्थ्य शरीर व दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि उनका मार्ग-दर्शन पार्टी को मिलता रहे यही हमारी व कार्यकर्ताओं की भी कामना है। मौके पर गणेश बेदिया, जयलाल सिंह, नकुल सिंह, अमृत सिंह, महेश सिंह, राजकुमार साहु, सुन्नी यादव, कुलदीप यादव, सतीश यादव, लीलावती देवी, पवन यादव, कमलेश यादव, ओमकार सिंह, जगल बेदिया, पारस बेदिया, बिगु बेदिया आदि मौजूद थे।

### बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने की प्रेसवार्ता

## दमनकारियों के खिलाफ डटकर दूंगा जवाब : उमाशंकर


विधायक उमाशंकर अकेला, पीड़ित युवक गणेश यादव एवं पिता गोविंद यादव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने कोबरा वाहिनी 203 के समीप गोविंद यादव के आवास पर प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि 10 जनवरी को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं उनके अंगरक्षक द्वारा पोडैया निवासी गोविंद यादव एवं उनके घर वालो के साथ गाली गलौज कर उनके पुत्र गणेश यादव के साथ मारपीट करना एक जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता है।ये एक निंदनीय कार्य है।इसे सहन नही किया जा सकता है।उन्होंने शुरू से ही दमनकारियों के खिलाफ राजनीति करते आए है। ऐसी नीति वाले लोगों को वह कभी बर्दास्त नही करेंगे। बरही विधानसभा के किसी भी नागरिक के साथ ऐसी घटना को वह हरगिज बर्दास्त नही करेंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि ऐसे कृत्य करने वालो पर पुलिस प्रशासन कठोर से कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की पटना रोड सड़क चौड़ीकरण के दौरान मकान का मुआवजा में कई विसंगतियां है, जिसे लेकर उन्होंने आवाज उठाया और पटना रोड के सभी विस्थापितों को न्याय मिलने तक उनके साथ खड़े रहेंगे। जानकारी देते हुए उन्होंने अपने विकास कार्य योजनाओं को गिनवाते हुए कहा की घर घर जल नल योजना को लेकर कारीमाटी में बन रहे पानी टंकी का शिलान्यास किया। जिसके माध्यम से 11 गांव के प्रत्येक घर मे योजना का लाभ मिलेगा। जिसमें बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईया धमना, बेंदगी एवं कोनरा पंचायत के लोगो को घर घर जल नल योजना के लिए बाधित योजना को जल्द पूरा कर सभी पांचों पंचायतों में घर घर जल का नल पहुंचाया जाएगा। फरवरी से पहले इसका शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान गोविंद यादव, उनकी पत्नी, बेटा गणेश यादव भी मौजूद रहे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सह बरही विस मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सेवा दल के अध्यक्ष उदय केशरी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष यमुना यादव, बरही प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पंकज पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## अदाणी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच बांटे 250 कंबल


कंबल वितरण में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने गुरुवार को ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से गोंदलपुरा, गाली, बलोदर और रुदी गांव के करीब ढाई सौ ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन इस क्षेत्र में अपने सामाजिक दायित्वों के तहत लगातार जनकल्याण के कार्यों के लिए अग्रसर है।

आने वाले समय में भी फॉउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कार्य करने की योजना है। कार्यक्रम में गोंदलपुरा के मुखिया वासुदेव यादव, गंगा कॉपरेटिव सोसायटी की अध्यक्ष प्रभा देवी, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## बंदर बेला पैक्स का हुआ चुनाव


चयनित पैक्स सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत बंदर बेला पैक्स का पंचवर्षीय चुनाव राजेश कुमार प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी इचाक, पदमा एवं थियोपिल टुडू प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी टाटीझरिया के देखरेख में बंदर बेला पंचायत पैक्स का चुनाव संपन्न हुआ । जिसमें संतोष कुमार मेहता अध्यक्ष चुने गए, उन्हें 91 मत मिला। वही उनके प्रतिद्वंदी विकास कुमार को 65 मत मिला, तीसरे स्थान छोटन कुमार मेहता रहे

### संतोष कुमार मेहता बने पैक्स अध्यक्ष

जिन्हें 58 मत मिला, बंदर बेला पैक्स अंतर्गत 277 किसान सदस्य हैं जिनमें 219 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। पांच मत रद्द पाए गए, इस अवसर पर बंदर बेला पंचायत के मुखिया विजय कुमार मेहता, जगदीश महतो, भुनेश्वर मेहता, गोविंद मेहता, सुरेश साव, महेंद्र प्रसाद मेहता, निरंजन राणा, मिथिलेश शर्मा, नीरू मेहता, पारस मेहता इत्यादि सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद का जीवनचरित्र युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : शैलेश



स्वामी विवेकानंद जयंती मनाते आइलेक्स पब्लिक स्कूल के छात्र।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की 159 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए स्वामी जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से छात्रों के बीच चर्चा किया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता के एक बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानन्द आध्यात्मिकता से प्रभावित होकर वे अपने गुरु रामकृष्ण देव से दीक्षा लिया। उन्होंने गुरु रामकृष्ण के सानिध्य मे आकर संसार के सारे जीवों में स्वयं परमात्मा के अस्तित्व का ज्ञान दिया। विवेकानन्द ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप में हिंदू दर्शन के सिद्धान्तों का प्रसार किया और कई सार्वजनिक और निजी व्याख्यानों का आयोजन किया। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। कक्षा 6 की अकशा ने विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर आत्मा ईश्वर से जुड़ी है। इसलिए स्वयं की दिव्यता को पहचानकर स्वयं का चिंतन करना चाहिए। कक्षा 9 की खुशी ने बताया कि लोगों के द्वारा विरोध होने के वाबजूद विनम्रता से किसी भी जटिल परिस्थिति का समाधान किया जा सकता है।

# अंबा प्रसाद के दिशा–निर्देश पर जन समस्याओं का हो रहा है समाधान : जयंत

### यूथ कांग्रेस की भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई बैठक, यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो का नारा हुआ बुलंद

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस के लोग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में पतरातू प्रखंड युवा कांग्रेस की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी व संचालन शाहजादा तामील ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एनसीडीसी के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो का नारा बुलंद करते हुए प्रखंड के 46 पंचायतों के युवाओं को जोड़ने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर जयंत तुरी ने बताया कि आगामी 30 जनवरी को पतरातू डैम में युवा कांग्रेस मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयाजित की गई है।

जिसमें युवा कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन को और मजबुत बनावें। साथ ही कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए विधायक अंबा प्रसाद के दिशा-नर्देश पर जन समस्याओं का समाधान कराने में अपनी भूमिका निभावें।

मौके पर शंकर टुडू, अलीमाम, मुख्तार अंसारी, अप्पू, शुभम सिंह, सोनू, धीरज, सिकंदर, चंदन, कलाम अंसारी, संतोष हेंब्रम, विजय सोरेन, कन्हैया रजक, विवेक राज, सुमित साव आदि मौजूद थे।

# कुएं से पति-पत्नी का शव बरामद


जांच के लिए पहुंची पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुल्ही गांव के एक कुएं से 12 जनवरी की सुबह पति और पत्नी का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी पर रजरप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कुल्ही के रहनेवाले कंचन नायक पिता स्व महिलाल नायक एवं उनकी धर्म पत्नी उमा देवी का तैरता शव गुरूवार की सुबह ग्रामीणों ने कुएं में देखा। इसकी सूचना रजरप्पा थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह मौके पर पहुंचे।

वहीं, ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह ने बताया कि घटना के कारणों पर स्पष्ट रूप से अभी कुछ कहा नही जा सकता। कहा कि इसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इसपर कुछ कहा जा सकता है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली गयी प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** स्वामी विवेकानंद 160वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर 12 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे अनुमंडल कार्यालय परिसर से खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा प्रभात फेरी' का आयोजन किया गया। जिसमें डे-बोर्डिंग बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, रामगढ़, विभिन्न विद्यालय, एनएसएस एवं एनसीसी, रामगढ़ से 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग तक के लगभग 500 से अधिक युवा-युवतियां शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवक -युवतियों को संबोधित किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जब भी राष्ट्र / देश या प्रांत के विकास की बात आती है तो सबसे पहले युवा ही आगे आते हैं। क्योंकि इस उम्र के युवाओं में ऐसी ताकत व जोश होता है जिससे वे अपना और देश का भविष्य बदल सकते हैं। युवाओं में इतनी प्रतिभा होती है कि चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो, आर्ट हो या फिर अन्य व्यवसाय हो क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सभी युवक एवं युवतियों को प्रभात फेरी के लिए रवाना किया गया।


प्रभातफेरी में शामिल लोग।

## स्वामी विवेकानंद का बौद्धिक ज्ञान युवाओं के प्रेरणास्रोत : मनोज

**बरही।** स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय सह वाचनालय के सौजन्य से प्रखण्ड परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की 159वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रखण्ड के दर्जनों विद्यालय के छात्र छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इन्दवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल व संचालन शिक्षक संजय दुबे ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। जिसके बाद अतिथियों ने दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस


मौके पर उपस्थित छात्र।

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक में स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। तथा इसके साथ साथ विद्यालय में पढ़ रहे हैं कक्षा छः से कक्षा अष्टम तक के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद जी से जुड़ी विषयों पर क्यूज प्रतियोगिता करवाया गया। जिसमें कक्षा अष्टम से भाषण प्रतियोगिता में रिया कुमारी को प्रथम पुरस्कार और क्विज प्रतियोगिता में कक्षा छः से अदिति कुमारी को प्रथम पुरस्कार और रूपेश कुमार को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी आज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकताओं में से एक थे। स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि जो तुम सोचते हो वो हो जाओगे यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तुम कमजोर हो जाओगे, अगर खुद को ताकतवर सोचते हो, तुम ताकतवर हो जाओगे। इसलिए हम सभी को हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। मौके पर विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार, प्रधानाचार्य राजेश कुमार मंडल, उपप्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक रोहित कुमार वर्मा, निशा कुमारी, समेत सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा बाइपास के लिए जमीन अधिग्रहण जल्द हो : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू गुरुवार को उपायुक्त वाघमारे कृष्ण प्रसाद से उनके कार्यालय में मुलाकात कर लोहरदगा बाईपास सड़क के भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोहरदगा में बाईपास सड़क बनाने की स्वीकृति दी है एनएच 143अ में बनने वाले बाईपास सड़क में 17 गांव हिरही ,कैमो ,गुड़गामा, बंजार किसको ,जोरी ,बक्सी, सहेदा , बेठहट, निंगनी,बगड़ु,चंदकोपा, पतरातू, हिसरी, अरेया, बनसरी, सेन्हा, अरू गांव का 256 .94 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया जाएगा जिसकी लंबाई 19 .88 किलोमीटर है। विगत 5 माह पूर्व कुछ जमीन मालिकों ने कम दर पर जमीन का मुआवजा मिलने की शिकायत उपायुक्त से किया था जिसके लिए उपायुक्त ने कमेटी बनाया था ताकि जमीन मालिकों को समुचित मुआवजा मिले।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी



**भंडरा।** युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुन्दो के अध्यक्ष बासुदेव उराँव के अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। सचिव बालकृष्ण सिंह एवं सभी सदस्यों ने माल्यार्पणकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बालकृष्ण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था युवाओ उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी सत्य ज्ञान और शिक्षाओं के मूर्तिमान रूप थे ।इस अवसर पर अभिषेक सिंह,राहुल सिंह ,सतानन्द सिंह ,अनिकेत ,अशोक महतो ,कांति देवी ,संध्या कुमारी,सोनिया कुमारी,विवेक सिंह मौजूद थे।

### महिला कॉलेज में मना युवा दिवस



**लोहरदगा।** महिला महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी पर निबंध भाषण पेंटिंग एवं राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में जूही उरांव, खुशी कुमारी, निकहत परवीन, सुनीता उरांव इत्यादि ने भाषण प्रस्तुत किया। नेहा ने स्वामी जी की पेंटिंग और नयन, नेहा, निशा इत्यादि ने निबंध लेखन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के शिक्षक गण प्रोफेसर डॉक्टर जया कुमारी, प्रोफेसर डॉ श्वेता शाहदेव, प्रोफेसर शिल्पी सिन्हा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पूर्व छात्र परिषद की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** शीलाअग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र परिषद की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक मनोज दास, प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय एवं पूर्व छात्रों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। आगत अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने प्रस्तुत की। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्था में पूर्व छात्र परिषद एक महत्वपूर्ण आयाम है। विद्यालय के आचार्या जया मिश्रा में विवेकानंद पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित पूर्व छात्रों ने अपना परिचय, सत्र एवं पद के साथ दिया। विद्यालय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

### विवेकानंद के जीवन से युवाओं को लेनी चाहिए प्रेरणा : प्रवीण सिंह



**लोहरदगा।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा,लोहरदगा के द्वारा यंग इंडिया रन कार्यक्रम के अंतर्गत मैराथन दौड़ एवं स्वामी जी की जयंती का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने किया ।मैराथन दौड़ रिलायंस पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर बरवाटोली-महावीर चौक-अग्रसेन भवन-मिशन चौक होते हुए पुनः रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचकर समाप्त हुआ, तत्पश्चात स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें एवं उनकी सिद्धांतों को याद किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान अनुज उरांव, द्वितीय स्थान विकास उराव, एवं तृतीय स्थान प्रमोद उरांव ने प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कार स्वरूप शील्ड, प्रस्सति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि दिया गया एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के बीच प्रस्सति पत्र का वितरण किया गया ।मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार स्वयं के साथ साथ दूसरे व्यक्ति को भी शून्य स्थिति में अपने शामिल कर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरणा देते हैं। स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य किसी भी एक लक्ष्य एकाग्रचित्त होकर सीधा मार्ग अपनाने को कहा जिससे कि बगैर थके आप लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। विवेकानंद विचार से पूरा विश्व प्रभावित हुआ हमें उनकी मूल वचनों को आत्मसात करने की बहुत ही आवश्यकता है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी एवं उनके विचारों को आत्मसाथ कर कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्वयं अपने साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारी वह अपनी भारतीय संस्कृति गौरव को पूरे विश्व में बताया। मौके पर मंजय उरांव, विकास उरांव, अनुज उरांव, आकृति कुमारी, सुकांति कुमारी, मनिका कुमारी, प्रमोद उरांव, शिवकुमार साहूज मिथुन तमेडा,जीवन उरांव, श्याम वर्मा, विजय महतो, सुधांशु कुमार, डॉ मृत्युंजय, शुभम अग्रवाल, पप्पू पहलवान, महादेव उरांव, कुलदीप कुमार, शुभम पंकज, रोहन गुप्ता, पवन प्रजापति समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर से गुंजा आंजन

## युवा दिवस पर आंजनधाम में सुंदरकांड पाठ

**हनुमान की जन्म स्थली परें पूजा के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** लाल धरी लाली लसे अरूधरि लाल लंगुर, ब्रज देही दानव दलन जय जय जय कपी सुर। राम भक्त हनुमान की जन्म स्थल गुरूवार को जय श्री राम व जय हनुमान के नारे से गुंजता रहा। मौका था युवा दिवस पर एक शाम आंजन धाम नामक कार्यक्रम के आयोजन का ।

कार्यक्रम को लेकर आंजन धाम में आस्था का जन सलैबा उमड़ा। पूजा अर्चना के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतार लगी रही। युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कांशी के आचार्य के द्वारा सबसे पहले आंजनधाम का पूजा किया गया। जिसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ है। जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं शाम एक साथ हजारों भक्तों ने सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। जय हनुमान ज्ञान गुन सागर जय कपीस तहि लोक उजागर के मधुर ध्वनि से पूरा आंजन गांव गुंज उठा। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ से पूरा वातावरण भक्ति व आस्था में तब्दील हो गई। सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद भक्त गण विश्व प्रसिद्ध माता अंजनी व बालक हनुमान की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेकर विश्व और अपने परिवार की कल्याण की कामना की। एक शाम आंजन धाम के नाम कार्यक्रम को लेकर आंजन धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। लोग दो पहिया से लेकर जो सुविधा मिजा उसी से आंजन धाम पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। वहीं शाम में आयोजित महाआरती में भी भारी संख्या में लोगों ने शिरकत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक, राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर साहु, राष्ट्रीय महासचिव सुधीर ओहदार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय किंडो ने अहम भूमिका निभायी।

**48 घंटे का हरिकीर्तन:** वहीं एक शाम आंजन धाम को लेकर 48 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का भी आयोजन किया गया जो 10 से आरंभ हुआ और 11 जनवरी की सुबह 8 बजे समाप्त हुआ। हरि कीर्तन से पूजा को लेकर माहौल बनाया गया। हरि कीर्तन में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

**भव्य भंडारे आयोजित :** आंजन धाम पूजा करने आये भक्तों के लिए विशेष भंडारा व महाप्रसाद का भी पूजा समिति के द्वारा आयोजन किया गया था। सैकडों भक्तों ने भंडारा में भाग लिया और स्वामनी प्रसाद का लुत्फ उठाया। भंडारा में गुमला सहित कई जिलों के लोग और आंजन गांव के ग्रामीण विशेष तौर पर शामिल हुए।

# गुमला में सेना के जवान की हत्या

- अपराधियों ने तेजधार हथियार से काट डाला
- बीच बचाव में आयी पत्नी को भी किया घायल
- 15 जून को भी हुआ था जवान पर हमला, थाने में की गई थी शिकायत दर्ज फिर भी नहीं कोई कार्रवाई



मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जाते परिजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा जामटोली में बुधवार की देर रात चार से पांच की संख्या में आये अज्ञात अपराधियों ने सेना के जवान परना उरांव की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। बीच-बचाव कर रहे आर्मी जवान के पत्नी बुद्धेश्वरी देवी भी घायल है। बुद्धेश्वरी देवी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सेना के जवान परना उरांव दिल्ली में पोस्टेड है। वह 5 जनवरी को छुट्टी में आया था। पति-पत्नी तीन साल के बच्चे के साथ बुधवार रात भोजन कर घर में सोने की तैयारी हो रहे थे कि चार से पांच की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने अचानक हमला बोल दिया। पति-पत्नी कुछ समझ पाते कि हमलावरों ने महिला बुद्धेश्वरी देवी के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। उसे होश हुआ तो देखा कि पति छटपटा रहा है। वह गांव के बगल के ही रिश्तेदार को फोन किया और रात में सदर अस्पताल घायल जवान को लाया। जहां चिकित्सकों ने परना को मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो परना पर पहले भी अज्ञात अपराधियों ने 15 जून को हमला किया था। जिसकी शिकायत गुमला थाना में की गई थी। लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने सदर अस्पताल में पत्नी से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### होटल सेलिब्रेशन के मालिक को धमकाने में धनपति सिंह गिरफ्तार

**गुमला।** होटल सेलिब्रेशन इन के मालिक कमल सिंह को धमकाने के आरोप में गुमला पुलिस ने मुरगू निवासी धनपति सिंह को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। होटल सेलिब्रेशन इन के मालिक कमल सिंह ने गुमला थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराथी थी। जिसमें मुरगू निवासी धनपति सिंह के ऊपर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि 9 जनवरी की दोपहर करीब 1:00 बजे मैं अपने होटल में था। इसी दौरान धनपति से मेरे होटल पहुंचे और उसने कहा कि मुरगू में जो जमीन खरीदा है उसे मेरे नाम कर दो। जब मैंने मना किया तो उसने कमर से पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी। काफी देर तक मेरे होटल के कर्मियों को धमकाया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए निकल गए। पीड़ित ने थाना प्रभारी गुमला से मामले की जांच करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है साथी सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** अहातु थाना कुरमगढ़ कांड संख्या 4/22 के फरार आरोपी रायडीह प्रखंड के सिकोई गांव निवासी 35 वर्षीय शत्रुध्न गोसाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। कांड के अनुसंधान कर्ता पुअनि अमर पोद्दार ने बताया कि कुरूमगढ़ थाना के बारडीह गांव निवासी सबरन मुंडा ने अपनी बेटी को बहला फुसलकर बाहर ले जाने का आरोप लगाते हुए शत्रुध्न के खिलाफ अहातु थाना कुरूमगढ़ में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसपर कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया।

### झारखंड व छतीसगढ़ सीमा पर खुनी संघर्ष को पुलिस ने रोका

**जारी।** झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर स्थित जारी प्रखंड के तिगरा गांव में गुरुवार को ग्रामीणों के खुनी टकराव को पुलिस ने सक्रियता से टाल दिया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के पतराटोली गांव की एक लड़की प्रतिमा बाई कुछ बैलों को खेतों में घास चरा रही थी। इसी दौरान तिगरा के पांच लोग प्रतिमा बाई के बैलों को पकड़ कर तिगरा की ओर हांकर लाने लगे। जिस पर प्रतिमा बाई उन लोगों के पीछे पीछे दौड़ते हुए ग्रामीणों को आवाज दे रही थी कि गांव में चोर आया चोर आया। जिसके बाद पतराटोली गांव के भारी संख्या में लोग लाठी, डंडा, तलवार लेकर बैल चोर को मारने के लिए दौड़ाते हुए तिगरा पहुंचे। पतराटोली गांव के ग्रामीण व तिगरा गांव के ग्रामीण के बीच मारपीट हुई। पुलिस को सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ पुलिस व जारी थाना के प्रभारी थानेदार अजय रजक व डुमरी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने दल बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों के ग्रामीणों को समझा-बुझाकर अपने अपने गांव भेजा।

# स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर, दो की मौत

**गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर कंडरा चौक के समीप हादसा, एक दर्जन जख्मी**

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना अंतर्गत गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर कंडरा चौक के समीप कुंदगड़ी जंगल मोड़ के पास मोटरसाइकिल एवं स्कॉर्पियो के भीषण टक्कर में दो की मौत एवं एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।मृतक की पहचान हापामुनी निवासी अभिषेक पाठक और दूसरा मृतक गमहरिया निवासी के रूप में हुई।वही घायलों की पहचान लोहरदगा पावरगंज स्थित यामाहा शो रूम के परिजनों के रूप में हुई। जिसमे मालती देवी, बिगू गोप की गंभीर स्थित को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया है। घायलों में दिनेश साहू के अलावे उन्ही के परिवार के सुनैना देवी , लक्ष्मी देवी, एक बच्ची सहित एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल है। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो नंबर जेएच 08ई 6576 गुमला तरफ से लोहरदगा की ओर आ रहा था।गाड़ी में सवार सभी लोग यामाहा शो रूम के परिवार के सदस्य थे। विपरीत दिशा में पैशन प्रो मोटरसाइकिल के जे एच 07ई 5343 के बीच भिड़ंत हो गया। भिड़ंत में स्कॉर्पियो पेड़ से टकराकर पलट गया



स्कॉर्पियो में सवार एक दर्जन से अधिक सभी लोग घायल हो गए सभी घायलों को 108 एवं ऑटो के माध्यम से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ विजय कुमार पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद थाना प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया तथा सड़क में पेड़ गिर गया था उसको क्लियर करके जाम को दुरुस्त किया। घायलों को ग्रामीणों की मदद से 108 के माध्यम से पहुंचाया गया है।सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### देश के महान संत थे विवेकानंद : शाहदेव




**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती गुरुवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का श्रीगणेश सचिव अंकिता श्री, निदेशक सह प्राचार्य चंद्रकांत पाठक तथा उप प्राचार्य एलटीएन शाहदेव के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि स्वामी जी सच्चे अर्थों में हमारे देश के महान संतों में एक प्रकांड विद्वान तथा राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने शिकागो की धर्म संसद में गीता के कर्म योग तथा सनातन धर्म की प्रासंगिकता पर विराम भाषण देकर पूरे विश्व में अपने देश भारत का परचम लहराया।

# लोहरदगा में पानी किल्लत से जल्द मिलेगी मुक्ति

रोशन कुमार

**108 करोड़ की लागत से नये प्लांट के साथ पाइपलाइन बिछाने का काम जल्द शुरू होगा : कार्यपालकअभियंता**



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में आने वाले दिनों में बेहतर जलापूर्ति व्यवस्था देखने को मिलेगा।पूरे शहर में पानी की नियमित आपूर्ति को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के प्रयास से जल्द ही बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को लेकर नया प्लांट के साथ साथ नई पाइप लाइन बिछाने का निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।108 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को पूरा किया जाएगा।वही पहले फेज में शहर में नए पाइप लाइन बिछाने का कार्य बहुत जल्द शुरू होगा।नया प्लांट निर्माण को लेकर जुडको द्वारा टेंडर प्रक्रिया निकाल दी गई है।यह प्लांट भकसो कोयला नदी पर निर्माण किया जाएगा।साथ ही पीएचडी कार्यालय में 16 एमटी का ट्रीटमेंट डब्लूटीपी का निर्माण को लेकर भी प्लान तैयार है।विदित हो कि अभी 2.5 एमटी का ट्रीटमेंट डब्लूटीपी से कार्य चल रहा है।

इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में पुराने पाइप लाइन और पुराने प्लांट के चलते अक्सर पेयजल आपूर्ति में दिक्कत का सामना आता है।जिसे देखते हुए इस समस्या को दूर करने को लेकर तकनीकी अधिकारियो के साथ मिलकर प्लान बनाया गया और जल्द ही ये योजनाएं धरातल पर शुरू हो जाएगी जिससे पूरे शहर में पेयजल व्यवस्था आसानी हर घर तक पहुंचेगी।

**पांच नए पानी टंकी बनेगा :** शहरी क्षेत्र में नए पाइप लाइन और प्लांट के साथ साथ 5 नए पानी टॉवर का भी निर्माण होगा।जिससे पानी का स्टॉक में कोई कमी नही होगी और नही ही आपूर्ति में समस्या आयेगी।शहर के पुराने नगर परिषद और बरवा टोली स्थित पुराने टॉवर के जगह नए टॉवर बनेंगे वही इसके अलावा निंगनी ,महादेव टोली और पीएचडी कार्यालय में नए टॉवर बनेंगे।इनकी क्षमता में पहले के मुकाबले काफी होगा।जिससे पेयजलापूर्ति में सहूलियत होगी।

## एक नजर में

### भाभी को पीटने वाला देवर गिरफ्तार



सिसई। डायन बिसाही का आरोप लगाकर भाभी के साथ मारपीट करने वाले देवर को करंज पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में गुरूवार को सिसई थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि घायल सलमी देवी का बेटा ललित कुल्लू के द्वारा करंज थाना में लिखित आवेदन देते हुए अपने चाचा बोनिफीस कुल्लू के विरुद्ध अपने मां को बेरहमी से डायन बिसाही का आरोप लगाकर मार पीट कर घायल करने की शिकायत दर्ज करायीा गया था। घटना की सूचना पाकर करंज थाना पुलिस घटनास्थल गया और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ में बताया कि उसके दो भैंस एवं तीन बकरी की मौत हो गई थी। जिसको लेकर डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए अभियुक्त ने अपनी भाभी से मारपीट की थी। वहीं अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। घायल सलमी देवी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है।

### कम अनाज मिलने पर सीओ ने की जांच



**सिसई।** अरको गांव में राशन कार्ड धारियों को डीलर के द्वारा कम अनाज देने की लिखित शिकायत के बाद सिसई अंचल अधिकारी अरूणिमा एक्का मामले की जांच करने अरको गांव पहुंची। ज्ञात हो कि अरको के ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लिखित शिकायत की थी। जिसके आलोक में डीएसओ से मिले निर्देश पर अंचल अधिकारी अरूणिमा एक्का जांच करने के लिए अरको गांव पहुंची थी। जहां लाभूको से राशन वितरण से सम्बंधित जानकारी ली। इस दौरान कार्ड धारियों से पता चला कि राशन वितरण में लाभूको का राशन में भारी कटौती करते हुए डीलर के द्वारा वितरण किया गया है। इस संबंध मे अंचल अधिकारी ने बताया की जांच पर डीलर के द्वारा कम चावल कार्ड धारियों को देने का मामला सच निकला है। डीलर पर कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ती पदाधिकारी को लिखा जाएगा।

### डीएवी स्कूल में मनी विवेकानंद की जयंती



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में महान विचारक तथा युग परिवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों तथा शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवाशक्ति ही राष्ट्रशक्ति है। युवाओं के बिना किसी राष्ट्र का कोई भविष्य नहीं है और किसी भी राष्ट्र के एकीकरण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जोकि युवाओं में ही वह संबल तथा तेज होता है जो राष्ट्र एवं समाज की दशा एवं दिशा दोनों को परिवर्तित कर सकती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एकादश की संजना साहू ने प्रथम, कक्षा एकादश की अपराजिता तुसी एवं कक्षा नवम के प्रियांशी वशिष्ठ ने द्वितीय एवं कक्षा एकादश की याशिका अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका सुशांत आचार्या एवं लाल हरे मुरारी नाथ सहदेव ने निभाई।

### गुमला पॉलिटेक्निक में भी मनी जयंती



**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में छात्रों एवं शिक्षकों ने भारत के महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाया। जन्म दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया। संस्थान के निदेशक अभिजित कुमार एवं शासी निकाय की सदस्या रेणुका यशस्वी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी जैसे युगपुरुष के विचारों से न सिर्फ भारत अपितु पूरी दुनिया के युवाओं को प्रेरणा मिलती है और उनका जीवन उत्साह से ओत-प्रोत हो जाता है। प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू ने उनकी उक्ति उठो, जागो और तब तक रुको नहीं जबतक तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते छात्रों को याद दिलाई। संस्थान के उप-प्राचार्य ई० सुरेन्द्र प्रसाद एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत कुमार शुक्ल ने स्वामी जी के उद्गार को याद दिलाते हुए कहा कि संघर्ष जितना बड़ा होता है, जीत उतनी ही शानदार होती है।

### घाघरा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान




**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने गुरूवार को जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। प्रखंड मुख्यालय के थाना चौक से जागरूकता अभियान शुरू होकर ब्लॉक चौक, चांदनी चौक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। एसआई सूरज रजक ने बताया कि बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, नशे की हालत में वाहन चलाते एव नाबालिक द्वारा वाहन चलाते पकड़े जाने पर जुर्माना के साथ-साथ कार्रवाई भी की जाएगी।

### भाजपाइयों ने सुमित पर हमले की निंदा की



**घाघरा।** घाघरा व आदर मंडल के भाजपाइयों ने संयुक्त रूप से पालकोट के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुमित केसरी पर हुए जानलेवा हमले का घोर निंदा किया है। मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक व गोपाल गोप ने संयुक्त रूप से कहा है कि अभी तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जब से झारखंड में हेमंत की सरकार बनी है अपराधिक घटना में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही संगठन प्रशासन से मांग करती है कि जल्द से जल्द दोषियों पर करवाई हो। साथ ही सभी ने सुमित केसरी का स्वास्थ्य जल्द से जल्द ठीक हो इसके लिए कामना किया है। मुख्य रूप से कुमार रवि, श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, बिपिन बिहारी सिंह, तिबू उरांव, प्रदीप प्रसाद, आशीष सोनी, अनिल प्रसाद, अमित ठाकुर, संतोष मणि मिश्रा, राजू उरांव व प्रदीप उरांव सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

### युवा दिवस पर पियर एजुकेटर सम्मानित



गुमला। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत साथिया (पियर एजुकेटर) सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ विभाग शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से नगर भवन गुमला में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन राजू कच्छप, सेंटर फॉर कैटलॉजिंग चेंज के प्रतिनिधि और शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साथिया के द्वारा किशोर किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए योगदान को मान्यता देते हुए सम्मानित करना था। मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने उपस्थित साथिया को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस देश के युवा पीढ़ी है और और आपके द्वारा किशोर किशोरियों के विकास के लिए किए जा रहा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। आप इसे जारी रखें।

## स्पीड न्यूज

### युवा दिवस पर सम्मान समारोह



**गढ़वा।** सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस सह सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान समाजसेवी नंदलाल प्रसाद की पुत्री सौम्या को सीए बनने पर शॉल देकर सम्मानित किया गया। अलखनाथ पांडेय ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनसे सीख लेकर सामाजिक जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। मौके पर रवि केशरी, बलराम भगत, रमेश कश्यप, गौरीशंकर बिंद, अभिशेक केशरी, टुबूल, दौलत सिंह, मनीष कमलापुरी, अरविंद गुप्ता, मंटू, संतोष सिंह, नितेश कुमार, गुड्डू, रुपेश गुप्ता, संजय अग्रहरि, गौरव जायसवाल, गौतम शर्मा, विक्की पटवा, रितेश कुशवाहा, अनिकेत राज, सौम्या के पिता नंदलाल प्रसाद, मां अंजू देवी आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने 65 कंबल बांटे



**रमना।** सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने पंचायत में स्टाल लगाकर गरीब, असहाय, वृद्ध, विधवा के बीच अपने निजी खर्च से 65 कंबल का वितरण किया। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य प्रदीप राम, दिलवा देवी, अंजली देवी, हीरा विश्वकर्मा, राजू रंजन सिंह, कर्मदेव बैठा, परशु मेहता सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### अभाविप ने निकाली शोभायात्रा



**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांडी ईकाई द्वारा गुरूवार को नगर मंत्री प्रिन्स कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाले युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में लगभग सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। युवाओं एवं छात्रों ने ज्ञान दर्शन कोचिंग सेंटर से बाजार के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्ता स्वामी विवेकानंद अमर रहे, विद्यार्थी परिषद जिंदाबाद, सुंदर सुहाना भारत देश जैसे नारे लगाए। इसके बाद शोभायात्रा ज्ञान दर्शन कोचिंग सेंटर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। जहां सभी कार्यकताओं ने स्वामी विवेकानंद के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर नगर मंत्री ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी आध्यात्मिक मार्गों का अनुकरण करते हुए दुनिया के दिग्गज राष्ट्रवाद के योद्धा बनें। मौके पर शिक्षक धर्मेंद्र मेहता, अजय पासवान, नगर छात्रा प्रमुख सोनाक्षी कुमारी, नगर सह मंत्री लक्की कुमार, सदस्य राजा कुमार, पंकज मेहता,अनपूर्णा सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### यज्ञ को ले हनुमत ध्वज की स्थापना



**कांडी।** कोरगाईं गांव में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन को लेकर श्री हनुमत ध्वज की स्थापना की गयी। यहां मार्च महीने में यज्ञ के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। खरौंधा पंचायत अंतर्गत कोरगाईं गांव में पावन सलिला कोयल नदी के तट पर श्री श्री 1008 श्री रामानुजाचार्य वैष्णव मणि नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वे पिछले 15 दिनों से गांव के देवी मंडप में विराजमान हैं। इसी देवी मंडप के निकट यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री हनुमत ध्वज की स्थापना की गयी। इस यज्ञ में स्थानीय सभी गावों के साथ साथ कोयल पार पलामू जिला से काफी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेंगे।

### बाइक चोरी में दो गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने कैलान जंगल से दो माह पूर्व लूटे गये मोटरसाइकिल की घटना में दो आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान जंगल से 14 नवम्बर को ग्लैमर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 एबी 8371 लुटेरे के द्वारा लूट लिया गया था। जिसका थाना कांड संख्या 181/22 धारा 379 भादवी के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा कांड के अनुसंधान के लिए टीम का गठन किया गया। अनुसंधान टीम के द्वारा लगातार छापामारी किया जा रहा था। 11 जनवरी को उंटारी रोड थाना के सहयोग से गठित टीम के द्वारा छापामारी कर लूटी गई मोटरसाइकिल एवं दो लुटेरे पिता पलामू जिला के पाण्डु थाना के बंदला ग्राम निवासी दिनेश शर्मा के पुत्र ज्ञानेन्द्र शर्मा एवं गढ़वा के करमडीह निवासी अधेन्द्र शर्मा के पुत्र अनिकेत शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सांसद ने किया दो सड़कों का शिलान्यास



**कांडी।** पलामू सांसद बीडी राम प्रखंड के चार पंचायत चटनियां, लमारीकला, घटहुआं कला व कांडी का दौरा कर सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान सांसद बीडी राम व भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दो सड़कों का शिलान्यास भी किया। मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि कांडी प्रखंड के तीन सड़को की निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें मरहटिया से बेलहथ, सोहगाड़ा से गरदाहा मोड़ व मोखापी मोड़ से कांडी तक की तीन जर्जर सड़क शामिल है। कहा कि प्रखंड के जिस गांव व टोला में अभी तक बिजली नही पहुंची है वहां पर जल्द ही बिजली पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चैबे को क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं। भाजपा नेता मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सभी लोगों का समान रूप से विकास करती है। कार्यक्रम में चटनियां मुखिया पूजा देवी, लमारीकला मुखिया शशि कुमारी, घटहुआं कला मुखिया कौशल्या देवी व कांडी मुखिया विजय राम ने अपनी अपनी पंचायत की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मौके कर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलला दुबे, भोला चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, राणाडीह मुखिया ललित बैठा, मुखिया पूजा देवी, मुखिया शशि कुमारी, मुखिया कौशल्या देवी, राम लखन प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा : अन्नपूर्णा

### कोडरमा में रोजगार मेला सह कौशल महोत्सव में उमड़ी भीड़





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बागीटांड स्टेडियम में एनएसडीसी के तत्वावधान में रोजगार मेला सह कौशल महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, विधायक केदार हाजरा, विधायक अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव में कोडरमा के अलावे हजारीबाग, गिरिडीह आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आये युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के द्वारा देश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गम्भीर प्रयास किया जा रहा है, देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के महोत्सव का आयोजन कर हजारों युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया गया है, इसी कड़ी में कोडरमा में भी महोत्सव का आयोजन किया गया है, उम्मीद करते हैं कि जिन युवाओं को विभिन्न कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर अथवा रोजगार दिया गया है वे अपनी कार्य क्षमता को साबित कर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कोडरमा के लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां एक मंच पर 12 सेक्टर के 50 से भी अधिक कम्पनियों के द्वारा युवाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य की है। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि बचपन में तीज त्योहारों में पर मेला लगने की जानकारी होती थी, परन्तु अब के समय में रोजगार देने के लिए जिस तरह से मेला का आयोजन किया जा रहा है, वह काफी सार्थक सिद्ध होगा, युवाओं को भविष्य निर्माण में ये रोजगार मेला काफी उपयोगी साबित होगा।

जमुआ विधायक केदार हाजरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में कौशल महोत्सव के जरिये युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने नौकरी पाए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के समय मे शिक्षित बेरोजगार युवाओं की एक लंबी लाइन है, यदि नियमित रूप से इस तरह के महोत्सव का आयोजन किया जाय तो बड़ी संख्या में युवा रोजगार पाकर देश और समाज की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उपायुक्त आदित्य रंजन ने युवाओं से कहा कि सिर्फ डिग्री के लिए नही बल्कि काबिलियत के लिए पढाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल विकास बहुत जरूरी है, आज के समय में शिक्षा के साथ साथ हुनरमंद होना बहुत जरूरी है, तभी आप हर क्षेत्र में सफलता पा सकते है। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, कोडरमा सीओ अनिल कुमार, भाजपा नेता रमेश सिंह, राजकुमार यादव, बैजनाथ यादव, चंद्रभूषण साव, पप्पू पांडेय, नरेंद्र पाल के अलावे भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**नियुक्तिपत्र पाकर खिल उठे युवाओं के चेहरे :** रोजगार मेला सह कौशल महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आये 6 हजार से अधिक युवक युवतियों ने अपना निबन्धन करवाया था और साक्षात्कार के उपरांत अंतिम रूप से विभिन्न कम्पनियों के द्वारा चुने गए अभ्यर्थियों को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और अन्य अतिथियों के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही अन्य युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया, जिन्हें प्रशिक्षण के उपरांत नियुक्ति पत्र देने की बात कही गयी। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही कई अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। वहीं एनएसडीसी दिल्ली के जीएम पंखुड़ी ने बताया कि कौशल महोत्सव में विभिन्न जगहों से करीब 9 हजार युवक युवतियां रोजगार के लिए अपना निबन्धन करवाये थे। निबन्धन, कैरियर काउंसिलिंग और साक्षात्कार आदि प्रक्रिया को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने में एनएसडीसी के सभी पदाधिकारियों और उपायुक्त समेत जिला और पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

# सड़क सुरक्षा नियमों को नजरअंदाज न करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते चतरा के डीसी अबु इमरान।

**चतरा।** बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देश के आलोक में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय चतरा द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घुमकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारें में लोगों को जागरूक करेगा। उपायुक्त ने कहा कि बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए इसपर नियंत्रण हेतु पूरे जिले भर में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों में जागरूकता नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हो रही है। युवा पीढ़ी दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते है, तीन लोड लेकर चलते है, वहीं चार पहिया में बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाते है साथ ही नशा कर वाहन चलाते है। सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने के कारण ऐसे लोगों कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु होती है। उन्होने मौके पर आमजनों से अपील किया कि अपने 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को वाहन चलाने न दें एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन करें। जिससे हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जा सके।

### बंद पत्थर खदान से युवक का शव बरामद

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा शमशान घाट के समीप बंद पड़े पत्थर खदान में बुधवार को एक युवक रविन्द्र कुमार मेहता पिता बाबूलाल मेहता नीचेटोला कालीमंडा निवासी की गिरने से मौत के मामले में एनडीआरएफ की टीम नहीं पंहुचने के कारण घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी शव को नहीं निकाला जा सका है। इसे लेकर परिजनों ने महेशपुर चैक पर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया एवं जाम के कारण लोग घंटों फंसे रहे। जाम की सूचना पर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एसआई विनय कुमार सहित दल-बल के लोग घटनास्थल पर पंहुचकर परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि घटना का 24 घंटे से ऊपर हो चुका है, मगर प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई गोताखोर या अन्य किसी साधन की व्यवस्था नही की गई है। प्रशासन हमलोगों को सिर्फ झूठे आश्वासन में उलझाकर रख रही है।

### सांसद व उपायुक्त ने किया मर्सी आवासीय विद्यालय का शुभारंभ

**कोडरमा।** जिले में बौद्धिक अक्षमता एवं मूकबधिर छात्र-छात्राओं के लिए मर्सी आवासीय विशेष विद्यालय का शुभारंभ किया गया। इस दौरान केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अमित कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया गया। यह विद्यालय गिरीडीह डोमचांच रोड लोकाई में स्थित है। वहीं सांसद ने कहा कि इस तरह के विशेष विद्यालय खुलने से बच्चों को काफी फायदा होगा, यह जिला प्रशासन की अच्छी पहल है। इससे बच्चे आपस में घुल मिल सकते हैं, बच्चों को चिन्हित कर प्रशिक्षित किया जायेगा। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयोग है कि समाज के मुख्य धारा से जितने लोग अलग हैं, उन्हें मूलभूत सुविधाएं दे सकें।

## टीडीएम कॉलेज में पूर्व मंत्री को दी गयी श्रद्धांजलि



श्री बंशीधर नगर। ठाकुर दयाल देव मनिकराज इंटर महाविद्यालय शासी निकाय के सदस्य पूर्व मंत्री सह विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर टीडीएम इंटर कॉलेज एवं शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में टीडीएम कॉलेज परिसर में शोक सभा की गई। प्राचार्य धनंजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोक सम्पत परिवार को अपर दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

कॉलेज और शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा एकीकृत बिहार में देहाती जी विधायक के रूप में इस क्षेत्र के पहचान थे। किसानों और गरीबों के लिए उनका पूर्ण समर्पण आज प्रेरणा बन चुका है। कनहर डैम बनाने की मांग को लेकर बिहार विधान सभा के अंदर कई दिनों तक अनशन पर बैठकर उन्होंने क्षेत्र के लिए सर्वस्त्र न्यौछावर करने की अपने मंशा को उजागर किया था। वह जीवनपर्यंत किसानों और गरीबों की सेवा में जुटे रहे। महाविद्यालय परिवार इस बात को लेकर गौरवान्वित है कि उनके नक्शेकदम पर चलकर उनके पुत्र विधायक भानु प्रताप शाही अपने पिता के आदर्शों को आत्मसात करते हुए जनसेवा में इतिहास रच रहे हैं। महाविद्यालय शासी निकाय के प्रमुख सदस्य के रूप में विधायक श्री शाही का मार्गदर्शन हम सब को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में कॉलेज परिवार विधायक श्री शाही के साथ खड़ा है। मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य धनन्जय सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए बड़ी क्षति है।

# राजस्व का चुना लगा रही हैं आउटसोर्सिंग कंपनियां

खबर मन्त्र संवाददाता

- आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत अंबे माइनिंग के खिलाफ पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन ने खोला मोर्चा
- कोयला मंत्री, वित्त मंत्री, सीएम, सांसद, विधायक व कोल मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों को भी एसोसिएशन ने लिखा पत्र
- इस कंपनी के विरुद्ध 83 करोड़ के गबन की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है सीबीआइ
- टेरर फंडिंग के मामले में पूर्व जीएम एके ठाकुर जेल जा चुके हैं

**सिमरिया / चतरा।** अवैध खनन और टेरर फंडिंग के मामले में बदनाम चतरा के टंडवा में संचालित सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। इस बार परियोजना के विवादों में घिरने का कारण अवैध माइनिंग और टेरर फंडिंग नहीं है, बल्कि इसमें कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा परियोजना के भीतर कोयला खनन और ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहनों, मशीनों में चोरी और कालाबाजारी के डीजल का अवैध उपयोग कर केंद्र और राज्य सरकार समेत सीसीएल को प्रतिमाह करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाने का मामला है। दरअसल चतरा पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दो दिन पूर्व कानपुर से धनबाद के लिए निकली अवैध डीजल लदे दो टैंकरों को सिमरिया में पकड़ा था। सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम के दस्तावेज पर निकले इन टैंकरों को धनबाद जाना था। लेकिन यह दोनों टैंकर धनबाद ना जाकर चतरा के टंडवा में आम्रपाली कोल परियोजना भेजी जा रही थी। जहां संचालित वाहनों और मशीनों में इस कालाबाजारी और चोरी के डीजल की खपत होनी थी। इसका खुलासा पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने ही किया था। अंबे माइनिंग के इस काले करतूत का खुलासा तब हुआ था, जब इंडियन ऑयल के ब्लैक लिस्टेड टैंकर में रिलायंस कंपनी का डीजल लोड होने के दस्तावेज वाहनों से पकड़े गए थे। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के अनुसार पेट्रोलियम मंत्रालय के नियमों के अनुसार इंडियन ऑयल के टैंकर में किसी भी परिस्थिति में रिलायंस का डीजल लोड नहीं हो सकता। बावजूद आम्रपाली कोल परियोजना के अधिकारियों की मिलीभगत से आउटसोर्सिंग कंपनी अंबे माइनिंग के प्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न कंपनियों के टैंकरों से चुराए गए डीजल के खेप को एकत्रित कर ब्लैक लिस्टेड टैंकर में लोड कर अवैध उपयोग के उद्देश्य से आम्रपाली परियोजना लाया जा रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पकड़कर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सिमरिया पुलिस को सुपुर्द कर दिया था। इस पूरे मामले में अंबे माइनिंग के विरुद्ध प्राथमिकी को लेकर एसोसिएशन ने पुलिस को आवेदन दिया था। पुलिस ने सीसीएल के अलावे पेट्रोलियम मंत्रालय और सेल टैक्स से टैंकरों से जब्त दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट मांगा है।

ट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार शुभम ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर अंबे माईनिंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। चतरा पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन ने कोयला मंत्री, वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री के साथ-साथ कोयला मंत्रालय के वरीय अधिकारियों को पत्र भेजा है। इसकी प्रतिलिपि सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन दास, डीसी व एसपी को भी प्रेषित किया गया है।

## एक नजर में

### आरएनएम कॉलेज में मना युवा दिवस



**चतरा।** हंटरगंज रामनारायण मेमोरियल महाविद्यालय के सभागार में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ एनएसएस गान और क्लैपिंग से किया गया। स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज उस महापुरुष की जयंती मनाई जा रही है जिसकी बुद्धिमानी और हाजिर जवाबी की पूरी दुनिया कायल थी ।हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है तभी हम उस महापुरुष के लिए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

### चतरा कॉलेज में मनी स्वामीजी की जयंती



चतरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस के मौके पर चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड सभागार में संगोष्ठी सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चतरा जिला परिषद के उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी और विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य आर .पी राय, अभाविप विश्वविद्यालय संयोजक प्रवीण कुमार सिंह,प्रोफेसर मनीष दयाल संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिप उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने महान कर्म एवं विचारों से स्वामी विवेकानंद जी ने जहां कहीं गए वहीं लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया उनके विचारों को याद करके आज भी लोग अपने लोग उन्हें अपना आदर्श मानते हैं । मौके पर रोहित पांडे, नगर मंत्री मुन्ना यदुवंशी, शुभम कुमार, रितेश राणा ,रौनक सिंह, अर्णव श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, शिव शंकर पांडे , आशीष कुमार, प्रियांशु पांडे,साहिल कुमार, प्रियांशु सिंह दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संगोष्ठी और खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**इटखोरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटखोरी नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर करनी उच्च विद्यालय के मैदान में संगोष्ठी व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी सुजीत भारतीय,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शालिनी शर्मा, उच्च विद्यालय करनी प्रधानाध्यापक दशरथ दांगी, पूर्व मुखिया सीताराम दांगी आइडियल इंटर कॉलेज प्राचार्य पीयूष कुमार जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सुजीत भारती जी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा आज के युवाओं को विवेकानंद जी के उस भारत माता के प्रेम को याद करना चाहिए जब शिकागो से धर्म सम्मेलन कर भारत लौटते ही अपने देश के जमीन पर लेट कर भारत माता से प्रेम को जाहिर किया था। मौके पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला संयोजक आशीष कुमार दांगी नगर मंत्री राहुल गुप्ता नगर सह मंत्री आनंद कुमार यादव निशांत कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टंडवा में युवा दिवस पर कंबल वितरित



**टंडवा(चतरा)।** इस वर्ष भी चुंदरु धाम के स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय सह वाचनालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन दास एवं सेवा संस्थान के अध्यक्ष सह संस्थापक प्रो. बिगुल प्रसाद, भाजपा नेता अक्षयवट पांडेय गोविंद तिवारी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। ततपश्चात विश्व कल्याण हेतु ऊं जय जगदीश हरे की सामूहिक प्रार्थना की गई, इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु भाग लिए। इसके साथ ही असहाय लोगों के बीच कम्बल, स्वेटर इत्यादि राहत सामग्रियों का वितरण किया गया।

### सेमिनार को ले परामर्शदात्री समिति की बैठक



इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय में आगामी 30 व 31 जनवरी को आयोजित होने वाली नेशनल सेमिनार को लेकर गुरुवार को परामर्शदात्री समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने की। बैठक में सेमिनार में आने वाले अतिथियों को ठहराव, स्वागत, भोजन एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। सेमिनार को सफल बनाने को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इस मौके पर प्रो जानकी दांगी, प्रोफेसर श्यामसुंदर प्रसाद, प्रोफेसर सकेंदर मिस्त्री, श प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी, प्रोफेसर संदीप कुमार, प्रोफेसर महेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर ललित कुमार सिंह मौजूद थे।

### पूर्व प्रधान लिपिक रामदास राय का निधन

**इटखोरी।** केबी हाई स्कूल इटखोरी के पूर्व प्रधान लिपिक रामदास राय (85) का गुरूवार सुबह करीब 4 बजे इटखोरी के राय टोला स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मुहाने घाट पर किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर बजरंग सिंह, कुमार यशवंत नारायण सिंह, महेश सिंह, शालिग्राम सिंह, सुधीर राय, टुन्नी सिंह, राजेन्द्र राम, अशोक सिंह बबलू राय, बद्री राय आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### डीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वहीं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से सदर अस्पताल में मौजूदा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी, एक्स-रे रूम, इमरजेंसी, अल्ट्रासाउंड, लेबर रूम, लैब, डीसीएचसी समेत कई वार्डो का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि अस्पताल में छोटी-छोटी त्रुटियों को दुरुस्त करें। उन्होंने सीएस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसका ख्याल रखें। साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर व सुद्दढ़ करने को लेकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी लगन के साथ कार्य करने की बात कही। उपायुक्त ने डीपीएम को अस्पताल के जगह जगह पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य से संबंधित बैनर, पोस्टर लगाने की बात कही। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ अनिल कुमार, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, आयुष्मान भारत डीपीसी सुमित सिन्हा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**चंदवा।** चंदवा में गुरूवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद चौक, जीटीपीएस विद्यालय समेत कई स्थानो पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां लोगो ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया व पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जीटीपीएस स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विद्यालय के सचिव प्रवीण सिंह, अजात शत्रु, हिमांशु सिंह व प्रशांत सिंह ने किया। वहीं अभाविप के द्वारा स्वामी विवेकानंद चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर विश्वविद्यालय संयोजक कुमार नवनित, नगर मंत्री प्रिंस राज, कुश, आर्यन, शिवम, अभिषेक समेत कई लोग मौजूद थे।

### बच्चे से मिलकर लौट रहे पिता को अज्ञात वाहन ने मारा धक्का

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के वनशक्ति मंदिर के पास गुरुवार की शाम लगभग 4 अज्ञात वाहक ने बाइक सवार युवक को चपेट में लेते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा चंदवा सीएचसी के मेडिकल टीम की मदद से उसे गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान अंबेडकरनगर चंदवा निवासी रंगा भुइयां पिता स्व. विलाश भुइयां के रूप में हो रही है। बताया जाता है रंगा भुइयां की पत्नी सोनिया देवी अपने मायके डेमू में बच्चे को जन्म दिया था। रंगा भुइयां अपने नवजात बच्चे से मिलकर लौट रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

### झारखंड आंदोलनकारी नेता महेंद्र उरांव को दी गयी श्रद्धांजलि

**चंदवा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्रामागार परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां अलग झारखंड राज्य आंदोलन के वरिष्ठ नेता महेंद्र उरांव (65) को श्रद्धांजलि दी गयी। महेंद्र उरांव का निधन मंगलवार को चंदवा के कुसुमटोली स्थित उनके पैतृक आवास में हो गया था। झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में महेंद्र उरांव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, आंदोलन के दौरान कई बार उन्होंने लाठियां भी खाई थी, लेकिन दुर्भाग्य कहें कि आज तक ने आंदोलनकारी का दर्जा तक नहीं मिल पाया। मोर्चा का प्रयास रहेगा कि महेंद्र उरांव को आन्दोलनकरी का दर्जा मिले। मौके पर धनेश्वर उरांव, जितेंद्र सिंह, रसीद खान, सुधीर प्रसाद, प्रमोद गंझु, महेश उरांव, महावीर उरांव, प्रमोद उरांव, बेलस तोप्पी, गुलाब प्रजापति, सुरेंद्र भगत, पुरुषोत्तम पाहन, सुजीत कुमार, भुनेश्वर गंझू समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण में

➲ 32 टीमें ले रही हैं भाग, विजेता को मिलेगा 21 हजार

**चंदवा।** युवा भारत चंदवा की ओर से हाई स्कूल खेल स्टेडियम में धरतीपुत्र जस्टिस एल.पी.एन.शाहदेव की स्मृति में आयोजित टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का उद्घाटन 15 जनवरी दिन रविवार को दिन के 11 बजे किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए युवा भारत के मनीष गुप्ता चांदो, दारा सिंह, अंकित कुमार ने बताया कि इस टूनार्मेंट के उद्धाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतुल शाहदेव होंगे जबकि आमंत्रित अतिथि के तौर पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक,अमित गुप्ता,20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू,पहड़ा राजा धनेश्वर उराँव,उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा,अवधेश यादव,हाजी फिरोज अहमद और रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश प्रसाद होंगे। दारा सिंह ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। विजेता टीम को 21 हजारऔर उपविजेता को 15 हजार नकद के साथ ट्रॉफी दी जायेगी। इस टूनार्मेंट के प्रायोजक जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन और सह प्रायोजक रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट है।

### बाइक दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार


जानकारी देते एसडीपीओ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने मोटरसाइकिल दिलाने के नाम पर एक युवक से 53 हजार रुपये ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना परिसर में गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने बताया की विवेक कुमार यादव पिता स्व. अरुण यादव ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा था कि उसे हीरो कंपनी का ग्लेमर बाइक दिलाने के नाम पर साइबर ने ठगी कर लिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में 165/22 419,420 आईपीसी एंड 66 (सी) 66 (डी) आईटी एक्ट दर्ज किया गया था। जिसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और जिस मोबाइल नंबर से फोन आया था। उसका तकनीकी विश्लेषण किया गया तो उसका लोकेशन ग्राम नवादा थाना सारठ जिला देवघर बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. हुसैन अहमद 32 वर्ष पिता समसुद्दीन मियां, शमशेर मियां 49 वर्ष पिता जीतन मियां दोनो ग्राम नवादा,थाना सारठ जिला देवघर निवासी को गिरफ्तार किया गया। मौके पर से सैमसंग कंपनी का दो कीपैड मोबाईल, पांच एनरॉइड मोबाइल (विभिन्न कंपनी का) बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनो साइबर अपराधियों को लातेहार जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में बालूमाथ थाना एसआई मनोज मुर्मू, वीरेंद्र पासवान साइबर सेल, सुरेश सिंह साइबर सेल सहित शस्त्र बल के जवान शामिल है।

## बालूमाथ में जन जागरण-सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य समागम का हुआ आयोजन

# भारत की संस्कृति पूरे विश्व में फैलेगी : सुबेदार जी

- सरना-सनातन एक है, बिरसा मुंडा के हम सभी लोग संतान हैं : कर्मवीर सिंह
- जन जागरण के माध्यम से रुकेगा लव जिहाद व धर्मांतरण : चेतलाल रामदास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम में गुरुवार को जन जागरण संस्कृति उत्सव लोकनृत्य समागम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धर्म जागरण समन्वय प्रमुख उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सूबेदार जी ने कहा कि भारत माता की सुंदरता बनाए रखने के लिए सारा विश्व भारत की ओर देख रहा है, कि भारत कब नेतृत्व करेगा। भारत की संस्कृति पूरे विश्व में फैलेगी तो दुनिया से आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। दुसरा धर्म कहता है कि धरती में सिर्फ उन्हे हीं रहने का हक है। जबकि हिंदू समाज कहता है कि धरती में सभी लोगों का रहने का अधिकार है। आज धर्मांतरण बढ़ रहा है इसे रोकने की आवश्यकता है। एक समय था जब भारत में ईरान, बांग्लादेश अफगानिस्तान, पाकिस्तान भारत का हिस्सा हुआ करता था और आज हिंदू में जागरूकता की कमी होने के कारण टूटता चला जा रहा है, हमें इसका समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा कि लव जिहाद का दूसरा नाम सेकलुर है। पलामू में चेरों राजा हुआ करता था। जिन्होंने मुगलों को पराजित किया था। रोहनिया बांग्लादेशी झारखंड में घुसा है सेकुलर पार्टी वोट बैंक के लिए इन्हें संरक्षण दे रही है। जन जागरण के माध्यम से लव जिहाद धर्मांतरण को रोका जा सकता है। उन्होंने माता और बहनों को आह्वान करते हुए कहा है कि धर्म जन जागरण के तहत मंदिर जाए व धर्म के हर कार्य से जुड़े और लव जिहाद धर्मांतरण को रोकने के लिए आगे आये।

### सारा विश्व भारत की ओर देख रहा है


मंचासीन अतिथि।


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व मौजूद लोगों की भीड़।


झांकी के माध्यम से देश की संस्कृति प्रर्दशित करते कलाकार।

**झारखंड और ओडिशा से आये कलाकरों ने किया एक बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत**

जनजागरण संस्कृतिक उत्सव के अवसर पर झारखंड के गुमला, भरनो, सिमडेगा, चाईबासा, खरसावां सही विभिन्न जिलों के अलावा ओडिसा राज्य से आए कलाकारों ने आदिवासी नृत्य कड़सा नृत्य, पाइका नृत्य, मुण्डारी नृत्य, छउ नृत्य, नागपुरी नृत्य और नाटक मंचन कर एक से बढ़कर एक कला का पर्दशन किया और अपनी कला से आये लोगो से अतिथियों और ग्रामीणों का मन मोह लिया ।नृत्य संगीत के माध्यम से आये हुए कलाकारो ने यह सन्देश देने का प्रयास किया कि पहले भी आदिवासियों को बाटने की कोशिश की गई थी एव आदिवसियों पर दमन किया जाता था, जिसे आदिवासियों ने संघर्ष कर अपने अस्तित्व व संस्कृति को बचाने का काम किया। वही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के बीच पुरुस्कार वितरण किया गया।

### हम सभी बिरसा मुंडा के संतान हैं : कर्मवीर सिंह

विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि लोग सेवा के नाम पर धर्मांतरण कर रहे हैं। सरना-सनातन एक है बिरसा मुंडा के हम सभी लोग संतान हैं। उन्होंने भी लोगों को जगाने का कार्य किया था। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था कि छुआछूत कुछ भी नहीं है। आज कुछ लोग हमारे घर में खाना खाते हैं और वहीं छेद कर दिया करते हैं।

### धर्मांतरण हमारे समाज के लिए अभिशाप हमसभी को भेदभाव मिटाना होगा : सुमन जी

क्षेत्रिय संगठन मंत्री हिंदू जागरण मंच के सुमन जी ने कहा कि बड़ी मुश्किल से मिली है आजादी, देश के गद्दारों को चैन से सोने नहीं देंगे, धर्मांतरण हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है हमें भेदभाव को बुलाना होगा। हिंदू समाज को जगाना होगा। हिंदू समाज को लोभ देकर धर्मांतरण करा रहे है। लभ-जिहाद और पॉपुलेशन जिहाद दोनों चलाया जा रहा है। हमारे लोग हम दो हमारे दो का नारा लगाते हैं और कुछ लोग बेतहासा जनसंख्या बढ़ाने में लगे हुये हैं।

### जन जागरण से रुकेगा धर्मांतरण : चेतलाल

भाजपा नेता चेतलाल राम रामदास ने कहा कि आज हमारे क्षेत्र में धर्मांतरण व लभ जिहाद की घटनाएं बढ़ी है। इसे जन जागरण के माध्यम से रोका जा सकता है और आज चमातू से इसकी शुरूआत हो चुकी है ।हम लोग पूरे झारखंड में जन जागरण के माध्यम से धर्मांतरण और लव जिहाद को रोकने का कार्य करेंगे। मंच को जन जन जन जागरण के लालू यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व आए हुए अतिथियों का स्वागत बुके अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह, नगाड़ा, मांदर भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता राजधानी यादव, उप-प्रमुख कामेश्वर राम, बरवाडीह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बालूमाथ जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, नगर अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिला महामंत्री पंकज सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बारियातू भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह, चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, दीपक निषाद, महेन्द्र साहू, रिकी वर्मा, राजकुमार पाठक, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया।

### आज लोग गाय पालना भुल गये और कुत्ता पाल रहे हैं : किशुन दास

सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक किशुन दास ने कहा कि झारखंड में आज चटाई बेचने वाला, कबाड़ी लेने वाला, सुई देने वाला हमारे घरों में घुसकर हमारी मां बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं और उसे लभ जिहाद बनाया जाता है। हिंदू है तभी हिंदुस्तान है हिंदू है तभी संस्कृति है। हम लोगों को ऐसे लोगों को रोकने की आवश्यकता है, वही धर्म जागरण के मधुसूदन जी ने कहा कि विशेष समुदाय के लोग कभी भी आतंकवाद का विरोध नहीं कर सकता है, आज रामदेव बाबा पूरे विश्व में 200 देशों में योग चला रहे हैं। लेकिन भारत में ही इसका विरोध किया जाता है। वेद में भी जंगल नदी प्रकृति की पूजा का वर्णन है और आदिवासी जनजाति वनवासी वह भी प्रकृति की पूजा करते हैं। लोग सरना और हिंदू धर्म अलग-अलग बांटने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसे रोकना होगा।

### इस देश का प्राण भाषा, भाव, संस्कृति, धर्म है : आशा लकड़ा

रांची के मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि इस देश का प्राण, भाषा, भाव, संस्कृति धर्म है। इसे बचाने के लिए सरना और सनातन को एक होना होगा। आज आदिवासी समाज का पूजा स्थल सरना है लेकिन उसे दूसरे रूप दे रहे है। हमारी मां बहन ने बेटी की इज्जत को बचाने के लिए अब लोगों को सेंदरा करने की जरूरत है। जब धर्म खंडित करने का प्रयास करेगा तो अब लोगों को सेंदरा करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज लोग गाय पालना भूल गए हैं और कुत्ता पाल रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि गाय पाले और गौ माता की पूजा करें एवं अपनी संस्कृति को बचाए रखें।

## चमातू में जन जागरण सांस्कृतिक महोत्सव के माध्यम से भाजपा ने दिखायी शक्ति

# दमखम के साथ उभर कर आ रहा है चेतलाल का युवा चेहरा


अतिथियों को सम्मानित करते चेतलाल रामदास।

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ के चमातू में गुरूवार को जन जागरण सांस्कृतिक महोत्सव सह लोक नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। भलें हीं कार्यक्रम में पार्टी का कोई बड़ा नेता सरीक नहीं हुआ लेकिन कार्यक्रम में पुरे जिले से हजारो की संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम के माध्यम से सरना-सनातन धर्म के लोग एक मंच पर लाने व जोड़ने का हर सफल रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरना-सनातन एक हीं है, हमारे वेद व ग्रंथों में प्रकृति पूजा का उल्लेख है। लेकिन राजनीतिक षड़यंत्र के तहत दोनो को अलग करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ऐसा होने नहीं दिया जायेगा। इस दौरान मंच से लव जिहाद, धर्मांतरण, घुंसपैठ व बढ़ती जनसंख्या पर गहन चिंता व्यक्त की गयी साथ हीं इस पर लगाम लागने के लिए एकजुट होकर सामुहिक पहल करने की बात कही गयी।

### सरना-सनातन को संगठित करने पर दिया गया बल : चेतलाल रामदास

बता दें कि उक्त कार्यक्रम का सारा दारोमदार जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह के साथ भाजपा के युवा चेहरे चेतलाल राम दास पर था। जिन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पुरी ताकत झोंक दी व पुरे जिले के भाजपा के सभी मंच मोर्चा के साथ सनातन व सरना धर्म को एक मंच पर लाने में सफल रहे। जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह कार्यक्रम में भाजपा के सभी मंच मोर्चा को एकत्र करने में सफल रहे। इस प्रकार का कार्यक्रम में जिले में पहली बार होने से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है व ग्रामीण क्षेत्र से भाजपा के लिए एक युवा चेहरा चेतलाल रामदास पुरी दमखम के साथ उभर कर सामने आया है। कार्यक्रम के बाद अब जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक चेतलाल रामदास की चर्चाएं होने लगी है और लोग उनके बारे में जानने को लेकर उत्सुक दिख रहे हैं। राजनीतिक पंडित इसे भाजपा की आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी से भी जोड़कर देखने लगे हैं और कड़ाके की ठंड में राजनीतिक सरमर्गी बढा दिया है साथ हीं लातेहर विधानसभा के कई दावेंदारों के निंद भी उड़ा दिया है। कार्यक्रम की सफलता के बाद विपक्षी दावेदारों की धड़कने बढ़ गयी है। अगर इसी प्रकार युवा चेतलाल का कद बढ़ता रहा तो निश्चित तौर पर जिले के लिए एक युवा चेहरा सामने होगा, जिस पर लोग विचार करते दिखेंगे।

### संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में युवा महोत्सव


मौके पर उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** संत जेवियर में राष्ट्रीय युवा महोत्सव सह विवेकानंद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी के दिन स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। कॉलेज में इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन व विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। प्राचार्य फादर डॉ एम के जोश ने कहा धर्म, मानवता, स्वतंत्रता, वेदांत दर्शन जैसे कई विषयों के मार्गदर्शक रहे विवेकानंद भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता थे। विद्यार्थी पेत्रुस आइंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संदेश है कि जबतक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति करो, इसी संकल्प के साथ युवा पीढ़ी को आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो मैक्सेनसियुस कुजूर सिस्टर कैशलीन जूलियट प्रो कीर्ति मिंज प्रो नेहा मिंज प्रो मन्नु कुमार शर्मा प्रो रश्मि सुमन प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग प्रो रोस एलिस प्रो सुबोध मिंज प्रो स्मिता प्रो राजीव महतो प्रो सुभास सामंत प्रो जाफर इकबाल प्रो दिव्य शोभा व सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### फुलसू पंचायत सचिवालय मे औद्योगनी सेंटर का हुआ उद्घाटन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत सचिवालय मे औद्योगनी सेंटर का उद्घाटन राज्य स्तरीय औद्योगनी टीम विकास शर्मा, अमित कुमार, मुखिया तेतरी देवी, डीपीएम धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर गुरुवार को किया। हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया व बाल विकास सामाजिक सुरक्षा परियोजना के तहत संचालित कार्यक्रम के तहत सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत करने के उदेश्य से औद्योगनी सेंटर का उद्घाटन किया गया है। उद्घाटन के मौके पर क्षेत्र समन्यवक उगेश्वर प्रजापति ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया की तेजस्वीनी परियोजना का मूल उद्देश्य यह है की 14 से 24 वर्ष के आयु वाले युवती किशोरियों को कौशल प्रशिक्षण के चार मॉड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। टीएसपी ट्रेनिंग सर्विस प्रोवाइडर से उन्हें जोड़कर रोजगार तथा स्वरोजगार करने के लिए सक्षम बनाया जाता है। वर्तमान समय मे सेंटर में तीस किशोरियों को दूध उत्पादन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकते है। मौके पर सेंटर मैनेजर नरेन्द्र कुमार पांडेय, कलस्टर समन्वयक संदीप प्रजापति, युवा उत्प्रेरक मधु कुमारी, खुशबु, उषा, अश्मिता रानी, बिंदिया, रानी सहित अन्य युवती किशोरी उपस्थित थी।

### लाल सूरज नाथ शाहदेव की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण

## गरीबों की सेवा में समर्पित थे शाहदेव : वैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


गरीब के बीच कंबल का वितरण करते विधायक वैद्यनाथ राम व अन्य।

**चंदवा।** स्व. सूरज नाथ शाहदेव के 5 वी पुण्य के तिथि के मौके पर चंदवा प्रखंड के सिकनी स्थित लातेहार जिला ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव के आवासीय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या में गरीबा असहायों के बीच कम्बल वितरण व अन्न दान किया गया। सर्व प्रथम स्व. लाल सूरज नाथ शाहदेव के चित्र पर विधायक वैद्यनाथ राम, पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, लाल रंजन नाथ शाहदेव, लाल मोतीनाथ शहादेव व सभी अतिथियों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रधंजलि दी। इसके उपरांत विधायक वैद्यनाथ राम, गिरिनाथ सिंह व लाल सूरज नाथ शाहदेव के वंशजों के द्वारा सैकड़ो लोगो को कंबल प्रदान किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए वैद्यनाथ राम ने कहा कि स्व. लाल सूरज नाथ शाहदेव का संपूर्ण जीवन गरीबों के लिए समर्पित रहा था। हम सभी को उनके जीवनी से सीख लेकर समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। मंच संचालन मनीष पांडे के द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सरोज देवी, युवा नेता अंकित पांडेय, सतेन्द्र यादव, रवि डे, रामानन्द प्रसाद, निरंजन यादव, मोहन पांडे, नवाहिर उरांव, सरजू जिला परिषद बूढ़ेश्वर उरांव, रामप्रवेश यादव समेत सिकड़ो लोग मौजूद थे।

## बूढ़ा पहाड़ में लाटू जंगल से सात आइइडी बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

➲ नक्सल विरोधी अभियान सादो के दौरान सीआरपीएफ 112 बटालियन को मिली सफलता

**गारू।** लातेहार जिले के अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में लाटू के टोंगारी जंगल से सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए 7 बारूदी सुरंगों को बरामद कर नष्ट कर दिया है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ 112 बटालियन के द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान सादो के दौरान बुधवार को यह सफलता मिली। जानकारी के अनुसार 112वीं वाहिनी की डी कंपनी और वाहिनीं एसएटी, बीडीडीएस और डॉग स्क्वायड के द्वारा सिविल पुलिस प्रतिनिधि के साथ प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट 112 बटा., नरेंद्र सारण, द्वितीय कमान अधिकारी, राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट के कमान में बारेसाड़, थाना के अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लाटू गांव के जंगलों में विशेष आपरेशन SADO चलाया गया। अभियान के दौरान बीडीडीएस व डॉग स्क्वायड में टावर ढुंगारी पहाड़ी पर दो अलग-अलग जगह पर कुल 7 आइइडी (IED) बम सर्च किया जिसे बीडीडी के द्वारा बर्बाद कर दिया। उसी दौरान मिट्टी में दबा हुआ माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाया गया 3-3 लीटर वाले कुकर में 06 नग बस(आइइडी) बरामद हुआ जिसको बीडीडीएस टीम द्वारा बर्बाद करने के पश्चात पार्टी और सर्च करते हुए आगे बढ़ी तो पगडंडी के बीच मिट्टी में दबा हुआ एक और 05 किग्रा का सिलिंडर बम (आइइडी) बरामद हुआ जो उसे भी बीडीडीएस टीम द्वारा बर्बाद किया गया। पहली जगह पर 6 कुकर बम और दुसरी जगह पर 1 सिलेण्डर बम को डॉग स्क्वायड ने सर्च किया जिसे उसी जगह बर्बाद कर दिया गया। बता दें कि सुरक्षाबलों के लिए यह एक बडी उपलब्धि है। टावर ढुंगारी का क्षेत्र जो बूढ़ा पहाड़ का ही हिस्सा और बूढ़ा पहाड़ के लिए आवागमन का रास्ता है, इसलिए इस हिस्से में आइइडी काफी संख्या में नक्सल द्वारा लगाया गया है। सुरक्षा बल इस रास्ते से किसी बड़े आपरेशन को न लांच करे इसलिए इधर बडी संख्या में आइइडी बम लगाया गया है ताकि सुरक्षाबल को नुकसान पहुँचाया जा सके। सुरक्षाबल ने इस अभियान को बिना किसी नुकसान के पूरा किया और किसी ग्रामीण या जंगली जानवरों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना पर लातेहार पुलिस को मिली कामयाबी

# पुलिस ने जेजेएमपी के तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक बार फिर जेजेएमपी उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी स्फलता हासिल हुई है। दरअसल जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केड़ के आस-पास एकत्रित होकर कोई अप्रत्याशित घटना को अंजाम देने वाले है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय लातेहार के द्वारा एक टीम गठित किया गया। जिसके उपरांत प्राप्त सूचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए ग्राम केड के कॉलोनी टोला में दक्षिण दिशा की ओर करीब दो सौ मीटर की दूरी पर ढोढी टोंगरी के पास प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के जोनल कमांडर विकास कुमार उर्फ मिथुन लोहरा उम्र करीब 23 वर्ष, पिता अखिलेश मिस्त्री ग्राम बारीडीह, थाना और जिला लातेहार एवं उनके सहयोगी प्रकाश महतो 22, पिता राजेंद्र राम, कैरो कुम्हार टोला, जिला लोहरदगा, संजीत महतो 22, पिता प्रभु महतो, थाना चंदवा, जिला लातेहार को पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केड़ में लेवी वसूलने आए थे।

### नक्सलियों के पास से मिले कट्टा और कारतूस

गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस को एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकल बरामद हुआ है।

### छापामारी दल में शामिल प्रशासनिक पदाधिकारी

छापामारी दल में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, छिपादोहर थाना के पुअनि काशी महली, पुअनि रंजित राम, पुअनि दिव्य प्रकाश, पुअनि नारायण यादव, आरक्षी अमोल कुमार राम, कमलेश पासवान, काशीनाथ कुम्हार के साथ साथ आईआरबी के जवान शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## चीन का मुकाबला सिर्फ छोटे कारोबारी कर सकते हैं : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार की चीन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि 20 सैनिकों की शहादत के बाद चीन से आयात में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और अब जो माहौल है उसे देखते हुए चीन का मुकाबला सिर्फ छोटे कारोबारी ही कर सकते हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'चीन से मुकाबला प्रधानमंत्री के 'अरबपति मित्र' नहीं, भारत के छोटे उद्योग कर सकते हैं, देश के करोड़ों युवाओं को रोजगार दे कर। लेकिन 21वीं सदी के कौरवों की आंखों पर लालच और अहंकार की पट्टी है, न प्रगति की सोच है, न दृष्टिकोण।'

## नुपुर शर्मा को मिला गन लाइसेंस

**नयी दिल्ली।** भाजपा की निलंबित नेता नुपुर शर्मा कुछ दिनों पहले काफी चर्चा में थीं और अब एक बार फिर से वो सुर्खियों में आ गई हैं। टीवी डिबेट के दौरान विवादित टिप्पणी करने वाली नुपुर शर्मा को अब हथियार रखने का लाइसेंस मिल चुका है।

## पूर्व वित्त सचिव के ठिकानों पर छापा

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम के ठिकानों की तलाशी ले रही है। सीबीआइ ने यह कार्रवाई कथित भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में की है। पूर्व वित्त सचिव पर करेंसी छपाई के लिए दिए गए टेंडर में अनियमितता का आरोप है।

## केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का ट्विटर अकाउंट हैक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का गुरुवार को ट्विटर अकाउंट हैक हो गया। अकाउंट हैक होने के बाद अनचाहे ट्वीट-रीट्वीट हो होने लगे। मंत्री ने इस समस्या को ठीक करने के लिए ट्विटर से मदद मांगी है।

## सेंसेक्स 150 अंक टूटा

**मुंबई।** गुरुवार को सेंसेक्स 150 अंक लुढ़ककर 59,958 अंकों पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 38 अंकों की गिरावट के साथ 17,858 अंकों पर बंद हुआ।

## नेपाल में बिहार के दो मजदूरों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के पर्सा जिले में दो भारतीय मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों कमरे में कोयला जलाकर सो गए थे। दोनों लोगा बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले थे।

## कुछ मसलों का हल निकला, चीन से बातचीत जारी

# एलएसी पर हालात कंट्रोल में : सेना प्रमुख

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि देश की उत्तरी सीमाओं पर हालात काबू में, लेकिन अप्रत्याशित हैं।

हमें सात में से पांच मुद्दों को हल करने में कामयाबी मिली है। सैन्य और राजनयिक दोनों लेवल पर बातचीत भी जारी है। चीन का नाम लिए बगैर सेना प्रमुख ने कहा कि वे एलएसी की मौजूदा स्थिति को बदलने के लिए हो रही किसी भी कोशिश को नाकाम करने में सक्षम हैं। इसके लिए उनके पास मजबूत सेना और हथियार मौजूद हैं। सेना प्रमुख जनरल पांडे ने नई दिल्ली में 15 जनवरी को मनाए जाने वाले आर्मी डे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इस बार ये इसलिए भी खास है, क्योंकि यह आजादी का 75वां साल है।



### भारतीय सेना में 5 बड़े बदलाव हो सकते हैं

मनोज पांडे ने कहा, हमने भारतीय सेना में परिवर्तन करने का फैसला लिया है। और यह बदलाव 5 डोमेन में होगा। जिसमें फोर्स की रिस्ट्रक्चरिंग, ऑप्टिमाइजेशन, मॉडर्नाइजेशन, टेक्नोलॉजी इन्फ्यूजन और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट फिलॉसफी जैसे डोमेन शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर में ठीक से चल रहा संघर्ष विराम

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने बताया कि जहां तक जम्मू-कश्मीर की स्थिति का सवाल है, फरवरी 2021 में हुआ संघर्ष विराम अच्छी तरह से चल रहा है, लेकिन, आतंकवाद और आतंकी ढांचे को पाकिस्तान से अभी भी सपोर्ट मिल रहा है।

### पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में शांति है...

पूर्वोत्तर के हालात पर सेना प्रमुख ने कहा- आर्थिक गतिविधियों और विकास की पहल के अच्छे परिणाम मिले हैं। हमारी पूर्वी कमान के उलट चीनी सैनिकों की संख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन हम कड़ी नजर रख रहे हैं। हम डोकलाम और वहां हो रही सभी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। हमारे पास आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन भी है जो युद्ध की स्थितियों से निपटने में मदद करेगा। यह देश के विभिन्न मार्शल आर्ट का एक कम्बाइंड फॉर्म है।

### जरूरत पड़ी तो जोशीमठ से औली शिफ्ट करेंगे

जोशीमठ भू-धंसाव पर पांडे ने कहा- सेना की 25-28 इमारतों में मामूली दरारें आ गई हैं। सैनिकों को अस्थायी रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें औली में स्थाई तौर पर तैनात करेंगे। जोशीमठ से माणा जाने वाली रोड पर कुछ दरारें हैं। इससे हमारे ऑपरेशन्स पर कुछ असर नहीं पड़ा है। जहां तक स्थानीय लोगों को मदद पहुंचाने की बात है तो हमने अपने अस्पताल, हेलीपैड आदि सिविल प्रशासन को दिए हैं, जिससे वे लोगों को अस्थाई तौर पर विस्थापित कर सकें।

## भोपाल गैस त्रासदी : क्यूरेटिव याचिका पर 'सुप्रीम' सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के लिए मुआवजे की रकम बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा दायर की गई क्यूरेटिव याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों वाली संविधान पीठ ने सभी पक्षों की दलीलों को सुना। इस याचिका पर संविधान पीठ ने पिछले तीन दिनों से लगातार सुनवाई की है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 1984 में हुई त्रासदी के पीड़ितों को और मुआवजा दिलाने के लिए पहले हुए समझौते को दोबारा खोलना चाहती है। इस बाबत केंद्र ने क्यूरेटिव याचिका दाखिल की है।

## छह यूट्यूब चैनल बैन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर फेक न्यूज फैलाने और भ्रामक जानकारी देने वाले यूट्यूब चैनलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने इस मामले में गुरुवार को छह यूट्यूब चैनलों को बैन कर दिया। इन चैनलों पर फर्जी खबर चलाई जा रही थी और लोगों को गुमराह किया जा रहा था। ब्लॉक किए गए सभी चैनलों ने चुनावों, सुप्रीम कोर्ट और संसद में कार्यवाही और केंद्र सरकार के कामकाज के बारे में गलत खबर और भ्रामक जानकारी फैला रहे थे।

## सावधान! शीतलहर और कोहरे की चपेट में आयेगा उत्तर भारत

### माइनस 4 डिग्री तक गिर सकता है पारा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत भीषण ठंड की चपेट में है। रात में कोहरा तो दिन में सर्द हवाओं से लोग परेशान हैं। बीते दो दिनों से भले ही कुछ राहत मिली हो, लेकिन एक मौसम विशेषज्ञ ने आने वाले दिनों के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। मौसम विशेषज्ञ ने कहा है कि 14 से 19 जनवरी तक उत्तर भारत भीषण शीतलहर की चपेट में होगा। विशेष तौर पर 16 से 18 जनवरी के बीच ठंड अपने चरम पर होगी और मैदानी इलाकों का पारा माइनस 4 डिग्री सेल्सियस से लेकर दो डिग्री तक गिर सकता है। उन्होंने कहा है कि मैंने पूरे अपने करियर में पूर्वानुमान के मॉडल में इतना कम तापमान नहीं देखा है।

**अधिकतम तापमान में हो सकती है बड़ी गिरावट :** मौसम विशेषज्ञ ने कहा कि आने वाले तीन दिनों में मौसम में बदलाव शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, अभी कोहरा तापमान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकतम तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है और यह सिंगल डिजिट तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही शीतलहर चरम पर होगी। उन्होंने कहा, जनवरी के शुरूआती 11 दिन में ऐतिहासिक ठंड पड़ी है। अगले कुछ दिन और भी ज्यादा ठंडे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, जनवरी 2023 ऐतिहासिक रूप से ठंडा हो सकता है।

**हो सकती है बूंदाबांदी :** मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी यूपी और उत्तरी राजस्थान में भी अगले कुछ दिनों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है।

### चेतावनी जारी



मौसम विभाग ने दिल्ली व आसपास के इलाकों में बर्फीली ठंड की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के मुताबिक, 23 साल में तीसरी सबसे ज्यादा ठंड महसूस की जा रही है। मौसम वैज्ञानिक जेनामनी ने 2006 में इसी तरह की स्थिति का अनुभव किया गया था जब सबसे कम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 2013 में भी इसी तरह की ठंड थी।

## रामसेतु पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की मांग वाली सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्र सरकार को फरवरी के पहले सप्ताह तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। सीजेआइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को स्वामी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद सरकार को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया। कोर्ट अगली सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में करेगी। स्वामी ने दलील देते हुए कहा



कि केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने 12 दिसंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को वचन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा अदालत के समक्ष दिये गये वचन का पालन नहीं करने पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव को समन जारी करने की मांग की, लेकिन उनकी इस गुहार को अस्वीकार कर दिया।

## दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 5.72% पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई दर एक साल के सबसे निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई है। दिसंबर लगातार दूसरा महीना है जिसमें खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 (+/-2) फीसदी के टॉलरेंस बैंड के भीतर आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 6.77 प्रतिशत और नवंबर में 5.88 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति नवंबर के 6.09% से घटकर दिसंबर में 6.05% हो गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 5.39% रही।

## विकसित देशों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्द्ध के 120 से अधिक देशों का पहला शिखर सम्मेलन गुरुवार को शुरू हुआ जिसकी मेजबानी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका आह्वान किया कि वे अपने विकास के मुद्दों पर एक आवाज बनें तभी वैश्विक एजेंडा एवं व्यवस्था में उनके हितों को जगह मिल पाएगी। मानव केंद्रित विकास के लिए प्रथम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के वर्चुअल आयोजन में मोदी ने 10 देशों के शिखर नेताओं के साथ आरंभिक सत्र में शिरकत की। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरूआत करते हुए कहा कि विश्व को पुनः ऊर्जा प्रदान करने के लिए



हमें एकजुटता से 'रिस्पॉन्ड, रिकॉग्नाइज, रिस्पेक्ट एवं रिफार्म' के वैश्विक एजेंडा बनाने की आवाज उठानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वैश्विक दक्षिण के नेतृत्व की आवाज से स्पष्ट हो गया है कि मानव केन्द्रित विकास विकासशील देशों की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। इसने हमारी समान चुनौतियों को भी रेखांकित किया है, जिनमें हमारी विकास जरूरतों के लिए संसाधनों की कमी, प्राकृतिक जलवायु और भूराजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अस्थिरता शामिल हैं। इसके बावजूद विकासशील देश सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि 20 वीं शताब्दी में विकसित देशों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया।

## मेलबर्न में खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर में की तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बाप्स स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार की सुबह मेलबर्न के उत्तरी उपनगर मिल पार्क में बाप्स स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया और तोड़फोड़ की। साथ ही मंदिर की दीवारों पर विरोधी नारे भी लिखे गए। मंदिर की दीवारों पर लिखे नारे में खालिस्तानियों ने आतंकी जरनैल सिंह भिंडरांवाले को 'शहीद' बताया और उसकी प्रशंसा भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंदिर की दीवारों पर विनाश और घृणा के स्तब्ध करने वाले नारे लिखे गए।

## बक्सर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के काफिले पर पथराव

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में गुरुवार को पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को आक्रोशित किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। केंद्रीय मंत्री बनारपुर मैदान में भाषण दे रहे थे। इस बीच गुस्साये किसानों ने कहा कि हम आपका भाषण सुनने नहीं आए हैं। जब अत्याचार हो रहा था तो कहां थे! इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने अश्विनी चौबे को भीड़ से बचाने के लिए निकालने में ही भलाई समझी। जब काफिला जाने लगा तो किसी युवक ने गाड़ी पर रोड़ा भी चला दिया, हालांकि इस रोड़े से किसी को चोट नहीं आई। मालूम हो कि चौसा में निमार्णाधीन थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के उचित मुआवजे की मांग पर 85 दिनों से धरना दे रहे किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया था। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से लैस होकर पावर प्लांट पर धावा बोल दिया। देखते ही देखते 11 गाड़ियां फूंक डालीं। इनमें पुलिस बसें, फायरब्रिगेड और एंबुलेंस शामिल थी।

## जोशीमठ में दरकते होटलों को जमींदोज करने का काम शुरू, 760 घरों में पड़ीं दरारें

**जोशीमठ (चमोली)।** जोशीमठ शहर में असुरक्षित भवनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक कुल 760 भवन चिह्नित किए जा चुके हैं।

सीबीआरआई की टीम ने सोमवार को मलारी इन और माउंट व्यू होटल का सर्वे किया था। गुरुवार को होटल माउंट व्यू को ढहाया जा रहा है। इन होटलों को अत्यधिक क्षति पहुंची है, लेकिन इस बीच यहां लोगों का भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। होटल को डिस्मेंटल करने



के लिए एक हफ्ता लगेगा, इसके लिए दिन रात काम किया जाएगा।

डीएम हिमांश खुराना ने होटल मलारी इन व माउंट व्यू को आम जन मानस की सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल ध्वस्त किए जाने के आदेश जारी किए थे। जोशीमठ में होटल को तोड़ने जाने की कार्रवाई शुरू गई है। जोशीमठ में बीते मंगलवार को ही होटल माउंट व्यू और मलारी इन को ध्वस्त किया जाना था, लेकिन होटल स्वामियों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया।

## पुतिन ने टॉप कमांडर सर्गेई सुरोविकिन को हटाया

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को सालभर होने वाले हैं, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकल सका है। पहले कुछ ही हफ्तों में रूस द्वारा युद्ध जीत जाने की संभावना थी, जोकि पूरी नहीं हो सकी। यूक्रेन से अधिक ताकत होने के बावजूद जीत नहीं मिलने से अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नई चाल चली है। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के लिए तीन महीने पहले नियुक्त किए गए टॉप कमांडर सर्गेई सुरोविकिन को हटा दिया है। सर्गेई को उनके अतीत में युद्ध लड़ने की वजह से 'कसाई' की पहचान मिली थी। अब पुतिन ने सर्गेई को हटाकर जनरल वालेरी गेरासिमोव को 'स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन' के लिए नियुक्त किया है। यूक्रेन से पिछले कई महीनों में रूस को कड़ी टक्कर मिली है। हालांकि, रूस का दावा है कि उसने हाल में पूर्वी यूक्रेन में अब प्रगति कर ली है और ज्यादा ताकतवर हो गया है। रूस के नए कमांडर गेरासिमोव पर अब यूक्रेन को पराजित करने की जिम्मेदारी होगी।

## तापसी की फिर आई हसीन दिलरुबा का पोस्टर रिलीज

तापसी पन्नू की फिल्म 'हसीन दिलरुबा' के सीक्वल को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में तापसी का लुक देख फैंस काफी हैरान हैं। पोस्टर में तापसी का लुक देख फैंस की एक्साइटमेंट भी फिल्म को लेकर काफी बढ़ गई है। पोस्टर इतना अट्रेक्टिव है कि फैंस अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। तापसी ने अपने एक्टिंग करियर में कई ऐसे किरदार निभाए हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। 'हसीन दिलरुबा' में बिंदास लड़की का रोल निभाकर भी तापसी ने फैंस का दिल जीत लिया था। ऐसे में तापसी की जिम्मेदारी फिल्म के सीक्वल को लेकर पहले से कई गुणा बढ़ गई है। फैंस के साथ-साथ फिल्म को लेकर तापसी खुद भी काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने फिल्म का जो पोस्टर अपने इंस्टा पर शेयर किया है उस पर फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। तापसी पन्नी ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। 'फिर आई हसीन दिलरुबा' के इस पोस्टर में एक्ट्रेस के सेंशुअल लुक पर फैंस फिदा हो रहे हैं।



# दूसरा वनडे : भारत ने श्रीलंका को चार विकेट से दी मात, सीरीज पर कब्जा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भारत ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को हराकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। कोलकाता के ईडेन गार्डेंस पर खेले गए मुकाबले को भारत ने 4 विकेट से अपने नाम किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 215 रन बनाए। टीम की पारी 40वें ओवर में ही सिमट गई। भारत ने 100 रनों के अंदर ही टॉप-4 बल्लेबाजों के विकेट खो दिये थे लेकिन इसके बाद केएल राहुल ने एक छोर संभाल लिया। उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और अंत में भारत ने मैच को 4 विकेट से अपने नाम कर लिया।

### कुलदीप और सिराज की दमदार गेंदबाजी

डेब्यू कर रहे सलामी बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो (50) और कुसाल मेंडिस (34) की पारियों से एक समय श्रीलंका की टीम एक विकेट पर 102 रन बनाकर अच्छी स्थिति में होने के बावजूद 39.4 ओवर में आउट हो गई। कुलदीप यादव को युजवेंद्र चहल के दाएं कंधे में सूजन के कारण बाहर होने पर खेलने का मौका दिया गया। कुलदीप ने श्रीलंका के मध्यक्रम को ध्वस्त किया। मेहमान टीम ने बीच में 43 गेंद में पांच विकेट गंवाए जिससे सपाट पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उसकी उम्मीद टूट गई। पीठ में जकड़न के कारण फॉर्म में चल रहे पथुम निसंका के बाहर होने पर पारी का आगाज करने वाले नुवानिदु अच्छी लय में दिखे और उन्होंने मेंडिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े। इससे पहले सिराज ने छठे ओवर में अंदर आती गेंद पर अविष्का फर्नांडो (20) को बोल्ड करके भारत को पहली सफलता दिलाई। नुवानिदु और मेंडिस ने इसके बाद स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। कुलदीप ने मेंडिस को एलबीडब्ल्यू करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि एक गेंद बाद अक्षर पटेल ने धनंजय डिसिल्वा (0) को बोल्ड किया। नुवानिदु को शुभमन गिल ने रन आउट किया। कुलदीप ने इसके बाद शनाका और चरित असलंका (15) को आउट करके श्रीलंका का स्कोर 6 विकेट पर 126 रन किया। दुनिथ वेलालागे (32) और वानिंदु हसरंगा (21) ने निचले क्रम में उपयोगी पारियां खेलकर टीम को 215 रनों तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे कुलदीप ने 51 जबकि सिराज ने 30 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। उमरान मलिक ने भी दो विकेट हासिल किए।



- केएल राहुल ने खेली 64 रनों की नाबाद पारी
- भारत ने श्रीलंका को दूसरे वनडे में 4 विकेट से हराया
- केएल राहुल की जुझारू पारी से हारते-हारते जीता भारत, गेंद से कुलदीप और सिराज चमके
- मैन ऑफ द मैच कुलदीप यादव




## आज से शुरू होगा हॉकी का महाकुंभ




**भुवनेश्वर।** हॉकी जगत के शीर्ष आयोजन एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आगाज शुक्रवार को कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ होगा। भारत चौथी बार और लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। साल 2018 में जब 16 टीमें भुवनेश्वर में खिताब के लिये भिड़ी थीं तब बेल्जियम और नीदरलैंड ने सभी चुनौतियों को पार करते हुए फाइनल में जगह बनायी थी, जबकि बेल्जियम ने खिताबी मुकाबला जीतकर विश्व कप अपने नाम किया था। इस बार विश्व कप में मेजबान भारत, वेल्स, इंग्लैंड, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, चिली, मलेशिया, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कोरिया, जापान, गत उपविजेता नीदरलैंड और गत विजेता बेल्जियम सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा बार विश्व कप के खिताब जीते हैं, हालांकि इस बार टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है। भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता है। भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम एक बार फिर विश्व कप मुकाबलों का साक्षी बनेगा। ओडिशा के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की नींव तत्कालीन मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने 1978 में रखी थी।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !